
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या, प्रयागराज, मिर्जापर, गोरखपुर, बरेली, बुंदेलखंड, उत्तराखंड, देहरादून

लखनऊ, सोमवार, 23 मार्च 2026
वर्ष 07, अंक 169, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद, दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़, झारखण्ड, बिहार, मध्य प्रदेश, असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

सीतापुर में 5.5 लाख की टप्पेबाजी का खुलासा, दतिया का 'लेडी गैंग' पुलिस की गिरफ्त में...03

मौसम खराब होने से ईदगाह के अलावा अन्य दस मस्जिदों में भी पढ़ी गयी ईद की नमाज...12

# 'खीर सेरेमनी' के साथ कल से दिल्ली विधानसभा का शुरू होगा बजट सत्र

● दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र 'खीर सेरेमनी' के साथ शुरू हो रहा है, जिसमें मुख्यमंत्री रेखा दूसरा वार्षिक बजट पेश करेंगी. सत्र में सीएजी व अन्य कमेटियों की रिपोर्टें भी प्रस्तुत की जाएंगी.

● हालांकि, निलंबित आप विधायकों के मुद्दे पर विपक्ष ने बॉयकॉट की चेतावनी दी है, जिससे सत्र में राजनीतिक गहमागहमी बनी रहने की संभावना है



दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र 'खीर सेरेमनी के साथ सोमवार से आरंभ होगा. अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता 'खीर सेरेमनी में शामिल होंगी. प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह 9:30 बजे मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता शहीद भगत सिंह को पुष्पांजलि देंगी. सुबह 9:45 बजे से विधानसभा में खीर सेरेमनी की शुरुआत होगी। बजट पेश होने से पहले मुंह मीठा करने की परंपरा निभाई जाएगी। मौके पर विधानसभा परिसर में ही खीर तैयार होगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ कैबिनेट मंत्री और सभी विधायक मौजूद रहेंगे. बजट सत्र से पहले माहौल को प्रतीकात्मक रूप से शुभ बनाने की तैयारी है।

दूसरी ओर, विपक्ष की नेता आतिशी ने कहा कि अगर स्पीकर पार्टी के चार एम एल ए का सस्पेंशन रद्द नहीं करते हैं तो आप विधायक सेशन का बॉयकॉट करेंगे. इसे लेकर तकरार मचने की संभावना है।

**24 मार्च को बजट पेश करेंगी मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री, जिनके पास फाइनेंस पोर्टफोलियो भी है, 24 मार्च को अपना दूसरा सालाना बजट पेश करेंगी. उन्होंने पिछले साल दिल्ली के लिए अपना पहला बजट एक लाख करोड़ रुपये का पेश किया था।

सत्र के पहले दिन कंट्रोलर एंड ऑडिटर जनरल (सीएजी) की दिल्ली के फाइनेंस, रेवेन्यू, बच्चों की देखभाल की जरूरत, दिल्ली जल बोर्ड वगैरह के ऑडिट से जुड़ी कई रिपोर्ट भी पेश की जाएंगी।

पब्लिक अकाउंट्स कमेटी और प्रिविलेज कमेटी की रिपोर्ट भी हाउस में पेश की जाएंगी. हाउस की लिस्ट ऑफ़ बिजनेस में कहा गया है कि सदस्य रूल 280 के तहत अपने चुनाव क्षेत्रों के मुद्दे भी उठाएंगे.

**विपक्ष ने बॉयकॉट करने की दी धमकी**

इससे पहले दिन में विपक्ष की नेता आतिशी ने कहा कि अगर स्पीकर पार्टी के चारएम एल ए का सस्पेंशन रद्द नहीं करते हैं तो आप एम एल ए सेशन का बॉयकॉट करेंगे. आप के चार एम एल ए – चीफ व्हिप संजीव झा, जरनैल सिंह, कुलदीप कुमार और सोमदत्त – को जनवरी में हुए असेंबली सेशन में हाउस की प्रोसिडिंग में 'बाधा डालने' के लिए सस्पेंड कर दिया गया था. उनका सस्पेंशन जारी है, क्योंकि हाउस की पिछली सिटिंग को प्रोरोग नहीं किया गया था।

अधिकारियों ने कहा कि आप के चार एम एल ए को पूरे सेशन के लिए सस्पेंड कर दिया गया था और अगर बजट सेशन ठीक से प्रोरोग किया जाता है तो उनका सस्पेंशन हटा दिया जाएगा।

विपक्ष की नेता ने स्पीकर विजेंद्र गुप्ता को लिखे एक लेटर में आप विधायकों के साथ हुए बर्ताव पर चिंता जताई और कहा कि यह डेमोक्रेटिक वैल्यूज या तय लेजिस्लेटिव प्रोसीजर के हिसाब से नहीं है. उन्होंने उम्मीद जताई कि स्पीकर इन चिंताओं पर ध्यान देंगे और यह पक्का करेंगे कि असेंबली पहले से चली आ रही कानूनी परंपराओं के हिसाब से काम करे. उन्होंने यह भी मांग की है कि आप के चार एम एल ए का सस्पेंशन रद्द किया जाए।

# बंगाल में मुस्लिम वोट बैंक पर नजर, ओवैसी और हुमायूं मिलकर लड़ेंगे चुनाव, ममता को देंगे चुनौती

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने रविवार को ऐलान किया कि उनकी पार्टी हुमायूं कबीर की जनता उन्नयन पार्टी के साथ मिलकर पश्चिम बंगाल में आने वाले विधानसभा लड़ेगी। ओवैसी ने कहा कि वह 25 मार्च को कोलकाता में हुमायूं कबीर के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे, हालांकि, उन्होंने दोनों पार्टियों के बीच सीट-शेयरिंग फॉर्मूले के बारे में कुछ भी ऐलान नहीं किया मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद के शिलान्यास को लेकर ममता बनर्जी से हुमायूं कबीर की अनबन हो गयी थी। उसके बाद तृणमूल कांग्रेस ने विधायक हुमायूं कबीर को पार्टी से निकाल दिया था।

तृणमूल कांग्रेस से निकाले जाने के बाद हुमायूं कबीर ने पिछले साल दिसंबर में आने वाले पश्चिम बंगाल असेंबली इलेक्शन से पहले अपनी खुद की पॉलिटिकल पार्टी बनाने का ऐलान किया. आम जनता उन्नयन पार्टी नाम की इस नई पार्टी ने खुद को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी पार्टी के लिए एक चैलेंजर के तौर पर खड़ा किया है।

**ममता के खिलाफ उतारा मुस्लिम उम्मीदवार**

कबीर ने बताया कि उनकी पार्टी पूरे राज्य में 182 सीटों पर चुनाव लड़ने का इरादा रखती है. अपनी स्ट्रैटेजी के तहत, पार्टी खास भवानीपुर सीट पर बनर्जी बनर्जी के खिलाफ एक मुस्लिम कैंडिडेट पूनम बेगम को उतारा है. जिससे भवानीपुर विधानसभा सीट पर मुकाबला जोरदार हो गया है, क्योंकि इस सीट पर पहले से ही सुवेंदु अधिकारी ममता बनर्जी को चुनौती दे रहे हैं। हुमायूं कबीर ने मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद जैसी एक मस्जिद बनाने का भी वादा किया। उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट के लिए फंड इकट्ठा करने की कोशिशें पहले से ही चल रही हैं।

**मुस्लिम वोट बैंक पर नजर**

कबीर ने 15 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की थी. बुधवार को, पार्टी ने 15 उम्मीदवारों की अपनी पहली लिस्ट जारी की. कबीर खुद मुर्शिदाबाद जिले की दो सीटों- रेजिनगर और नौदा- से चुनाव लड़ेंगे, जो भरतपुर से हटकर है, यह सीट उन्होंने पहले टीएमसी उम्मीदवार के तौर पर जीती थी।

2011 की जनसंख्या के अनुसार पश्चिम बंगाल में करीब 27 फीसदी मुस्लिम है, हालांकि अब यह माना जा रहा है कि मुस्लिम आबादी बढ़कर 30 फीसदी से अधिक हो गयी है. पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती इलाकों के कई जिले मुस्लिम बहुल हैं. पिछले चुनावों में मुस्लिम समुदाय ने ममता बनर्जी का खुलकर समर्थन किया है और मुस्लिम ममता के साथ खड़े रहे हैं।

ऐसे में ओवैसी और हुमायूं साथ आने पर क्या मुस्लिम वोट बैंक बंटेंगे? यह बड़ा सवाल है। हालांकि हाल में बिहार चुनाव और महाराष्ट्र निकाय चुनाव में ओवैसी की पार्टी का अच्छा प्रदर्शन रहा है। 294 सदस्यों वाली पश्चिम बंगाल विधानसभा के लिए चुनाव 23 अप्रैल और 29 अप्रैल को दो चरणों में होने हैं. वोटों की गिनती 4 मई को होगी।

**हुमायूं के साथ चुनाव लड़ने पर क्या बोले ओवैसी?**

ओवैसी ने कहा, 'एआईएमआईएम ने पश्चिम बंगाल चुनाव के लिए जनता उन्नयन पार्टी के साथ गठबंधन करने का फैसला किया है. हम एआईएमआईएम को मजबूत करना चाहते हैं और यह पक्का करना चाहते हैं कि देश के हर कोने में हमारे उम्मीदवार कामयाब हों, और विधानसभा में गरीबों और दबे-कुचले लोगों की आवाज उठाएं। उन्होंने कहा कि बंगाल में 5 लाख पिछड़ी कैटेगरी के सर्टिफिकेट कैंसिल कर दिए गए हैं, जिनमें से ज्यादातर मुसलमानों के हैं. जुल्म की भी कई कहानियां हैं. वे सेक्युलरिज्म के नाम पर वोट हासिल करते हैं लेकिन जब मजलिस हिस्सेदारी और रिप्रेजेंटेशन की वकालत करती है, तो उन्हें यह पसंद नहीं आता।


## संक्षिप्त ख़बरें

### सरकारी अस्पताल में मां का इलाज कराने आए युवक ने काटा हंगामा




**लालगंज (रायबरेली)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के दौरान एक युवक ने हंगामा कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस से भी उसने हाथापाई की। बाद में पुलिस ने उसे काबू कर लिया। पांडेपुर मजरे सराय बैरिहाखेड़ा गांव निवासी सुरेश कुमार यादव शुक्रवार देर रात अपनी मां शांती देवी का इलाज कराने सीएचसी आया था। किसी बात को लेकर उसकी स्वास्थ्य कर्मियों से बहस हो गई। देखते ही देखते मामला बढ़ गया और युवक ने हंगामा शुरू कर दिया। मौके पर मौजूद लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को समझाने का प्रयास किया। लेकिन वह शांत नहीं हुआ। आरोप है कि वह पुलिसकर्मियों से धक्का मुक्की और मारपीट पर उतारू हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक युवक काफी आक्रोश में था। स्थिति बिगड़ती देख अतिरिक्त पुलिस बल बुलानी पड़ी। तब जाकर टीम ने उसे पकड़कर शांत कराया। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई की गई है।

### लिटिल स्कॉलर्स प्ले स्कूल का शुभारंभ




**सीतापुर-** होली नगर, सीतापुर में लिटिल स्कॉलर्स नाम से नया प्ले स्कूल शुरू किया गया है। स्कूल की स्थापना दीपा शुक्ला ने की है।

ज्ञानवती जी प्रसिद्ध लेखिका ने फेसबुक पोस्ट में लिखा है कि नन्हे बच्चों के बीच अपना बचपन फिर से जी लिया। उन्होंने बताया कि उनकी होनहार छात्रा दीपा ने लिटिल स्कॉलर्स नाम से विद्यालय स्थापित किया है। उद्घाटन समारोह में ज्ञानवती जी और भूपेंद्र जी अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में पूजा-अर्चना, फूल-मालाओं से स्वागत, बच्चों के साथ गतिविधियाँ और सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल थे।

# वन विभाग व एसएसबी की संयुक्त छापेमारी, शीशम-सागौन लकड़ी समेत एक तस्कर गिरफ्तार




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** जिले में अवैध लकड़ी तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए वन विभाग बरहवा रेंज और सशस्त्र सीमा बल सीरिया नाका की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम होमपुर गनेशपुर में छापेमारी की। इस दौरान भारी मात्रा में अवैध लकड़ी और लकड़ी काटने के उपकरण बरामद किए गए तथा एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। क्षेत्रीय वन अधिकारी बरहवा रेंज बृजेश सिंह परमार ने बताया कि मुखबिर की सूचना के आधार पर संयुक्त टीम ने ग्राम होमपुर गनेशपुर में दबिश दी। छापेमारी के दौरान टीम ने 15 बोटा शीशम व 8 बोटा सागौन जंगली लकड़ी बरामद की, जो गनेशपुर जंगल से अवैध रूप से काटी गई थी।इसके अलावा एक मोटरसाइकिल, हाथ आरा, बसूला, एक कुल्हाड़ी और दो आरी भी बरामद की गई।छापेमारी के दौरान मौके पर मौजूद दो आरोपियों में से अफजाल पुत्र अजीमुल्ला को टीम ने दबोच लिया, जबकि उसका एक साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। फरार आरोपी की तलाश जारी है। वन अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी अफजाल को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। मामले में वन अधिनियम के तहत विधिक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि जिले में अवैध लकड़ी कटान और तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे तत्वों के विरुद्ध सख्त कदम उठाए जाएंगे।

# सोनभद्र रेणुकूट में टीम निशा के डब्लू सिंह ने पेश की गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल, ईद पर उमड़ा जनसैलाब

» विरासत में मिली सेवा भावना डब्लू सिंह और परिवार ने बाँटी खुशियाँ

» स्वर्गीय शिव प्रताप सिंह बबलू भाई की परंपरा को बढ़ा रहे आगे

» सेवा, समर्पण और त्याग हर दुख-सुख के साथी



**रेणुकूट (सोनभद्र)** औद्योगिक नगरी रेणुकूट और हिंडालको परिक्षेत्र में आपसी सौहार्द और भाईचारे का महापर्व ईद-उल-फितर बेहद हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जहाँ एक ओर मस्जिदों में मुल्क की तरक्की और अमन-चैन की दुआएं मांगी गई, वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के लोकप्रिय समाजसेवी और टीम निशा के संचालक डब्लू सिंह ने अपने पूरे परिवार के साथ क्षेत्रवासियों के बीच पहुँचकर खुशियों को साझा किया। रेणुकूट और नगर पंचायत हिंडालको के आसपास के क्षेत्रों में डब्लू सिंह के परिवार की पहचान एक ऐसे व्यक्तित्व के रूप में है, जो जाति और धर्म की दीवारों को तोड़कर केवल मानवता की सेवा में विश्वास रखते हैं। ईद के पावन अवसर पर डब्लू सिंह के साथ अभय प्रताप सिंह और उनके छोटे भाई ने भी स्थानीय लोगों और छोटे बच्चों को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। क्षेत्र के युवाओं, जवानों और बुजुर्गों ने डब्लू सिंह और उनके भाइयों को देखते ही जबरदस्त उत्साह दिखाया और उन्हें अपना स्नेह व आशीर्वाद दिया।स्थानीय नागरिकों ने भावुक होते हुए कहा कि स्वर्गीय शिव प्रताप सिंह उर्फ बबलू भाई के छोटे भाई डब्लू सिंह और उनका पूरा परिवार केवल त्योहारों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि साल के 365 दिन जनसेवा के लिए तत्पर रहता है। टीम निशा के माध्यम से यह परिवार क्षेत्र में सेवा की एक नई इबारत लिख रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार क्षेत्र में किसी भी गरीब परिवार की बेटी या बहन का विवाह हो, डब्लू सिंह वहां पहुंचकर आर्थिक सहायता सुनिश्चित करते हैं। किसी भी दुर्घटना या आकस्मिक संकट के समय डब्लू सिंह और उनकी टीम सबसे पहले मदद के लिए खड़ी नजर आती है। बिना किसी भेदभाव के सेवा और समर्पण के इसी भाव के कारण आज पूरे सोनभद्र में इस परिवार की मिसाल दी जाती है। यही वजह है कि रेणुकूट के जन-जन के दिलों पर इस परिवार का राज है।त्योहार खुशियां बांटने का नाम है। हमारा क्षेत्र हमेशा से आपसी प्रेम और एकता का प्रतीक रहा है, और हम सबको मिलकर इसे इसी तरह बनाए रखना है। इंसानियत से बड़ा कोई धर्म नहीं है। डब्लू सिंह (समाजसेवी, टीम निशा) ईद के इस मौके पर हिंडालको और कानोरिया क्षेत्र में गंगा-जमुनी तहजीब का जीवंत नजारा देखने को मिला। डब्लू सिंह और उनके परिवार की मौजूदगी में समर्थकों और क्षेत्रीय नागरिकों का भारी हुजूम उमड़ा। स्थानीय लोगों ने उनके मिलनसार स्वभाव की सराहना करते हुए कहा कि समाज को आज ऐसे ही समर्पित सेवकों की आवश्यकता है जो समाज को जोड़ने और प्रेम बाँटने का कार्य करें।

# दरवाजा व सीमेंट सीटें तोड़ीं, विरोध पर महिला से मारपीट

**तालबेहट।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिजरौठा मजरा बोलारी में महिला के घर का दरवाजा और सीमेंट की सीटें तोड़ने तथा विरोध करने पर मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़िता मोहनराजा पत्नी जगभान सिंह ठाकुर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 14 मार्च की रात करीब नौ बजे वह अपनी बहन के यहां तालबेहट में रुकी हुई थीं। उसी दौरान गांव में उनके घर का दरवाजा और सीमेंट की सीटें शिवम राजा पुत्र कृष्णपाल सिंह ठाकुर ने तोड़ दीं। पीड़िता के अनुसार, घटना की जानकारी मिलने पर जब वह गांव पहुंची और इसका विरोध किया तो आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों से मारपीट की और उन्हें वहां न रहने की धमकी दी। आरोप है की आरोपी ने जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# बेसमेंट में चल रहे अस्पताल, खामोश प्रशासनः बस्ती मंडल की स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती मंडल में स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर एक बार फिर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़े हो गए हैं। शहर और आसपास के इलाकों में कई नर्सिंग होम, अस्पताल और डायग्नोस्टिक सेंटर कथित रूप से बेसमेंट में संचालित हो रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग मानो 'निरों की तरह बंसी बजा' रहा हो। आम जनमानस और पत्रकारों की बार-बार उठती आवाज़ के बावजूद मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) कार्यालय की चुप्पी कई तरह की आशंकाओं को जन्म दे रही है जानकारों का कहना है कि बेसमेंट में अस्पताल या नर्सिंग होम चलाना सुरक्षा और आपदा प्रबंधन के लिहाज से बेहद खतरनाक है। आपातकाल की स्थिति में मरीजों को बाहर निकालना कठिन हो सकता है। इसके बावजूद बस्ती और आसपास के जिलों में कई निजी स्वास्थ्य संस्थान कथित रूप से इसी व्यवस्था में संचालित हो रहे हैं। सवाल यह है कि जब यह सब खुलेआम हो रहा है तो स्वास्थ्य विभाग की निगरानी कहां है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी और उनकी टीम को इन व्यवस्थाओं की पूरी जानकारी है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर केवल औपचारिकता निभाई जाती है। यदि इस मामले में जवाबदेही तय की जाए तो प्रशासनिक स्तर पर जिम्मेदारी जिलाधिकारी तक भी जाती है, क्योंकि जिले में किसी भी अवैध या असुरक्षित गतिविधि को रोकना जिला प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी होती है।




कुछ लोग यह भी कहते हैं कि यदि किसी अधिकारी से पूछा जाए तो वह यह कहकर बच निकलता है कि 'हमें इसकी जानकारी नहीं थी।' लेकिन यह तर्क भी कई सवाल खड़े करता है–क्या पूरे जिले में चल रहे अस्पतालों और डायग्नोस्टिक सेंटरों की निगरानी का कोई ठोस तंत्र नहीं है? इस मुद्दे को और गंभीर बनाता है वह उदाहरण, जब राजधानी दिल्ली में बेसमेंट में चल रहे संस्थानों में जलभराव की घटनाओं ने बड़ा संकट खड़ा कर दिया था। ऐसी परिस्थितियों में मरीजों और स्टाफ की सुरक्षा सबसे बड़ी चुनौती बन जाती है। बावजूद इसके बस्ती मंडल में मानकों की अनदेखी कर अस्पतालों का संचालन होना चिंताजनक है।

बेसमेंट मे जमे मरीज और सहयोगी इसके अलावा कुछ पैथोलॉजी लैब और जांच केंद्रों पर भी सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि कई जगहों पर योग्य पैथोलॉजिस्ट की अनुपस्थिति में जांचें की जा रही हैं। कहीं नमूने एक शहर से दूसरे शहर भेजे जा रहे हैं, तो कहीं बिना मानक उपकरणों के जांच की जा रही है। इससे रिपोर्ट की विश्वसनीयता और मरीजों के उपचार दोनों पर खतरा पैदा हो सकता है।पत्रकारों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि जब भी इस मुद्दे को उठाया जाता है तो प्रभाव और पैसे के बल पर आवाज दबाने की कोशिश होती है। आम नागरिकों के लिए सीधे उच्च स्तर तक अपनी शिकायत पहुंचाना भी आसान नहीं है।ऐसे में सवाल उठता है कि क्या स्वास्थ्य व्यवस्था केवल कागजों में ही सुरक्षित और व्यवस्थित है? यदि मानकों का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है तो जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही?बस्ती मंडल के नागरिकों का मानना है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। बेसमेंट में संचालित सभी अस्पतालों, नर्सिंग होम और डायग्नोस्टिक सेंटरों का सर्वे कर यह सुनिश्चित किया जाए कि वे सुरक्षा और स्वास्थ्य मानकों का पालन कर रहे हैं या नहीं।स्वास्थ्य व्यवस्था सीधे आम जनता के जीवन से जुड़ी है। यदि इसी क्षेत्र में लापरवाही और अनियमितता का बोलबाला रहेगा, तो यह केवल प्रशासनिक विफलता नहीं बल्कि जनस्वास्थ्य के साथ गंभीर खिलवाड़ माना जाएगा।

अब सबसे बड़ा सवाल यही है क्या बस्ती मंडल की स्वास्थ्य व्यवस्था को सुधारने के लिए सख्त कार्रवाई होगी, या फिर यह मुद्दा भी फाइलों में दब कर रह जाएगा?

# लापरवाह ट्रैक्टर चालक ने ली युवक की जान

**सौजना पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा**

**ललितपुर।** जनपद के थाना सौजना अंतर्गत ग्राम गुन्जौरा में एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है, जहाँ तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाए जा रहे एक ट्रैक्टर-रीपर ने 26 वर्षीय युवक को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मृत युवक की माँ की तहरीर पर अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पीलीभीत जिले के थाना हजारा अंतर्गत ग्राम गिल पंजाब फार्म की निवासी रणवीर कौर ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उनका 26 वर्षीय पुत्र कुलजिन्दर सिंह खेती-किसानी के काम से क्षेत्र में था। घटना गुरुवार, 19 मार्च 2026 की रात करीब 11 बजे की है। बताया गया कि ग्राम सौजना के मजरा गुन्जौरा स्थित सुखदास अहिरवार के खेत में एक अज्ञात ट्रैक्टर व रीपर चालक ने अपने वाहन को अत्यधिक तेज गति और लापरवाही से चलाते हुए कुलजिन्दर सिंह को टक्कर मार दी। इस भीषण दुर्घटना में कुलजिन्दर की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। परिजनों को हादसे की सूचना मिलने के बाद मृतक की माँ ने शनिवार को थाना सौजना पहुँचकर लिखित तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चालक के विरुद्ध बीएनएस की धारा 281 और 106(1) के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

# अमृतसर सुसाइड केसः चंडीगढ़ में विपक्षी दलों का प्रदर्शन, सीबीआई जांच की मांग, पुलिस ने चलाए वॉटर कैनन



अमृतसर में वेयरहाउसिंग मैनेजर गगनदीप सिंह रंधावा के सुसाइड मामले को लेकर पंजाब में बड़ा राजनीतिक बवाल मच गया है. चंडीगढ़ में कांग्रेस, बीजेपी और शिरोमणि अकाली दल के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एक साथ प्रदर्शन किया. सीएम हाउस का घेराव करने के लिए जा रहे तीनों ही पार्टियों के नेताओं और कार्यकर्ताओं पर चंडीगढ़ पुलिस ने वॉटर कैनन चलाया. गगनदीप रंधावा सुसाइड मामले में बीजेपी, शिरोमणि अकाली दल और कांग्रेस ने मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर को तुरंत गिरफ्तार करने और सीबीआई जांच की मांग उठाई है। पंजाब में वेयरहाउसिंग के डिस्ट्रिक्ट मैनेजर गगनदीप सिंह रंधावा के सुसाइड केस में उनका परिवार आप सरकार के पूर्व मंत्री लालजीत भुल्लर और उनके पिता सुखदेव भुल्लर की गिरफ्तारी पर अड़ गया है. परिवार ने साफ कर दिया है कि जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जाती तब-तक वो ना तो शव का पोस्टमार्टम करवाएंगे और ना ही अंतिम संस्कार करेंगे।

**इंसाफ की मांग पर प्रदर्शन**


इसी मामले में परिवार को इंसाफ दिलाने की मांग को लेकर चंडीगढ़ में बीजेपी, कांग्रेस और अकाली दल के नेता व वर्कर प्रदर्शन करने के लिए पहुंचे और सीएम हाउस का घेराव करने के लिए आगे बढ़े। अमृतसर में वेयरहाउसिंग मैनेजर गगनदीप रंधावा के सुसाइड ने पंजाब में बड़ा राजनीतिक तूफान खड़ा कर दिया है। कांग्रेस, बीजेपी और अकाली दल संयुक्त रूप से मंत्री लालजीत भुल्लर की गिरफ्तारी और मामले की सीबीआई जांच की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। परिवार ने न्याय मिलने तक अंतिम संस्कार न करने का एलान किया है, जिससे भगवंत मान सरकार पर दबाव बढ़ गया है। प्रोटेस्ट शुरू होते ही वर्करों ने बैरिकेडिंग तोड़ डाले. इसके बाद चंडीगढ़ पुलिस से उनकी धक्का-मुक्की हुई. पुलिस ने वाटर कैनन का इस्तेमाल कर प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर कर दिया. पूरे मामले में भगवंत मान सरकार ने मंत्री लालजीत भुल्लर से तुरंत इस्तीफा लेकर डैमेज कंट्रोल की कोशिश की थी, लेकिन परिवार के FIR पर अड़ने और विरोधी पार्टियों के एकजुट होने के बाद मंत्री के खिलाफ केस दर्ज करना पड़ा।

**चंडीगढ़ में विपक्ष का प्रदर्शन**

चंडीगढ़ में पंजाब एमएलए हॉस्टल के बाहर प्रदर्शन कर रहे और सीएम हाउस की ओर बढ़ने का प्रयास कर रहे नेताओं और कार्यकर्ताओं को चंडीगढ़ पुलिस हिरासत में लेकर सेक्टर-3 के थाने में ले आई. यहां इन लोगों ने आम आदमी पार्टी और सीएम भगवंत मान के खिलाफ नारेबाजी की। बीजेपी, शिरोमणि अकाली दल और कांग्रेस के नेताओं ने इस मामले में परिवार के साथ खड़ा होने का दावा किया है और मांग की है कि जल्द से जल्द मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर को गिरफ्तार किया जाए और मामले की जांच पंजाब पुलिस से लेकर सीबीआई को सौंप दी जाए नहीं तो ये धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा और अमृतसर में पुलिस थाने के बाहर भी सभी पार्टियों के कार्यकर्ता प्रदर्शन करते रहेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### गड़बड़ा धाम में हजारों भक्तों ने किया दर्शन पूजन



**हलिया, मीरजापुर।** क्षेत्र के गड़बड़ा स्थिति मां शीतला धाम में रविवार को नवरात्रि के चौथे दिन कुष्मांडा देवी के स्वरुप का दर्शन पूजन व व्रत होने के कारण बड़ी संख्या में भक्तों ने दर्शन पूजन पूण्य की कामना की। मां शीतला का दर्शन पूजन करने के लिए चार बजे भोर से ही मंदिर परिसर में लाइन लग गई । मंगला आरती के बाद मंदिर का कपाट खुलते ही भक्त दर्शन पूजन करने में जुट गए। मां की एक झलक पाते ही श्रद्धालु धन्य हो गए। श्रद्धालुओं ने नवरात्रि के चौथे दिन माता कूष्मांडा के स्वरूप की स्तुति कि रविवार को प्रातःकाल से ही गड़बड़ा धाम में भक्तों का गुलज़ार लगा रहा।वही दूर दरार से आए श्रद्धालुओं ने अपने परिवार सहित सेवटी नदी में आस्था की डुबकी लगाकर कतारबद्ध होकर मां शीतला का दर्शन पूजन किया।श्रद्धालुओं ने नारियल, चुनरी, हलवा, पूरी, फल फूल, व मिष्ठान लेकर मां के चरणों में अर्पित कर माता से अपनी मनोकामना पूर्ण होने स्तुति कि ।मां शीतला का दर्शन पूजन करने के लिए जिले के अलावा पड़ोसी जिलों के साथ मध्य प्रदेश के रीवां, सीधी, सतना, सिंगरौली जिले के श्रद्धालु गड़बड़ा धाम पहुंचे । मंदिर प्रबंधक प्रकाश चंद्र शुक्ला ने सीसीटीवी कैमरे से श्रद्धालुओ की निगरानी करते रहे। मंदिर पुजारी मंगल धारी ने बताया कि लगभग 40 हजार भक्तों ने मां के दरबार में मत्था टेका। वही महिला श्रद्धालुओं ने गड़बड़ा मेले में सजी दुकानों से लकड़ी के बने तरह-तरह के उपकरणों की जमकर खरीदारी की एवं बच्चों ने खेल खिलौने आदि का लुफ्त उठाया। थाना प्रभारी हलिया राजीव श्रीवास्तव मेला प्रभारी श्याम लाल पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे।

### अलग अलग गाँव से दो महिलाओं की गुमसूदगी का मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात पुलिस 112 आपात सेवाएं

**हलिया, मीरजापुर।** क्षेत्र के दो अलग अलग गाँव से महिलाओं के पतियों ने पत्नी को घर से जाने के बाद वापस न आने पर गुमसूदगी का मुकदमा दर्ज कराया है पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांचपडताल में जुट गयी है। थाना क्षेत्र के सोनगढा गांव निवासी जयकुमार ने दी गई तहरीर में कहा है कि 15 मार्च को 25 वर्षीय पत्नी नीशू घर से माइके जाने के लिये कह कर गयी वापस नहीं आई माइके पता लगाया तो वहाँ भी नहीं गयी है। एक लड़के की माँ है जिसे घर पर छोड़कर चली गई है । दूसरे में बैधा गांव निवासी नसीम ने दी गई तहरीर में कहा है कि 35 वर्षीय पत्नी अमीना तीन बच्चों की मां है 18 मार्च को 5 बजे भोर कहीं चली गई वापस नहीं आई है। 3 बच्चों की माँ है। एक 3 वर्षीय पुत्र को भी साथ लेकर चली गयी है। दोनों पतियों की तहरीर पर पत्नी के गुम होने का पुलिस मुकदमा दर्ज कर खोजबीन में जुट गयी है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि दोनों पतियों ने पत्नी की गुमसूदगी का मुकदमा दर्ज कराया है जिसकी जांच पड़ताल की जा रही है।

### घर मे घुसे मनबढ़ पड़ोसी ने किया मारपीट कर किया घायल




**गोपीगंज।** थाना क्षेत्र के केदारपुर गांव मे घर मे घुस कर मनबढ़ पड़ोसी द्वारा गाली गलौज,मारपीट करने का मामला सामने आया है,पीड़ित रंजित कुमार ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर सुरक्षा की गुहार लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।

गांव निवासी रंजित कुमार ने दबंग पड़ोसी होरीलाल और उनके परिवार पर पुस्तैनी रास्ता रोकने व रविवार को सुबह घर मे घुसकर पत्नी मनोजा देवी व बच्चों को मारने पीटने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया।

# भाजपा नेता चन्द्रमणि पाण्डेय द्वारा संचालित मनोरमा सफाई अभियान बना जनआस्था और जनसंघर्ष का प्रतीक

**● तीसरे दिन झुंगीनाथ से पंडूलघाट तक पहुंचा कारवां मरुभूमि की भांति दिखने लगा असर शासन प्रशासन का सहयोग नहीं मिल रहा**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले की पावन धरा पर प्रवाहित मनोरमा नदी को पुनः स्वच्छ, निर्मल और जीवनदायिनी बनाने के संकल्प के साथ जनपद के चर्चित समाजसेवी व वरिष्ठ भाजपा नेता चन्द्रमणि पाण्डेय सुदामा के नेतृत्व में चल रहा 'मनोरमा सफाई अभियान' अब जनआस्था, जनभागीदारी और जनसंघर्ष का जीवंत उदाहरण बनता जा रहा है। द्वितीय चरण के तीसरे दिन यह अभियान झुंगीनाथ से आगे बढ़ते हुए पंडूलघाट तक पहुंच गया, जहां बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों, युवाओं और समाजसेवियों ने एकजुट होकर नदी की सफाई में श्रमदान किया।

जहां निरंतर नदी के बीच उतरकर जलकुंभी और गंदगी को हटाते श्री पाण्डेय युवाओं का उत्साह बढ़ा रहे हैं वहीं नावों के माध्यम से सहयोग करते साथी, तथा किनारे से हौसला बढ़ाते ग्रामीण—ये दृश्य इस बात के स्पष्ट संकेत हैं कि जब जनमानस ठान लेता है, तो बदलाव निश्चित होता है। यह अभियान अब केवल सफाई तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह प्रकृति संरक्षण, सांस्कृतिक विरासत के पुनर्जीवन और सामाजिक एकता का सशक्त माध्यम बन चुका है। इस अवसर पर श्री पाण्डेय ने कहा कि मनोरमा नदी केवल जलधारा नहीं, बल्कि आस्था, इतिहास और संस्कृति की वाहक है। मान्यता है कि इस पावन धरा का संबंध हमारे धार्मिक और पौराणिक गौरव से जुड़ा हुआ है। ऐसे में इसका संरक्षण और स्वच्छता बनाए रखना हम सभी का नैतिक दायित्व है।

किंतु दुर्भाग्यपूर्ण है कि जहां एक ओर आमजन अपने सीमित संसाधनों के बावजूद दिन-रात नदी की सफाई में जुटा है, वहीं दूसरी ओर जिम्मेदार जिला प्रशासन की ओर से अब तक अपेक्षित सक्रियता और सहयोग देखने को नहीं मिला है। यह उदासीनता न केवल जनभावनाओं की अनदेखी है, बल्कि पर्यावरण और सांस्कृतिक धरोहर के प्रति भी लापरवाही का परिचायक है। अभियान से जुड़े भाजपा नेता जगतबली सिंह,विनोद चौधरी, धन्नजय सिंह ने स्पष्ट किया है कि यदि प्रशासन शीघ्र ही इस जनहित कार्य में सहभागिता सुनिश्चित नहीं करता है, तो जनसमर्थन के बल पर एक बार पुनः व्यापक और निर्णायक आंदोलन खड़ा किया जाएगा। यह संघर्ष किसी व्यक्तिगत नहीं, बल्कि समूचे क्षेत्र की अस्मिता, आस्था और भविष्य का प्रश्न बन चुका है। इस अवसर पर अभियान से जुड़े सभी कार्यकर्ताओं, ग्रामीणों एवं युवाओं ने एक स्वर में संकल्प दोहराया– 'जब तक मनोरमा स्वच्छ नहीं होगी, हमारा प्रयास निरंतर जारी रहेगा। 'नदियों की स्वच्छता ही सच्ची ईश्वर सेवा है, और यही आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारा सबसे बड़ा दायित्व भी। इस मौके पर गुलशन, शिवम्, करमवीर सोनकर, गिरजेश पटेल, नीलेश सिंह, अवधेश चौधरी, नितेश शर्मा, राजीव पाण्डेय, महेंद्र चौहान सहित सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## विश्व में अमन के लिए पढ़ी गई ईद की नमाज



**अहरौरा।** थाना क्षेत्र में ईद की नमाज बड़ी शांति और सौहार्दपूर्वक ईदगाह में संपन्न हुआ। हजारों की संख्या में बूढ़े, नौजवान और बच्चे खास डीह स्थित ईदगाह हमें उपस्थित होकर सजदा किये। नमाज समाप्त होने के पश्चात एक दूसरे को गले लगाकर बधाइयां दी गई। आइसक्रीम, बारा , शर्बत और जूस की दुकानो पर काफी भीड़ देखने को मिली। समाजसेवी मोहम्मद असलम ने बताया की विश्व में हो रहे जंग के शांति के लिए और आपसी भाईचारा मजबूत करने के लिए ईद की नमाज पढ़ी गई। मिडिल ईस्ट में चल रहे जंग और देश में छिटपुट घटनाओं को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशनरूप पुलिस प्रशासन भी चुस्त दुरुस्त नजर आई। मौके पर थाना प्रभारी अजय मिश्रा और चौकी प्रभारी आशीष शुक्ला अपने दल बल के साथ मौजूद रहे। मजिस्ट्रेट साहब भी खड़े रहकर शांति व्यवस्था की निगरानी करते नजर आए। शासन के मनसानूरूप ईद का नमाज शांति और सौहार्द पूर्वक संपन्न हुआ।

# चैत्र नवरात्रि में मांस की बिक्री रोकने की मांग: विश्व हिन्दू महासंघ ने सौंपा ज्ञापन



स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले में विश्व हिन्दू महासंघ अध्यक्ष अखिलेश सिंह के नेतृत्व में महासंघ पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा। मांग किया कि चैत्र नवरात्रि को देखते हुये जनपद के प्रमुख स्थानों पर मांस की बिक्री को रोका जाय।

ज्ञापन देने के बाद अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने कहा कि चैत्र नवरात्रि को देखते हुये मुख्य स्थानों पर मांस की बिक्री न होने पाये। कहा कि जनपद के अनेक सार्वजनिक स्थानों पर धड़ल्ले से मांस की दूकानें संचालित हो रही है। उन्होने जिला प्रशासन से मांग किया कि तत्काल प्रभाव से सार्वजनिक स्थानों पर मांस की दूकानें और मांसाहारी भोजन बनाने वाले होटलों को बंद कराया जाय। मांस की बिक्री रोके जाने हेतु सौंपे ज्ञापन में मुख्य रूप से महासंघ के युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सौरभ त्रिपाठी, बालकृष्ण सिंह, जिला महामंत्री विवेक श्रीवास्तव, अर्पण श्रीवास्तव , महेश गुप्ता रूप नारायण गौड, ममता शर्मा, लक्ष्मण ओझा, शांति ओझा, उपेंद्र सिंह, रजनीश तिवारी, दीपक चौधरी, सोनू चौधरी एडवोकेट, शैलेंद्र शुक्ला, राज मंगल मिश्रा, विपुल पाण्डेय, सुनील मिश्रा रवि शुक्ल आदि शामिल रहे।

# रामकथा के द्वितीय व तृतीय दिवस पर उमड़ा जनसैलाब

**● श्रीराम नाम की महिमा और भोलेनाथ विवाह प्रसंग से गूंजा गुरचिहवा धाम**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पचपेड़वा** विकासखंड के ग्राम गुरचिहवा स्थित श्री आदिशक्ति समय माता मंदिर परिसर में चल रहे भव्य आठ दिवसीय श्रीराम कथा आयोजन के द्वितीय एवं तृतीय दिवस पर भक्ति, आस्था और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम देखने को मिला। अयोध्या धाम से पधारे अंतर्राष्ट्रीय प्रवक्ता आचार्य रविकांत शास्त्री जी महाराज के मुखारविंद से निकली श्रीराम कथा ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।

**कथा व्यास ने ओजस्वी वाणी में कहा—** 'साधन धाम मोक्ष कर द्वारा, पाई न जेहि परलोक संवारा 'उन्होंने मानव जीवन की महत्ता बताते हुए कहा कि यह शरीर केवल भोग के लिए नहीं, बल्कि धर्म और पुण्य अर्जन का अमूल्य अवसर है। इस लोक में धन साथ दे सकता है, लेकिन परलोक की यात्रा में केवल धर्म और पुण्य ही सहायक बनते हैं

**धर्मानुगो गच्छति जीव एका:** उन्होंने महर्षि याज्ञवल्क्य और भारद्वाज संवाद का भावपूर्ण वर्णन करते हुए भगवान राम के दिव्य स्वरूप की व्याख्या की। साथ ही त्रेतायुग का वह प्रसंग सुनाया, जब भगवान शिव माता सती के साथ महर्षि अगस्त्य के आश्रम में रामकथा सुनने पहुंचे। कथा के दौरान माता सती द्वारा भगवान राम की परीक्षा लेने और असत्य कहने की घटना का मार्मिक चित्रण करते हुए आचार्य जी ने कहा– **कछु न परीक्षा लिन्ह गोसाई** तृतीय दिवस पर भगवान शंकर जी के पावन विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया गया, जिसमें भगवान शिव और माता पार्वती के दिव्य मिलन की कथा सुनकर श्रद्धालु भक्ति में झूम उठे। भोलेनाथ के विवाह का प्रसंग सुनते ही पूरा पंडाल 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गूंज उठा और वातावरण शिवमय हो गया। इस प्रसंग से सीख देते हुए आचार्य जी ने कहा कि भगवान की कथा सुनने के लिए अहंकार त्यागकर विनम्रता अपनाना अनिवार्य है, तभी कथा का सच्चा रस और फल प्राप्त होता है।

पूरे मंदिर परिसर में 'जय श्रीराम' एवं 'हर-हर महादेव' के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ ने कथा स्थल को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। इस भव्य आयोजन में श्री आदिशक्ति समय माता मंदिर समिति के प्रबंधक सतीश चंद्र मिश्र की भूमिका सराहनीय रही, जिनके



कुशल नेतृत्व में कार्यक्रम निरंतर सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है। इस अवसर पर व्यवस्थापक विनय पाठक, अजय शुक्ला, उपाध्यक्ष हरिराम प्रजापति, रामपाल यादव, सचिव गिरिजेश कुमार पांडे, संरक्षक अरुणदेव पाठक व अरुण कुमार चतुर्वेदी सहित विवेक कुमार, नीलम, रवि गुप्ता, हरीराम प्रजापति, कल्लू नेता, विनय गुप्ता, बुद्धमान पेंटर, रामलौटन मौर्य समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

मुख्य यजमान राम सरन गुप्ता एवं आलोक पाठक की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन की शोभा को और बढ़ाया। मीडिया प्रभारी रमेश कुमार यादव ने बताया कि यह आठ दिवसीय श्रीराम कथा न केवल आध्यात्मिक चेतना को जागृत कर रही है, बल्कि क्षेत्र में सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता को भी मजबूती प्रदान कर रही है।

# दो बीघाजमीन का पैसा न देना पड़े इसलियेमहिला को

**● उतारा मौत के घाट, अभिषेक श्रीवास्तव को पुलिस ने भेजा जेल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के गोविन्द नगर स्टेशन के निकट रेलवे ट्रैक पर 06 मार्च को एक बुजुर्ग महिला की क्षत विक्षत लाश मिली थी। मृतका की पहचान शहर के कटरा गांधीनगर निवासी महिला के रूप में हुई। 21 मार्च को मृतका के पति की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस को दिये गये तहरीर मे महिला की मौत को दुर्घटना मानने से इंकार किया था।

थानाध्यक्ष वाल्टरगंज के नेतृत्व में स्वाट और सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्रवाई में पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुये आरोपी अभिषेक श्रीवास्तव को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ मे सामने आया है कि अभियुक्त ने महिला से दो बीघा जमीन का बैनामा अपनी पत्नी के नाम कराया था जिसका बकाया 19 लाख रूपया न देना पड़े इसके लिये गला दबाकर उसकी हत्या कर दी और लाश को रेलवे ट्रैक पर प्लान्ट कर दिया।

पुलिस अधीक्षक ने रविवार को मामले का खुलासा करते हुये बताया कि सीसीटीवी फुटेज और अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के आधार पर आरोपी अभिषेक श्रीवास्तव (30) निवासी पिकौरा, थाना गौर को कटरा पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से मृतका का मोबाइल, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और अन्य सामान बरामद हुआ है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह मृतका के घर से जुड़ा हुआ था, और उनके बीच पैसों का लेन-देन भी था। जमीन के सौदे में शेष रकम के दबाव के चलते उसने हत्या की साजिश रची। 5 मार्च की शाम उसने महिला को लखनऊ ले जाने के बहाने बुलाया और रास्ते में गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद शव को रेलवे ट्रैक पर रख दिया ताकि यह एक दुर्घटना लगे।



पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने बताया कि मामले के अनावरण के लिए एक विशेष टीम गठित की गई थी। तकनीकी और साक्ष्य आधारित जांच के साथ-साथ सीसीटीवी फुटेज और सर्विलांस की मदद से आरोपी तक पहुंचना संभव हो पाया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अभियुक्त महिला के परिवार से जुड़ा था। घरेलू कार्यों मे मदद कर विश्वास अर्जित कर लिया था। महिला का पति 14 साल से लकवा से ग्रस्त था और बेटा भी दूरियां बनाये रखता था। इसी का फायदा उठाकर अभिषेक ने पहले महिला का विश्वास जीता और बाद मे दो बीघा जेमीन जो सिद्धार्थनगर मे है बैनामा करा लिया। महिला जमीन का पैसा 19 लाख रूपये के लिये बार बार टोका करती थी। उसे पैसा न देना पड़ा इसलिये उसने महिला को रास्ते से हटाने का कुचक्र रचा। पुलिस अधीक्षक ने मामले के सफल अनावरण पर टीम को 10 हजार रूपये इनाम देने की घोषणा किया है।

# हस्ताक्षर अभियान चलाकर प्रधानमंत्री को याचिका भेजेंगे पेंशनर्स

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में भारत सरकार एवं आठवें वेतन आयोग,द्वारा पेंशनरों के हितों की अनदेखी से नाराज सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसियेशन उ.प्र. ने चरणबद्ध आन्दोलन की घोषणा किया है। इस क्रम मे प्रेस क्लब सभागार में शनिवार को एसोसियेशन की बस्ती शाखा की बैठक संरक्षक मंडल इंजी. देवी प्रसाद शुक्ल की अध्यक्षता मे हुई। बैठक का संचालन जिला मंत्री उदय प्रताप पाल ने किया।क्षेत्रीय विज्ञाप

बैठक को सम्बोधित करते हुये नरेन्द्र बहादुर उपाध्याय ने कहा कि 21 अप्रैल को आल इण्डिया स्टेट गवर्नमेन्ट पेंशनर्स फेडरेशन द्वारा राष्ट्रव्यापी धरना प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से भेजे जाने का निर्णय लिया है। इसी क्रम मे सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसियेशन उ.प्र. के प्रान्तीय अध्यक्ष अमरनाथ यादव ने प्रदेश के सभी जनपदीय पदाधिकारियों को जिलाधिकारी कार्यालयों पर धरना प्रदर्शन कर जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजने का निर्देश दिया है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि बस्ती जनपद में 21 अप्रैल को धरना प्रदर्शन कर प्रदेश नेतृत्व के निर्देशों का पालन किया जायेगा। उन्होने जनपद के समस्त कर्मचारी एवं शिक्षक पेंशनरों से अपील किया है कि निर्धारित कार्यक्रम में बड़ी संख्या मे पहुंचे और पेंशनरों के हित मे अपनी आवाज बुलंद करें।

जिलाध्यक्ष ने कहा संगठन ने अपनी प्रमुख मागों मे वित्त विधेयक 2025 के जरिये तिथि आधारित भेदभाव समाप्त कर पुराने पेंशनरों को भी आठवें वेतन आयोग के दायरे मे शामिल करने, कर्मचारियों के पेंशनरों के लिये अलग सीपीआई लागू करने, पेंशन राशिकरण की कटौती 10 वर्ष मे समाप्त करने, 65 वर्ष की उम्र के बाद हर पांच वर्ष पर 5 प्रतिशत पेंशन वृद्धि करने, वरिष्ठ नागरिकों को रेल किराये मे



पूर्व की भांति छूट बहाल करने, पेंशन को आयकर से मुक्त करने, कोरोना काल के 18 महीने के डीए एरियर का भुगतान करने, पेंशनरों के 50 प्रतिशत से अधिक महगाई भत्तें को मूल पेंशन मे मर्ज करने जैसी मागें शामिल हैं। जिला मंत्री उदयप्रताप पाल ने कहा कि आन्दोलन के प्रथम चरण मे ही प्रधानमंत्री को भेजी जाने वाली सामूहिक हस्ताक्षर याचिका के लिये हस्ताक्षर अभियान 20 मार्च से शुरू कर दिया गया है।

उपाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि 21 अप्रैल का धरना प्रदर्शन ऐतिहासिक होगा। केन्द्र सरकार पेंशनरों का हक नही छीन सकतीं। हम पेंशनर निर्णायक संघर्ष के लिये तैयार है। उपाध्यक्ष अशोक कुमार मिश्र ने कहा नगरपालिका के पेंशनरों की समस्या का शीघ ही निदान कराया जायेगा। संरक्षक मंडल के इंजी. रामचन्द्र शुक्ल एवं श्रीनाथ मिश्र ने पेंशनर्स एसोसियेशन के सक्रियता की तारीफ की और कहा पेंशनरों की समस्याओं के निदान हेतु अधिकारियों से निरन्तर वार्ता का क्रम जारी रहना चाहिये। बैठक मे होली मिलन कार्यक्रम भी सम्पन्न हुआ। श्रीमती पुष्पा उपाध्याय एवं परमात्मा प्रसाद उपाध्याय, दामोदर तिवारी, प्रेमवन्द, विवेक कुमार, श्रीचन्द उपाध्याय आदि ने होली गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत मे फूलों की होली खेली गयी और सभी एक दूसरे के गले मिले। प्रेमशंकर लाल श्रीवास्तव, छोटेलाल यादव, चन्द्रप्रकाश पाण्डेय, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, सुरेन्द्रनाथ उपाध्याय, रामकुमार लाल, देवनरायन प्रजापति, ईश्वरचन्द्र श्रीवास्तव, गणेशदत्त शुक्ल, उदयराज वर्मा, राधेश्याम तिवारी, जयनाथ सिंह, अरविन्द कुमार श्रीवास्तव, राजदेव यादव, हरिलाल यादव, रामनरायन चौधरी, जमुना प्रसाद, बजरंगबली, जगदीश प्रसाद, दिलीप कुमार, मुक्तेश्वरनाथ पाण्डेय, जयरामधर द्विवेदी, रामनरेश चौधरी, दयाशंकर चतुर्वेदी, जंगबहादुर, मोतीलाल, दिनेशचन्द्र श्रीवास्तव, शारदा प्रसाद विश्वकर्मा, रामचेत सिंह, हरिशकर चौधरी, लक्ष्मीकान्त पाण्डेय, केके पाण्डेय, मोहन चौधरी, जोखू प्रसाद अवधेश कुमार, मेहीलाल, गंगा प्रसाद पाण्डेय, भानुप्रताप सिंह, राममिलन चौधरी, राजाराम मिश्र, रामनिरंजन चौधरी, सूर्यलाल, रामशब्द पाण्डेय, राममूर्ति चौधरी, तिलकराम वर्मा, दयाराम, रामकुमार यादव, दिनेशचन्द्र पाण्डेय, कुलभूषण, श्यामधर सोनी, रामपुजारी शर्मा, सरवन, सुरेशचन्द्र तिवारी, रामबहाल चौधरी, हरीशचन्द्र वर्मा, राममिलन प्रजापति, अंजनी कुमार श्रीवास्तव, रामचन्द्र, सत्यराम चौधरी, मोहन चौधरी, अवधेश कुमार श्रीवास्तव, हरिशंकर चौधरी, जमुना प्रसाद, बजरंगबली, भगवान सिंह, चन्द्रप्रकाश श्रीवास्तव, अंबिका सिंह, डा. नरेन्द्र उपाध्याय, धर्मप्रकाश उपाध्याय, प्रदीप शुक्ल, रामप्रसाद तिवारी, अंगीरा प्रसाद चौधरी, धर्मेन्द्र कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# लालगंज पुलिस को खुली चुनौतीदे रहा सस्पेंड सफाईकर्मी और बहरूपिए 'प्रधान' का खूनी खेल, पत्रकार को मरा समझ कर भागे थे दरिंदे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के थाना लालगंज पुलिस की कर शैली पर उठ रहे सवाल अपराधियों में नहीं डर सता रहा पुलिस का कानून का इकबाल खत्म हो चुका है और खाकी का खौफ अब केवल कागजों तक सीमित रह गया है। लालगंज थाना क्षेत्र में एक सफेदपोश अपराधी और खुद को 'प्रधान' बताने वाले बहरूपिए रमेश चौधरी ने अपने गुर्गो के साथ मिलकर पत्रकारिता के चौथे स्तंभ को लहूलुहान कर दिया। यह हमला इतना वीभत्स था कि दरिंदों ने पत्रकार को तब तक मारा जब तक वह शांत नहीं हो गया और उसे 'लाश' समझकर मौके से फरार हो गए।

**फर्जी झंडी और रसूख के पीछे छिपा है 'गंदा' सच**

» आरोपी रमेश चौधरी इलाके का वह शातिर बहरूपिया है जो भाजपा नेताओं के साथ फोटो खिंचवाकर और अपनी गाड़ी पर सत्ता की फर्जी झंडी लगाकर अपनी 'गुंडागर्दी' को ढकता है। सत्ता के गलियारों में अपनी झूठी पैठ दिखाकर यह अपराधी न केवल आम जनता को डराता है, बल्कि अब पुलिस की नाक के नीचे जानलेवा हमलों को अंजाम दे रहा है?सस्पेंड सफाईकर्मी 'भोलू' के साथ मिलकर रची खूनी साजिश

» जांच में जो सबसे 'गंदा' और घिनौना




सच निकलकर सामने आया है, वह है भोलू उर्फ शेषराम की संलिप्तता। यह सस्पेंड सफाईकर्मी, जो पहले से ही अपने काले कारनामों के कारण निलंबित चल रहा है, इस पूरी खूनी साजिश का मास्टरमाइंड बताया जा रहा है। सीडीआर (CDR) के खुलासे ने साफ कर दिया है कि घटना के वक्त भोलू और हमलावर रमेश चौधरी के बीच फोन पर लगातार बातचीत हो रही थी।

» सत्ता की हनक या पुलिस की लाचारी??मुकदमा दर्ज होने के बावजूद मुख्य आरोपी रमेश चौधरी अपने भाइयों और भांजे के साथ खुलेआम घूम रहा है। आखिर लालगंज पुलिस के हाथ क्यों कांप रहे हैं? क्या नेताओं के साथ खिंचवाई गई फर्जी फोटो इतनी प्रभावशाली है कि एक पत्रकार की जान लेने की कोशिश करने वाले अपराधी को गिरफ्तार नहीं किया जा रहा?

» अपराधियों का 'कॉम्बिनेशन': एक सस्पेंड कर्मी और एक फर्जी प्रधान

» क्षेत्र में चर्चा है कि यह सस्पेंड सफाईकर्मी और फर्जी प्रधान का 'गठबंधन' पूरे इलाके में आतंक का पर्याय बना हुआ है। भ्रष्टाचार और अवैध कार्यों की खबरों से बौखलाए इन गुंडों ने पत्रकार को रास्ते से हटाने का जो प्रयास किया, उसने पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी पर गहरा दाग लगा दिया है।

**मुख्य बिंदु जो अखबार में हाइलाइट होंगे:**

» सीडीआर का बड़ा खुलासा: सस्पेंड सफाईकर्मी भोलू की पल-पल की लोकेशन और कॉल डिटेल्स ने खोली पोल।

» बहरूपिया प्रधान: फर्जी पहचान और सत्ता की धौंस के दम पर पत्रकार पर कातिलाना हमला।

» पुलिस की चुप्पी: नामजद मुकदमा होने के बाद भी गिरफ्त से दूर हैं 'सफेदपोश' अपराधी।

# बेटे की लाश एंबुलेंस में और कफन लेने गया पिता हुआ 'गायब', कलवारी इलाके में सनसनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिलेके कलवारी थाना क्षेत्र के गायघाट बाजार से एक ऐसी खबर सामने आई है जिसने सबको झकझोर कर रख दिया है। एक पिता अपने जवान बेटे की लाश को एंबुलेंस में छोड़कर कफन लेने उतरा, लेकिन फिर कभी वापस नहीं लौटा। अब घर पर बेटे का शव पड़ा है और बाहर पुलिस लापता बाप की तलाश में दर-दर की ठोकरें खा रही है।

**6 साल की लंबी लड़ाई के बाद हारा बेटा, सदमे में पिता**

सहारनपुर गांव के रहने वाले फुर्ती लाल मौर्य के घर में मातम पसरा है। उनके बेटे रघुनाथ मौर्य की दोनों किडनियां साल 2018 से खराब थीं। लखनऊ में सालों चले इलाज और लाखों रुपए खर्च करने के बाद भी रघुनाथ की जान नहीं बच सकी। लखनऊ के अस्पताल में मौत होने के बाद जब एंबुलेंस से शव घर लाया जा रहा था, तब किसी ने नहीं सोचा था कि रास्ते में एक और बड़ी अनहोनी इंतज़ार कर रही है।

**गायघाट बाजार में संदिग्ध 'गायब', मची खलबली** एंबुलेंस जैसे ही गायघाट बाजार पहुंची, बदहवास पिता फुर्ती लाल मौर्य कफन और अंतिम संस्कार का सामान लेने के लिए गाड़ी से नीचे उतरे। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो वह बाजार की भीड़ में कहीं ओझल हो गए। घंटों बीत जाने और हर दुकान खंगालने के बाद भी जब उनका सुराग नहीं मिला, तो परिजनों के हाथ-पांव फूल गए।

**पुलिस की रडार पर CCTV, आखिर कहाँ गए फुर्ती लाल?**

बेटे की मौत के गम में पिता का इस तरह



संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होना कई सवाल खड़े कर रहा है। क्या वह गहरे सदमे में कहीं चले गए या उनके साथ कोई अनहोनी हो गई? कलवारी पुलिस अब CCTV कैमरों के जरिए फुर्ती लाल के आखिरी कदमों के निशान तलाश रही है। पुलिस की सक्रियता बढ़ गई है, लेकिन परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है—एक तरफ बेटे की चिता सजानी है और दूसरी तरफ पिता का कोई पता नहीं।

# संक्षिप्त खबरें

## पूर्वांचल के पारंपरिक व्यंजनों का नया केंद्र- काशीवन जलपान भवन का शुभारंभ

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में पूर्वांचल के पारंपरिक स्वाद और सांस्कृतिक विरासत को लखनऊ में साकार करते हुए काशीवन जलपान भवन का भव्य शुभारंभ सहारा प्लाजा, पत्रकारपुरम, गोमतीनगर में सम्पन्न हुआ। संस्थान का शुभारंभ, लखनऊ पूर्व के विधायक ओ.पी. श्रीवास्तव ने अपने कर-कमलों द्वारा फीता काट कर किया। शुभारंभ समारोह में शहर की अनेक जानी-मानी हस्तियों एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। उपस्थित अतिथियों ने काशीवन जलपान भवन द्वारा तैयार किए गए विभिन्न पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद लिया और उनकी गुणवत्ता एवं विशिष्टता की सराहना की। संस्थान के संस्थापक अभिषेक सिंह ने बताया कि काशीवन जलपान भवन में खालिस बनारसी एवं पूर्वांचली स्वाद के व्यंजन जैसे कचौड़ी, समोसा, फरा, टमाटर चाट, सत्तू पराठा, बाटी-चोखा सहित अन्य पारंपरिक पकवान उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल लखनऊवासियों को पूर्वी उत्तर प्रदेश के असली स्वाद से परिचित कराएगी, बल्कि क्षेत्रीय खान-पान संस्कृति को भी बढ़ावा देगी। उन्होंने आगे बताया कि संस्थान की प्राथमिकता स्वच्छता, गुणवत्ता और किफायती दरों पर उत्कृष्ट स्वाद उपलब्ध कराना है, ताकि हर वर्ग के लोग पारंपरिक व्यंजनों का आनंद ले सकें।

## खेत के खंभे उखाड़ने का आरोप, दो के खिलाफ केस दर्ज

**लालगंज (रायबरेली)** कोतवाली क्षेत्र के बेहटा कला गांव निवासी एक किसान ने खेत में लगे खंभे उखाड़ने का आरोप लगाया है। पीड़ित किसान शशिकांत शुक्ला ने पुलिस को तहरीर देकर दो लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। किसान के अनुसार, पहले पुलिस व राजस्व टीम की मौजूदगी में खेत की पत्थरगड़ी कराई गई थी। इसके बाद फसल को जानवरों से बचाने के लिए चारों ओर खंभे लगाए गए थे।आरोप है कि बाजपेई खेड़ा गांव के संजय ,शंकर और सतीश ने खंभे उखाड़कर फेंक दिए। विरोध करने पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी भी दी गई।पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## लखनऊ नगर निगम का बजट पास, जनता पर कोई नया टैक्स नहीं




**लखनऊ-** महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता वाली कार्यकारिणी समिति ने लखनऊ नगर निगम (LMC) का वित्तीय वर्ष 2026-27 का कुल 4,692.71 करोड़ का बजट बिना विस्तृत चर्चा के महज 45 मिनट में पारित कर दिया। बजट में न तो कोई नया टैक्स लगाया गया है और न ही मौजूदा करों या गृहकर की दरों में कोई वृद्धि की गई है। नगर आयुक्त गौरव कुमार द्वारा प्रस्तुत बजट में अनुमानित आय 3,293.35 करोड़ और व्यय 3,292.93 करोड़ रखा गया है। पिछले वर्ष के क्लोजिंग बैलेंस 1,399.36 करोड़ को ओपनिंग बैलेंस के रूप में शामिल करने के बाद कुल बजट यह आंकड़ा पहुंचा है। केंद्रीय एवं राज्य योजनाओं के तहत 981 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

**बजट की प्रमुख विशेषताएं**

स्वच्छता एवं सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट पर सबसे अधिक फोकसः लगभग 300-400 करोड़ आवंटित। डोर- टू- डोर कूड़ा संग्रहण, निस्तारण और सफाई व्यवस्था को मजबूत करने पर जोर।

सड़क निर्माण एवं मरम्मतः 271 करोड़।

विकास कार्यों के लिए 1,534 करोड़ का प्रावधान (सड़कें, नाले, पार्क, स्ट्रीट लाइट्स आदि)।

सभी 110 वार्डों में मॉडल वेंडिंग जोन विकसित करने का प्लान।

गृहकर में राहतः जून तक ऑनलाइन जमा करने पर 10% और ऑफलाइन पर 8% की छूट।

पार्षद वार्ड विकास निधि और महापौर/नगर आयुक्त विकास निधि पिछले स्तर पर बरकरार।

पिछले कार्यों की लगभग ?405 करोड़ की देनदारी को शामिल किया गया, जिसके कारण विकास मद में कुछ कटौती हुई है। महापौर सुषमा खर्कवाल ने बजट को जनहितकारी बताते हुए कहा कि इसे शहर के समग्र विकास, बेहतर सफाई, मजबूत आधारभूत ढांचे और राजस्व वृद्धि को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। उन्होंने अगले वर्ष का बजट नए नगर निगम भवन में पेश करने की बात भी कही।

# खेमकरण इंटर कॉलेज में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा का किया गया सफल आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

**लहरपुर सीतापुर** क्षेत्र में सामाजिक पंजीकृत संस्था शिव शक्ति सनातन सेवा समिति के तत्वाधान में रविवार को स्थानीय खेमकरन इंटर कॉलेज प्रांगण में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। बताते चलें कि वर्ष 2015 में स्थापित यह संस्था पिछले एक दशक से 'छोटी काशी' के नाम से प्रसिद्ध गोला गोकर्णनाथ स्थित शिव मंदिर में कांवड़ लेकर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन करती आ रही है। इसके साथ ही संस्था पिछले दो वर्षों से सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता भी आयोजित कर रही है, जिससे विद्यार्थियों में बौद्धिक विकास और प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा मिल सके। रविवार को आयोजित इस प्रतियोगिता में क्षेत्र के खेमकरन इंटर कॉलेज, मॉडर्न पब्लिक स्कूल, वीडीएनडी पब्लिक स्कूल, जुगल किशोर गोविंद प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, लक्ष्मी पब्लिक इंटर कॉलेज, ओमकमल पब्लिक इंटर कॉलेज, ओएनजीसी पब्लिक स्कूल, मिलेनियम पब्लिक स्कूल तथा लहरपुर विद्यापीठ इंटर कॉलेज सहित लगभग एक दर्जन विद्यालयों के 150 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के उपरांत मुख्य अतिथियों–हरीश रस्तोगी (गोलू भैया), वीरेंद्र पुरी, राजेश्वर दयाल रस्तोगी, अरुण सिंह आचार्य, दिव्य कृष्ण मिश्रा, डॉ. आकाश शुक्ला, अरुण कुमार नाग एवं संजय शुक्ला–द्वारा प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए। प्रतियोगिता में लक्ष्मी पब्लिक स्कूल के छात्र राज शुक्ला ने प्रथम स्थान प्राप्त कर साइकिल पुरस्कार स्वरूप प्राप्त की। वहीं विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छात्र महीप कुमार को ट्रॉली बैग तथा ओएनजीसी स्कूल की छात्रा आरिफा को सीलिंग फैन देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी आशीष शुक्ला, अनिमेष श्रीवास्तव, नितिन मिश्रा, मनीष शुक्ला, प्रशांत शुक्ला, अजय गुप्ता, मनोज तिवारी, अमित गुप्ता, आकाश वर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता एवं सदस्य मौजूद रहे।







## महिलाओं को सुरक्षा और अधिकारों की दी जानकारी




**लालगंज (रायबरेली)।** मिशन शक्ति अभियान के तहत रविवार को पुलिस टीम ने ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को जागरूक किया। टीम ने मंदिर, अस्पताल और सार्वजनिक स्थानों पर जाकर पंपलेट बांटे और महिलाओं से सीधे संवाद किया। मिशन शक्ति की प्रभारी एसआई अर्चना यादव के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों ने महिलाओं को सुरक्षा से जुड़े 1090, 112, 102, 1076 और 1930 जैसे टोल फ्री नंबरों की जानकारी दी। महिलाओं को बताया कि किसी भी आपात स्थिति में इन नंबरों पर तुरंत सहायता मिल सकती है। टीम ने महिलाओं को शासन की विभिन्न योजनाओं के बारे में भी विस्तार से बताया। उन्हें आत्मनिर्भर बनने और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान के तहत लगातार गांव-गांव जाकर महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के जरिए महिलाओं को सुरक्षित, सशक्त और आत्मविश्वासी बनाया जा रहा है।

## सीतापुर में 5.5 लाख की टप्पेबाजी का खुलासा, दतिया का 'लेडी गैंग' पुलिस की गिरफ्त में



स्वतंत्र प्रभात

**सीतापुरः** जनपद के तम्बौर कस्बे में बीते मंगलवार को हुई 5.5 लाख रुपये की बड़ी टप्पेबाजी की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। लखनऊ जोन के तेज-तर्रार थाना प्रभारी (तम्बौर) ब्रजेश राय और स्वाट टीम ने एक संयुक्त ऑपरेशन में अंतर्राज्यीय 'डेरा डाल' गैंग का पर्दाफाश करते हुए कुल 15 सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

**महिलाएं थीं गिरोह की 'मास्टरमाइंड'**

इस गैंग की सबसे बड़ी विशेषता इसमें शामिल महिलाओं का भारी समूह है। पुलिस जांच में सामने आया है कि मध्य प्रदेश के दतिया से ताल्लुक रखने वाली ये महिलाएं भीड़भाड़ वाले बाजारों और बैंकों के बाहर रेकी करती थीं। अपनी वेशभूषा और मासूमियत का फायदा उठाकर ये बेहद सफाई से लोगों के पैसे और कीमती सामान पार कर देती थीं।

**ऑपरेशन 'क्लीन स्वीप' के मुख्य बिंदुः** सटीक घेराबंदीः मंगलवार की घटना के बाद से ही तम्बौर पुलिस और स्वाट/स्वाट टीम सक्रिय थी। मुखबिर और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर गैंग के ठिकाने पर दबिश दी गई।

**बरामदगीः** पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से लूटी गई राशि का बड़ा हिस्सा और चोरी के अन्य सामान बरामद किए हैं।

**एसपी का बड़ा खुलासाः** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने बताया कि यह गैंग केवल सीतापुर ही नहीं, बल्कि यूपी के कई अन्य जिलों में भी सक्रिय था। पकड़े गए 15 सदस्यों से पूछताछ में कई अन्य वारदातों के सुराग भी मिले हैं।

**जनता में बढ़ी पुलिस की साख**

तम्बौर पुलिस की इस त्वरित और प्रभावी कार्रवाई से क्षेत्र के व्यापारियों और आम जनता में सुरक्षा का भाव जागा है। थाना प्रभारी ब्रजेश राय और उनकी टीम की इस सफलता पर पुलिस मुख्यालय द्वारा भी सराहना की जा रही है।

## नवनिर्माण के 09 दिवसीय मेले/प्रदर्शनी में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को वितरित किए गए प्रमाण पत्र

स्वतंत्र प्रभात

**रायबरेली:-** उत्तर प्रदेश सरकार के नवनिर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आर0डी0ए0 के सामुदायिक केंद्र, रतापुर में 09 दिवसीय मेले/प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में आज मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत रंजना चौधरी द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया गया एवं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य), स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

सूचना एवं सांस्कृतिक विभाग के पंजीकृत दलों द्वारा कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में यह भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इन नौ वर्षों में प्रदेश सरकार ने सुशासन की एक प्रगतिपूर्ण यात्रा तय की है। सरकार ने कानून के राज, उत्सव, समाधान और आत्मविश्वास के रुप में उत्तर प्रदेश को एक नयी पहचान दिलायी हैं। वर्ष 2017 से वर्तमान सरकार के सत्ता में आने के पश्चात सरकार ने उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए अनेक प्रगतिशील कार्य किये हैं। उत्तर प्रदेश अब उत्सव प्रदेश, प्रगति प्रदेश एवं निवेश प्रदेश बन चुका हैं तथा युवाओ के लिए रोजगार और विकास के नये-नये आयाम खोजे जा रहे हैं, जिससे वह प्रदेश की उपलब्धि और प्रगति में भागीदार बन सकें। उत्तर प्रदेश में विगत नौ वर्षो की यात्रा एवं सुशासन के युग में बेटियां पूर्णरुप से सुरक्षित एवं निर्भीक होकर किसी भी समय सुगमतापूर्वक आवागमन कर रही, यह हमारे लिए अत्यधिक हर्ष की बात है।

जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा द्वारा भी मिशन शक्ति 05 के तहत चलाए जा रहे अभियान के बारे में जानकारी दी तथा प्रोबेशन व महिला कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं और लाभ परक योजनाओं के बारे में उपस्थित लाभार्थियों को विस्तार पूर्वक बताया गया। मंच का संचालन एस0एस0 पाण्डेय द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिला ग्रामोद्योग अधिकारी संतोष कुमार गौतम, जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन वंदना सिंह सहित संबंधित कार्मिक व लाभार्थीगण उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में युवक की मौत




**बिसवां, सीतापुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भगवानपुर माफी निवासी साहिल (18) पुत्र तबस्सुम रविवार को घर से टहलने के लिए निकला था। इसी दौरान बिसवां-सीतापुर मार्ग पर भारत पेट्रोल पंप के पास किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। घटना के बाद ग्रामीणों ने घायल साहिल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसवां ले जाने का प्रयास किया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मृत्यु हो गई। ग्रामीणों के अनुसार मृतक युवक मूक-बधिर था। प्रभारी निरीक्षक राम राघव सिंह ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत हुई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर वाहन की पहचान करने में जुटी है।

# अमेठी भाजपा जिला कार्यकारिणी की घोषणा

- **विशुभ मिश्रा को महामंत्री, प्रभात शुक्ला को मिली जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी, हिंदेश सिंह भी बनाए गए जिला उपाध्यक्ष, आशा वाजपेई को मिली जिला मंत्री की जिम्मेदारी**

**कई नए चेहरों को मिली जिम्मेदारी**



स्वतंत्र प्रभात

**अमेठी।** भारतीय जनता पार्टी अमेठी में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने प्रदेश नेतृत्व की संस्तुति के बाद नई टीम का ऐलान किया।जारी सूची के अनुसार, विशुभ मिश्रा को जिला महामंत्री की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं प्रभात शुक्ला और हिंदेश सिंह को जिला उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही आशा वाजपेई को जिला मंत्री नियुक्त किया गया है अन्य कई चेहरे को भी महामंत्री, जिला उपाध्यक्ष एवं जिला मंत्री की जिम्मेदारी दी गई साथ-साथ कई लोगों को जिला कार्य समिति का सदस्य भी बनाया गया।जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि पार्टी को जमीनी स्तर पर और मजबूत बनाने के लिए यह टीम अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी पदाधिकारी संगठन की नीतियों और विचारधारा को जन- जन तक पहुंचाने में सक्रिय योगदान देंगे।बताया गया कि प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की संस्तुति के उपरांत यह कार्यकारिणी घोषित की गई है, जिससे संगठन को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी।नवनियुक्त पदाधिकारियों के समर्थकों में भी खुशी का माहौल देखने को मिला और कार्यकर्ताओं ने नेतृत्व के इस निर्णय का स्वागत किया।

# ग़ाज़ियाबाद से मुंबई तकः सिविल इंजीनियर नित्यानंद तुषार अब बॉलीवुड के गीतकार

- **'मोहब्बत तेरी' से शुरू हुई नई उड़ान**

स्वतंत्र प्रभात

सचिन बाजपेई

**लखनऊ-** तुषार जी पेशे से सिविल इंजीनियर, लेकिन दिल से शायर। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले के एक छोटे से गाँव से निकलकर ग़ाज़ियाबाद होते हुए मुंबई तक पहुँचे नित्यानंद तुषार (असली नामः एर. नित्यानंद शर्मा) अब हिंदी सिनेमा की दुनिया में अपनी छाप छोड़ रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय संगीत लेबल 'सुर म्यूजिक' ने उन्हें अपने पहले गीत 'मोहब्बत तेरी' का गीतकार चुना है। जुलाई 2025 में मुंबई के जुहू स्थित पाँच सितारा होटल जेडब्ल्यू मैरियट में हुए भव्य लॉन्च इवेंट में पद्मविभूषण पंडित हरि प्रसाद चौरसिया, पद्मश्री हरिहरन, जावेद अली, रूप कुमार राठौड़, सुनाली राठौड़ और पटकथा लेखक रूमी जाफरी जैसी हस्तियों की मौजूदगी में उनकी ग़ज़ल 'याद आती है मुझे अब भी मोहब्बत तेरी' को संगीतबद्ध किया गया। महाराष्ट्र के संस्कृति मंत्री आशीष शेलार मुख्य अतिथि रहे। यह उपलब्धि महज एक गीत तक सीमित नहीं है। नित्यानंद तुषार की यह सफलता उनके 60 वर्षों की साहित्यिक यात्रा का स्वाभाविक परिणाम है। 31 अक्टूबर 1963 को बुलंदशहर के सिकंदराबाद तहसील के ग्राम देवटा में जन्मे तुषार के पिता कांति प्रसाद शर्मा उत्तर प्रदेश सहकारी समितियों के उप मुख्य लेखा परीक्षक थे। इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने उत्तर प्रदेश में निर्माण कार्यों में तीन दशक से अधिक समय बिताया। ग़ाज़ियाबाद के प्रताप विहार में लंबे समय तक रहने वाले तुषार अब सेवानिवृत्ति के बाद मुंबई में बस गए हैं। लेकिन उनकी दोहरी पहचान - इंजीनियर और शायर - कभी अलग नहीं हुई।

**साहित्यिक सफरः 7 ग़ज़ल संग्रह और अनगिनत काव्य पाठ**

तुषार ने अब तक सात ग़ज़ल संग्रह प्रकाशित किए हैं - 'दूरियों के दिन', 'सितम की उम्र छोटी है', 'वो ज़माने अब कहाँ', 'हम कहाँ हैं', 'अगर साथ दो', 'तेरे बग़ैर' और 'खुद ब खुद'। इसके अलावा उन्होंने आठ किताबों का संपादन भी किया, जिसमें 'खूबसूरत ग़ज़लें', 'बे-मिसाल ग़ज़लें', 'आधुनिक ग़ज़लें', 'दीवान-ए-ग़ालिब' और डॉ. उर्मिलेश, डॉ. कुँवर बेचैन, डॉ. शिव ओम अम्बर तथा दाग़ की ग़ज़लों के चयन शामिल हैं। उनकी रचनाएँ 'कादम्बिनी', 'सरिता', 'साप्ताहिक हिंदुस्तान', 'हंस', 'साहित्य अमृत', 'अमर उजाला', 'दैनिक जागरण' जैसी प्रतिष्ठित पत्रिकाओं और समाचार पत्रों में नियमित रूप से प्रकाशित होती रहीं।

1979 में आकाशवाणी दिल्ली की 'युववाणी' से शुरुआत करने वाले तुषार ने दिल्ली, मुंबई, लखनऊ आकाशवाणी और दूरदर्शन के राष्ट्रीय चैनल डीडी-1 पर कई बार काव्य पाठ किया। सब टीवी के 'वाह वाह' शो में उनकी शेर सुनकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। एनडी टीवी, दबंग टीवी, धमाल टीवी, डीडी उर्दू नेशनल और लखनऊ दूरदर्शन सहित अनेक चैनलों पर उनकी ग़ज़लें प्रसारित हुईं। देश भर के कवि सम्मेलनों और मुशायरों में वे नियमित अतिथि रहे। ग़ालिब अकादमी, दिल्ली में भी उन्होंने अपनी रचनाएँ पढ़ीं।

**बॉलीवुड में पहला कदम और रेड एफएम पर नंबर-1**

दिसंबर 2023 में संगीतकार शमीर टंडन और गायिका निकिता गांधी के साथ उनका गीत 'मैंने कुछ समझा नहीं' ज़ी म्यूजिक कंपनी के बैनर तले रिलीज हुआ। ग़ज़ल की ये पंक्तियाँ - 'मैंने कुछ समझा नहीं था, तुमने कुछ सोचा नहीं' - रेड एफएम की 'टॉप इंडी ग़ज़ल 2023' सूची में प्रथम स्थान पर रही। गीत को लता मंगेशकर स्टूडियो और अंधेरी वेस्ट के कृष्णा स्टूडियो में रिकॉर्ड किया गया। इस सफलता के बाद 'सुर म्यूजिक' (लॉस एंजिल्स, अमेरिका आधारित लेबल, राजीव महावीर और सुवर्णा पप्पू द्वारा स्थापित) ने उन्हें अपना पहला सॉन्ग 'मोहब्बत तेरी' के लिए चुना। गायिका सोहिनी डे और संगीतकार राजीव महावीर के साथ यह गीत बॉलीवुड-हॉलीवुड के बीच पुल बनाने वाले लेबल का लॉन्च गाना बना। कार्यक्रम में हरिहरन और सोहिनी डे ने तुषार की अन्य ग़ज़लों को भी गाया।

**प्रसिद्ध ग़ज़लें जो दिल छू जाती हैं**

नित्यानंद तुषार की ग़ज़लें जीवन की सच्चाइयों, रिश्तों, मुसीबतों और उम्मीद को बयान करती हैं। न्यूज18 ने उनकी पाँच मशहूर ग़ज़लों में से कुछ को विशेष रूप से प्रकाशित किया। उदाहरण के लिएः

**ग़ज़ल 1:** 'ये सफर कितना कठिन है रास्तों को क्या पता

कैसे-कैसे हम बचे हैं, हादसों को क्या पता।

आंधियाँ चलती हैं तो फिर सोचती कुछ भी नहीं



टूटते हैं पेड़ कितने, आंधियों को क्या पता।'

**ग़ज़ल 2:** 'मेरा अपना तजुर्बा है, इसे सबको बता देना

हिदायत से तो अच्छा है, किसी को मशवरा देना।

अभी हम हैं, हमारे बाद भी होगी हमारी बात

कभी मुमकिन नहीं होता, किसी को भी मिटा देना।

सितम की उम्र छोटी है, ज़रा उनको बता देना।'

ये पंक्तियाँ उनके संग्रह 'सितम की उम्र छोटी है' से ली गई हैं। उनकी ग़ज़लें पद्मश्री हरिहरन और सोहिनी डे द्वारा गाई जा चुकी हैं।

**एक इंजीनियर की शायराना ज़िंदगी**

तुषार का जीवन दोहरी चुनौतियों का प्रमाण है - दिन में पुल, सड़क और भवनों का निर्माण, रात में ग़ज़लों का निर्माण। वे कहते हैं कि इंजीनियरिंग ने उन्हें संरचना सिखाई, लेकिन शायरी ने उन्हें भावनाओं की संरचना सिखाई। उनके ब्लॉग 'दिल की बात' और सोशल मीडिया अकाउंट्स (@nityanandtushar) पर हजारों प्रशंसक उनकी नई रचनाएँ पढ़ते हैं।

**आगे की राह** 'सुर म्यूजिक' के साथ जुड़ने के बाद तुषार अब बॉलीवुड के अन्य मशहूर संगीतकारों के लिए भी गीत लिख रहे हैं। कई संग्रह प्रकाशनाधीन हैं। 63 वर्ष की उम्र में भी उनकी कलम रुकने का नाम नहीं ले रही। ग़ाज़ियाबाद से मुंबई तक की यह यात्रा साबित करती है कि सच्ची रचनात्मकता की कोई उम्र या पेशा नहीं होता। नित्यानंद तुषार की कहानी सिर्फ एक शायर की नहीं, बल्कि उन लाखों भारतीयों की है जो अपने सपनों को कभी नहीं छोड़ते। 'मोहब्बत तेरी' के बाद अब इंतजार है उनके अगले गीत और ग़ज़ल संग्रह का। शायर कहते हैं - 'ज़िंदगी की इक हकीकत आपसे कहता हूँ मैं' - और उनकी ज़िंदगी खुद एक हकीकत बन चुकी है।

## मोतीपुर ईदगाह में अदा हुई ईद की नमाज, मौलाना सुफियान ने बताया ईद का महत्व

- **हजारों नमाजियों ने मांगी अमन-चैन और भाईचारे की दुआ, गुनाहों से तौबा का किया आह्वान**



स्वतंत्र प्रभात

**सीतापुर** हरगांव थाना क्षेत्र की चौकी झरेखापुर अंतर्गत मोतीपुर गांव में ईद-उल-फ़ित्र का पर्व पूरे हर्षोल्लास, धार्मिक आस्था और आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया। शनिवार की सुबह जैसे ही दिन की शुरुआत हुई, गांव में त्योहार की रौनक साफ नजर आने लगी। लोग नहा-धोकर नए कपड़े पहनकर, इत्र की खुशबू लगाकर ईदगाह की ओर रवाना हुए। बच्चों से लेकर बुजुर्गो तक हर चेहरे पर खुशी और उत्साह झलक रहा था। ईदगाह में मोतीपुर गांव समेत दूर दराज से से पहुंचे हजारों की संख्या में नमाजियों ने एकत्र होकर ईद की विशेष नमाज अदा की। नमाज के दौरान अनुशासन, श्रद्धा और शांति का अद्भुत माहौल देखने को मिला। नमाज के उपरांत मौलाना मोहम्मद सुफियान ने उपस्थित नमाजियों को संबोधित करते हुए ईद के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ईद का पर्व अल्लाह तआला की ओर से मुसलमानों के लिए एक अनमोल तोहफा है, जो पूरे एक माह के रोजों, इबादत, सब्र और आत्मसंयम के बाद मिलता है। उन्होंने बताया कि रमजान का महीना इंसान को सिर्फ भूख-प्यास सहने का नाम नहीं सिखाता, बल्कि यह अपने अंदर की बुराइयों को खत्म करने, दूसरों के दुख-दर्द को समझने और इंसानियत के रास्ते पर चलने की प्रेरणा देता है। ईद उसी साधना और इबादत की खुशी का दिन है, जब इंसान अपने रब का शुक्र अदा करता है। मौलाना ने आगे कहा कि ईद केवल खुशियां मनाने का दिन नहीं, बल्कि अपने गुनाहों से सच्चे दिल से तौबा करने, अल्लाह से रहमत और मगफिरत मांगने तथा समाज में प्रेम, भाईचारे और एकता को मजबूत करने का अवसर भी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने दिलों में किसी के प्रति द्वेष न रखें, गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूसरे के करीब आएं और समाज में अमन-चैन का संदेश फैलाएं। नमाज के बाद सभी नमाजियों ने बारगाह-ए-इलाही में हाथ उठाकर अपने गुनाहों की माफी मांगी और मुल्क में अमन-चैन, खुशहाली और तरक्की की दुआ की। इसके बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। ईद मुबारक की गूंज के साथ पूरा वातावरण भाईचारे और अपनत्व से भर उठा।

इस दौरान झरेखापुर चौकी इंचार्ज अपने हमराही पुलिस बल के साथ सुबह से ही ईदगाह पर मौजूद रहे। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए नमाजियों से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की। पुलिस की सक्रिय मौजूदगी से लोगों ने खुद को सुरक्षित महसूस किया।

गांव में ईद के मौके पर हर घर में खुशियों की महक साफ महसूस की गई। लोगों ने अपने-अपने घरों में तरह-तरह के पारंपरिक पकवान तैयार किए, जिनमें सेवइयां, शीरखुरमा, मिठाइयां और अन्य लजीज व्यंजन शामिल रहे। दिनभर लोग एक-दूसरे के घरों में जाकर इन पकवानों का लुत्फ उठाते रहे और आपसी मेल-मिलाप को और मजबूत करते नजर आए।

बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। नए कपड़ों में सजे बच्चों के चेहरे खुशी से खिले हुए थे और उन्हें ईदी मिलने का खास इंतजार था। बड़े-बुजुर्गो ने बच्चों को ईदी देकर उनकी खुशियों में इजाफा किया। वहीं युवाओं ने भी एक-दूसरे के साथ समय बिताकर त्योहार का आनंद लिया। पूरे दिन गांव में आपसी सौहार्द, प्रेम और भाईचारे का वातावरण बना रहा। लोग एक-दूसरे के घर जाकर बधाई देते रहे, रिश्तों को मजबूत करते रहे और खुशी के इस मौके को यादगार बनाते रहे। यह सिलसिला देर शाम तक चलता रहा और मोतीपुर गांव ईद की खुशियों से सराबोर नजर आया। इस तरह मोतीपुर में मनाई गई ईद ने न केवल धार्मिक आस्था को मजबूत किया, बल्कि आपसी एकता, प्रेम और भाईचारे की मिसाल भी पेश की। इस मौके पर हमेशा की तरह इस बार भी सेलूमऊ प्रधान प्रतिनिधि सिद्धेश्वर सिंह, पवन सिंह व अन्य ने ईदगाह पहुंच कर लोगों से गले लग कर ईद की बधाई दी व कुशल क्षेम जाना।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा एल्पिस ग्लोबल स्कूल से निकाला गया पथ संचलन



**बिसवां, सीतापुर** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा स्थानीय एल्पिस ग्लोबल स्कूल से पथ संचलन निकाला गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता सह जिला प्रचारक विकल्प ने डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के जीवन एवं विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने संगठन की शक्ति के माध्यम से राष्ट्र निर्माण का मार्ग दिखाया। उन्होंने समाज में एकता, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति को मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने आगे कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का उद्देश्य समाज के सभी वर्गो को जोड़कर राष्ट्रहित में कार्य करना है तथा स्वयंसेवकों से उनके आदर्शो को अपनाने का आह्वान किया। इसके पश्चात निर्धारित गणवेश में वाद्य यंत्रों की धुन पर स्वयंसेवक पथ संचलन करते हुए मंसाराम चुंगी, सेठ गंज, बादल पूर्व, मगरिया बाजार, एसजीडी कॉलेज, दशहरा मैदान, वाल्मीकि मंदिर, शीतला देवी मंदिर एवं बड़ा चौराहा होते हुए पुनः एल्पिस ग्लोबल स्कूल पहुंचे। इस अवसर पर खंड संचालक राजेश सिंह बलराम वर्मा महानारायण वर्मा कुंवर दिनकर प्रताप सिंह विशाल गुप्ता कृपा अवस्थी रवि राज सिंह चंदन रस्तोगी रोहित मिश्रा सहित भारी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# पांच राज्यों के चुनाव में बदलते समीकरण

**भाजपा का रणनीतिक फोकस और दक्षिण से पूर्व तक चुनावी विजन की व्यापक तस्वीर**

भारत की राजनीति एक बार फिर निर्णायक मोड़ पर खड़ी है, जहां असम, पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु और पुडुचेरी जैसे राज्यों के चुनाव केवल क्षेत्रीय सत्ता परिवर्तन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह राष्ट्रीय राजनीति की दिशा और भविष्य की रणनीति तय करने वाले साबित हो सकते हैं। इन चुनावों में सबसे अधिक चर्चा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की रणनीति को लेकर है, क्योंकि पार्टी अब केवल हिंदी पट्टी तक सीमित नहीं रहना चाहती, बल्कि दक्षिण और पूर्वी भारत में भी अपने प्रभाव को निर्णायक रूप से स्थापित करने के प्रयास में है। इन चुनावों में भाजपा का फोकस विकास, राष्ट्रीय सुरक्षा, सांस्कृतिक पहचान और कल्याणकारी योजनाओं के संतुलन पर है, जबकि विपक्षी दल क्षेत्रीय पहचान, सामाजिक न्याय और लोकल मुद्दों के सहारे मुकाबला कर रहे हैं। असम में जहां हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व में भाजपा सरकार अपने विकास मॉडल, बुनियादी ढांचे के विस्तार और 'असमिया अस्मिता' की रक्षा को मुख्य मुद्दा बना रही है, वहीं पश्चिम बंगाल, केरल और तमिलनाडु जैसे राज्यों में भाजपा की रणनीति पूरी तरह अलग और अधिक जटिल दिखाई देती है। असम में भाजपा अपेक्षाकृत मजबूत स्थिति में है और यहां उसका फोकस सत्ता बनाए रखने पर है, जबकि बंगाल और दक्षिण भारत में वह विस्तारवादी रणनीति के तहत नई सामाजिक और राजनीतिक जमीन तैयार कर रही है। पश्चिम बंगाल में मुकाबला मुख्यतः भाजपा और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के बीच केंद्रित है, जहां ममता बनर्जी के नेतृत्व में टीएमसी ने इस बार 103 नए चेहरों को मैदान में उतारकर एक बड़ा राजनीतिक संदेश देने की कोशिश की है। फिल्मी सितारों की संख्या घटाकर आम और जमीनी स्तर




से जुड़े उम्मीदवारों को प्राथमिकता देना यह दर्शाता है कि टीएमसी एंटी-इन्कम्बेंसी को कम करने और नए वोटरों को आकर्षित करने की रणनीति अपना रही है। इसके जवाब में भाजपा का फोकस 'परिवर्तन' के नारे, भ्रष्टाचार के आरोप, केंद्रीय योजनाओं के लाभ और 'डबल इंजन सरकार' के वादे पर है।

भाजपा बंगाल में कानून-व्यवस्था, राजनीतिक हिंसा और घोटालों जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठा रही है, जिससे वह शहरी और मध्यम वर्ग के साथ-साथ युवा मतदाताओं को अपने पक्ष में कर सके। बंगाल में भाजपा की एक और महत्वपूर्ण रणनीति हिंदुत्व और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को स्थानीय पहचान के साथ जोड़ने की है, जिसमें धार्मिक स्थलों, परंपराओं और त्योहारों को राजनीतिक विमर्श का हिस्सा बनाया जा रहा है। हालांकि यह रणनीति पूरी तरह सफल होगी या नहीं, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि भाजपा स्थानीय बंगाली अस्मिता के साथ कितनी सहजता से खुद को जोड़ पाती है। केरल में भाजपा की स्थिति अपेक्षाकृत कमजोर है, लेकिन यहां पार्टी लगातार अपनी उपस्थिति मजबूत करने की कोशिश कर रही है। केरल की राजनीति परंपरागत रूप से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ और वाम लोकतांत्रिक मोर्चा के बीच घूमती रही है, लेकिन भाजपा अब इस द्विध्रुवीय राजनीति को तोड़ने की कोशिश में है। भाजपा का फोकस यहां सबरीमाला मंदिर मुद्दा, हिंदू वोटों का ध्रुवीकरण, और केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों को जोड़ने पर है। साथ ही पार्टी ईसाई समुदाय के साथ भी संवाद बढ़ाकर सामाजिक समीकरण बदलने की कोशिश कर रही है।तमिलनाडु में भाजपा की चुनौती और भी बड़ी है, क्योंकि यहां द्रविड़ राजनीति का गहरा प्रभाव है। द्रविड़ मुनेत्र कड़गम और अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम के बीच पारंपरिक मुकाबले में भाजपा खुद को तीसरे विकल्प के रूप में स्थापित करने का प्रयास कर रही है।

यहां भाजपा का चुनावी विजन 'संस्कृति बनाम द्रविड़ विचारधारा' के साथ-साथ विकास और निवेश को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। प्रधानमंत्री की लोकप्रियता, केंद्र की योजनाएं और राष्ट्रीय मुद्दों को स्थानीय संदर्भ में प्रस्तुत करना भाजपा की रणनीति का अहम हिस्सा है।इन सभी राज्यों में भाजपा जिन प्रमुख मुद्दों पर जनता को अपने पक्ष में करने की कोशिश कर रही है, उनमें सबसे पहले विकास और बुनियादी ढांचे का विस्तार है। सड़क, रेलवे, डिजिटल कनेक्टिविटी और रोजगार के अवसरों को पार्टी अपने सबसे बड़े उपलब्धि के रूप में पेश कर रही है। दूसरा बड़ा मुद्दा 'डबल इंजन सरकार' का है, जिसमें यह दावा किया जाता है कि केंद्र और राज्य में एक ही पार्टी की सरकार होने से विकास तेजी से होता है। तीसरा महत्वपूर्ण मुद्दा कल्याणकारी योजनाएं हैं, जैसे मुफ्त राशन, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत और पीएम आवास योजना, जिनके लाभार्थियों को भाजपा अपने स्थायी वोट बैंक में बदलने की कोशिश कर रही है।इसके अलावा राष्ट्रीय सुरक्षा, आतंकवाद के खिलाफ सख्ती और भारत की वैश्विक छवि को मजबूत करने जैसे मुद्दे भी भाजपा के चुनावी अभियान का हिस्सा हैं। वहीं सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और हिंदुत्व भी कई राज्यों में पार्टी के लिए प्रभावी हथियार बने हुए हैं, हालांकि दक्षिण भारत में इसे अधिक सावधानी से इस्तेमाल किया जा रहा है।इस बार के चुनावों में यह भी देखने को मिल रहा है कि भाजपा स्थानीय नेतृत्व को आगे बढ़ाने की रणनीति अपना रही है, ताकि यह धारणा खत्म की जा सके कि पार्टी केवल केंद्रीय नेतृत्व पर निर्भर है। साथ ही सोशल मीडिया, डिजिटल कैंपेन और डेटा आधारित चुनावी रणनीति का भी व्यापक उपयोग किया जा रहा है।विपक्षी दल भी अपनी-अपनी रणनीति के साथ मैदान में हैं। बंगाल में टीएमसी जहां 'दीदी के 10 संकल्प' और लक्ष्मी भंडार जैसी योजनाओं के जरिए महिलाओं और गरीब वर्ग को साधने की कोशिश कर रही है, वहीं केरल में राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस बदलाव का नारा दे रही है। इन सबके बीच चुनावी मुकाबला केवल नीतियों का नहीं, बल्कि नैरेटिव और धारणा का भी बन गया है।अंततः यह कहा जा सकता है कि पांच राज्यों के ये चुनाव केवल क्षेत्रीय सत्ता का संघर्ष नहीं हैं, बल्कि यह भाजपा के राष्ट्रीय विस्तार, विपक्ष की एकजुटता और भारतीय राजनीति के भविष्य की दिशा तय करने वाले हैं। भाजपा जहां विकास, राष्ट्रवाद और कल्याणकारी योजनाओं के सहारे अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश कर रही है, वहीं विपक्ष स्थानीय मुद्दों, सामाजिक समीकरणों और क्षेत्रीय पहचान के आधार पर उसे चुनौती दे रहा है। आने वाले परिणाम यह तय करेंगे कि क्या भाजपा अपनी रणनीति में सफल होती है या फिर क्षेत्रीय दल अपनी पकड़ बनाए रखते है।

**कांतिलाल मांडोत**

# संपादकीय

## युद्ध विराम के लिए भारत होगा संभावित विकल्प

**यू.एन.ओ की भूमिका पर प्रश्न चिन्ह**

वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में संयुक्त राष्ट्र संघ की भूमिका पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े हो रहे हैं। विशेषकर तब जब दुनिया लगातार संघर्षों की आग में झुलस रही है, रूस-यूक्रेन युद्ध से लेकर इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष और अब अमेरिका-इजरायल-ईरान महायुद्ध ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वैश्विक शांति स्थापित करने वाली संस्थाएं अपेक्षित प्रभाव खोती जा रही हैं। कभी विश्व राजनीति का केंद्र माने जाने वाला यह संयुक्त राष्ट्र संघ अब कई बार केवल औपचारिक बयानबाजी तक सीमित दिखाई देता है, युद्धविराम के प्रयास या तो बहुत देर से होते हैं या फिर प्रभावहीन सिद्ध होते हैं, यही कारण है कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर यह चर्चा जोर पकड़ रही है कि क्या संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की संरचना और कार्यप्रणाली आज के समय के अनुरूप है भी या नहीं, क्योंकि स्थायी सदस्यों के वीटो अधिकार ने कई बार निर्णय प्रक्रिया को जकड़ कर रख दिया है। परिणामस्वरूप शक्तिशाली देशों के हितों के आगे सामूहिक शांति प्रयास कमजोर पड़ जाते हैं, इस संदर्भ में यह धारणा भी बलवती हुई है कि संयुक्त राज्य अमेरिका का प्रभाव इस संस्था पर अत्यधिक है जिससे अमेरिका का पिछलग्गू कहा जाता है जिससे निष्पक्षता पर प्रश्न उठते हैं। ऐसे जटिल वैश्विक समीकरणों के बीच भारत एक संतुलित और विश्वसनीय शक्ति के रूप में उभर कर सामने आया है। भारत की विदेश नीति का मूल आधार 'वसुधैव कुटुम्बकम' और 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' जैसे सिद्धांत रहे हैं, यही कारण है कि भारत ने कभी भी किसी एक ध्रुव का समर्थन करने के बजाय संवाद और कूटनीति को प्राथमिकता दी है। चाहे संबंध अमेरिका से हो या रूस से, चाहे इजरायल के साथ रणनीतिक साझेदारी हो या ईरान के साथ ऊर्जा और सांस्कृतिक रिश्ते, भारत ने हर दिशा में संतुलन बनाए रखा है, यही संतुलन आज उसे वैश्विक मध्यस्थ की भूमिका के लिए उपयुक्त व बेहतर विकल्प बनाता है। वर्तमान परिस्थिति में जब पश्चिमी देश एक तरफ खड़े दिखाई देते हैं और कई इस्लामी देश दूसरी तरफ, तब भारत एक ऐसे राष्ट्र के रूप में सामने आता है जिसके पास सभी पक्षों से संवाद करने की क्षमता और विश्वास दोनों हैं, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब तथा अन्य अरब देशों के साथ भारत के मजबूत आर्थिक और कूटनीतिक संबंध हैं, वहीं फ्रांस और ब्रिटेन जैसे पश्चिमी देशों के साथ भी भारत की साझेदारी मजबूत है, इसके अतिरिक्त अफ्रीकी देशों के साथ भारत का ऐतिहासिक सहयोग और विकासात्मक भागीदारी उसे एक प्रभावी वैश्विक प्रतिनिधि बनाती है, यही कारण है कि आज जब संयुक्त राष्ट्र संघ की प्रभावशीलता पर प्रश्न उठ रहे हैं तब भारत को एक संभावित विकल्प या कम से कम एक प्रभावी पूरक शक्ति के रूप में देखा जा रहा है, हालांकि यह भी समझना आवश्यक है कि किसी एक देश के लिए पूरी दुनिया में शांति स्थापित करना आसान नहीं है, भारत की अपनी सीमाएं हैं, उसकी प्राथमिकताएं हैं और उसकी आंतरिक चुनौतियां भी हैं, फिर भी भारत ने समय-समय पर शांति प्रयासों में सक्रिय भूमिका निभाई है, चाहे वह शांति सैनिकों की तैनाती हो या मानवीय सहायता, भारत हमेशा अग्रणी रहा है, वर्तमान संकट में भारत यदि सक्रिय कूटनीतिक पहल करता है, तो वह संवाद के नए रास्ते खोल सकता है। बैक-चैनल वार्ता, बहुपक्षीय बैठकें और क्षेत्रीय शांति सम्मेलन जैसे उपाय भारत के माध्यम से संभव हो सकते हैं, इसके साथ ही भारत का जी-20 जैसे मंचों पर नेतृत्व अनुभव भी उसे वैश्विक सहमति बनाने में मदद करता है, लेकिन यह अपेक्षा करना कि भारत पूरी तरह से संयुक्त राष्ट्र संघ का विकल्प बन जाएगा, शायद व्यावहारिक नहीं है, क्योंकि संयुक्त राष्ट्र की संरचना, वैधता और वैश्विक स्वीकृति अभी भी अद्वितीय है, आवश्यकता इस बात की है कि भारत जैसे उभरते शक्तिशाली राष्ट्र इस संस्था में सुधार की दिशा में नेतृत्व करें, सुरक्षा परिषद का विस्तार, वीटो प्रणाली में बदलाव और विकासशील देशों की अधिक भागीदारी जैसे कदम इस संस्था को पुनः प्रासंगिक बना सकते हैं, अंततः यह कहा जा सकता है कि आज की दुनिया एक नए संतुलन की तलाश में है, जहां पुरानी संस्थाएं कमजोर पड़ रही हैं और नई शक्तियां उभर रही हैं।इस संक्रमण काल में भारत की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, वह न केवल एक मध्यस्थ बन सकता है बल्कि एक नैतिक मार्गदर्शक भी बन सकता है, यदि भारत अपनी कूटनीतिक सूझबूझ, संतुलित नीति और वैश्विक विश्वास को सही दिशा में उपयोग करता है तो वह न केवल वर्तमान युद्ध को रोकने में योगदान दे सकता है बल्कि भविष्य के लिए एक अधिक न्यायपूर्ण और शांतिपूर्ण विश्व व्यवस्था की नींव भी रख सकता है, यही समय है जब भारत को अपनी 'विश्वगुरु' की अवधारणा को व्यवहारिक रूप में सिद्ध करना होगा और दुनिया को यह दिखाना होगा कि शक्ति केवल सैन्य बल में नहीं बल्कि संवाद, संयम और समन्वय में भी निहित होती है।

**संजीव ठाकुर**

# क्यों धुरंधर 2 ने रचे नए कीर्तिमान

आदित्य धर के निर्देशन में बनी और रणवीर सिंह अभिनीत 'धुरंधर 2' ने भारतीय सिनेमा के इतिहास में एक ऐसा अध्याय लिख दिया है जिसे आने वाले कई दशकों तक याद रखा जाएगा। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म ने जो सुनामी पैदा की है, उसने न केवल पुराने रिकॉर्ड्स को ध्वस्त कर दिया है, बल्कि पूरी फिल्म इंडस्ट्री की नींव हिलाकर रख दी है। रणवीर सिंह की इस महा-ब्लॉकबस्टर ने अपने पहले तीन दिनों के भीतर ही 339.27 करोड़ रुपये का जादुई और ऐतिहासिक कलेक्शन कर लिया है, जो कि किसी भी भारतीय फिल्म के लिए एक स्वप्निल शुरुआत से कम नहीं है। व्यापार विश्लेषकों और ट्रेड पंडितों के बीच इस समय केवल एक ही चर्चा का विषय है कि आखिर कैसे यह फिल्म इतनी बिजली की गति से 300 करोड़ क्लब में अपनी जगह बनाने में सफल रही। सैकनिल्क के शुरुआती रुझानों और आधिकारिक अनुमानों की मानें तो, फिल्म ने अपने तीसरे दिन यानी रविवार को अकेले 113 करोड़ रुपये की अविश्वसनीय कमाई की है, जो हिंदी सिनेमा के समूचे इतिहास में किसी भी फिल्म द्वारा एक दिन में किया गया सबसे बड़ा सिंगल-डे कलेक्शन है। इस विशाल कमाई के पीछे फिल्म को मिली 81.6 प्रतिशत की जबरदस्त ऑक्यूपेंसी का हाथ है, जिसे देशभर के 20,917 शोज पर प्रदर्शित किया जा रहा है। अगर हम इस कमाई का भाषा-वार विश्लेषण करें, तो हिंदी वर्जन ने अकेले 105 करोड़ रुपये का योगदान दिया है, जबकि दक्षिण भारतीय बाजारों में भी फिल्म का डंका बजा है; तेलुगू में 5 करोड़, तमिल में 2.95 करोड़, और मलयालम व कन्नड़ में भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। हालांकि ये आंकड़े अभी शुरुआती और अनौपचारिक श्रेणी में हैं, लेकिन इसने यह स्पष्ट कर दिया है कि 'धुरंधर 2' ने बाजार के समीकरणों को पूरी तरह से बदलकर रख दिया है। फिल्म के डे-वाइज कलेक्शन की यात्रा किसी थ्रिलर फिल्म से कम रोमांचक नहीं रही है। इसकी सफलता की आहट तभी मिल गई थी जब इसके पेड प्रीव्यूज से ही 43 करोड़ रुपये की भारी-भरकम राशि बटोर ली गई थी। इसके बाद, पहले दिन की आधिकारिक शुरुआत 102.55 करोड़ रुपये के साथ हुई, जिसने अब तक के सारे ओपनिंग रिकॉर्ड्स को मटियामेट कर दिया। दूसरे दिन, हालांकि मामूली गिरावट देखी गई, फिर भी 80.72 करोड़ रुपये का आंकड़ा यह साबित करने के लिए काफी था कि फिल्म के प्रति दर्शकों का क्रेज कम नहीं हुआ है। लेकिन असली धमाका तीसरे दिन हुआ, जब 113 करोड़ की कमाई ने इसे सफलता के उस शिखर पर पहुंचा दिया जहां पहुंचना 'जवान' या 'पठान' जैसी फिल्मों के लिए भी इतना त्वरित नहीं था। महज तीन दिनों में 300 करोड़ का आंकड़ा पार करना हिंदी सिनेमा के लिए एक नया मानदंड है, खासकर जब हिंदी बेल्ट में किसी फिल्म ने पहली बार एक ही दिन में 100 करोड़ की बाधा को पार किया हो। 275 करोड़ रुपये के विशाल बजट पर निर्मित यह फिल्म न केवल लागत वसूलने के करीब है, बल्कि अब शुद्ध लाभ के क्षेत्र में प्रवेश कर चुकी है, और ट्रेड विशेषज्ञों का मानना है कि 'मंडे टेस्ट' में भी इसकी पकड़ उतनी ही मजबूत रहेगी। इस अभूतपूर्व सफलता का राज आखिर है क्या? इसका उत्तर मिलता है फिल्म के कैप्टन, निर्देशक आदित्य धर की दूरदर्शिता में। अपनी पहली फिल्म 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' से राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने वाले आदित्य ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वह देशभक्ति और एक्शन के तालमेल को समझने वाले देश के सबसे बेहतरीन निर्देशकों में से एक हैं। 'धुरंधर 2' तकनीकी रूप से 'उरी' का सीक्वल नहीं है, लेकिन इसकी आत्मा और इसका स्केल उससे कहीं अधिक विशाल और प्रभावशाली है। फिल्म की सबसे बड़ी यूएसपी रणवीर सिंह का डबल रोल है हमजा और जसकीरत सिंह रंगी। रणवीर ने इन दोनों किरदारों के बीच जो महीन अंतर पैदा किया है, वह काबिले तारीफ है। हमजा एक ऐसा 'रफ एजेंट' है जो बिना किसी डर के दुश्मन के गढ़ में घुस जाता है, जबकि जसकीरत एक रणनीतिक मास्टरमाइंड है जो अपनी बुद्धिमत्ता से युद्ध जीतता है।

फिल्म की कहानी पिछली घटनाओं को खूबसूरती से जोड़ती है और दिखाती है कि कैसे ये दोनों किरदार एक बड़े राष्ट्रीय मिशन का हिस्सा बनते हैं। फिल्म के एक्शन सीक्वेंस किसी भी बड़े हॉलीवुड प्रोडक्शन को कड़ी टक्कर देते हैं। हाई-ऑक्टेन चेज, आधुनिक ड्रोन हमले और हैंड-टू-हैंड कॉम्बैट दृश्यों में की गई मेहनत पर्दे पर साफ दिखाई देती है। विशेष रूप से बॉर्डर पर बर्फ से ढके पहाड़ों के दृश्य और वहां होने वाला क्लाइमैक्स वीएफएक्स की दृष्टि से एक मास्टरपीस है। जसलीन रॉयल का बैकग्राउंड स्कोर और संगीत फिल्म के 'पैट्रियॉटिक फीवर' को चरम पर ले जाता है, जो दर्शकों के रोंगटे खड़े करने के लिए पर्याप्त है। फिल्म की कास्टिंग इस प्रोजेक्ट का एक और मजबूत स्तंभ है। संजय दत्त ने एक दमदार मेंटर की भूमिका निभाई है और उनकी संवाद अदायगी किसी बम के धमाके की तरह थिएटर में गूंजती है। आर. माधवन इस फिल्म के सरप्राइज पैकेज हैं; विलेन के रूप में उनका शांत लेकिन खतरनाक अंदाज दर्शकों को डराने में सफल रहता है। माधवन की मौजूदगी ने ही फिल्म के लिए दक्षिण भारतीय बाजारों के द्वार खोल दिए हैं। अर्जुन रामपाल ने अपने 'रॉ एक्शन' रोल में खुद को पूरी तरह झोंक दिया है, जबकि अनुभवी कलाकार राकेश बेदी तनावपूर्ण माहौल में कॉमिक रिलीफ देकर संतुलन बनाए रखते हैं। सारा अर्जुन ने अपने रोमांटिक ट्रैक और इमोशनल सीन्स के साथ फिल्म को एक मानवीय स्पर्श दिया है। लेकिन अंततः, यह रणवीर सिंह की अदम्य ऊर्जा ही है जो फिल्म के इंजन को चलाती है। उनका शारीरिक परिवर्तन मजबूत मांसपेशियां और आँखों में वो चमक–बताती है कि उन्होंने इस किरदार के लिए कितनी कड़ी ट्रेनिंग ली होगी। आदित्य धर ने अपनी पूरी कास्ट को इस तरह संतुलित किया है कि हर छोटा-बड़ा कलाकार चमकने का मौका पाता है। फिल्म के प्रति क्रिटिक्स और दर्शकों का नजरिया भी उतना ही उत्साहजनक है।

आईएमडीबी पर 9.2/10 की रेटिंग और बूक माय शो पर 4.8 स्टार्स की लोकप्रियता यह दर्शाती है कि फिल्म ने दिल और दिमाग दोनों जीते हैं। फिल्म समीक्षकों ने इसे 'पैट्रियॉटिक एक्शन का नया बेंचमार्क' करार दिया है। उद्योग जगत की हस्तियों ने भी फिल्म की जमकर सराहना की है; अक्षय कुमार ने ट्वीट कर आदित्य और रणवीर को देश का गौरव बढ़ाने के लिए बधाई दी, तो वहीं अजय देवगन ने रणवीर के डबल रोल को 'लीजेंड्री' बताया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर #Dhurandharw लगातार ट्रेंड कर रहा है, जहाँ फिल्म से जुड़ी फैन थ्योरीज और मीम्स की बाढ़ आ गई है। पारिवारिक दर्शकों से लेकर युवाओं तक, हर कोई सिनेमाघरों से तालियां बजाते और सीटियां मारते हुए बाहर निकल रहा है। हालांकि कुछ विशेषज्ञों ने स्क्रिप्ट को थोड़ा अनुमानित बताया है, लेकिन फिल्म की भव्यता और ट्रीटमेंट ने उन छोटी कमियों को पूरी तरह से ढक दिया है। व्यापक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संदर्भ में देखें तो 'धुरंधर 2' केवल एक मनोरंजन का साधन मात्र नहीं है, बल्कि एक सांस्कृतिक परिघटना बन गई है। भारत-पाकिस्तान सीमा पर बढ़ते तनाव और हालिया भू-राजनीतिक वास्तविकताओं से प्रेरित यह फिल्म दर्शकों को असल घटनाओं की याद दिलाती है। आज के समय में, जब देश चीन के साथ सीमा विवाद और पाकिस्तान की ओर से छद्म युद्ध जैसी चुनौतियों का सामना कर रहा है, यह फिल्म बेहद सामयिक और प्रासंगिक महसूस होती है। रणवीर का किरदार भारतीय सशस्त्र बलों के प्रति एक विनम्र श्रद्धांजलि है। 'देश की रक्षा में जान की बाजी लगाना हमारा धर्म है' जैसे संवाद सीधे दर्शकों के दिलों को छूते हैं और थिएटर के भीतर एक सामूहिक देशभक्ति की भावना जागृत करते हैं। फिल्म ने न केवल सिनेमाघरों में भीड़ जुटाई है, बल्कि लोगों के भीतर अपनी सेना के प्रति सम्मान और गर्व के भाव को और गहरा किया है। बॉक्स ऑफिस की दृष्टि से 'धुरंधर 2' ने कोविड के बाद के उस दौर को एक जबरदस्त बूस्ट दिया है, जहाँ फिल्म इंडस्ट्री अपनी पहचान फिर से खोजने की कोशिश कर रही थी। 2023 से 2025 के बीच के कुछ धीमे चरणों के बाद, यह पहली ऐसी फिल्म बनकर उभरी है जिसने सही मायने में 'मास एंटरटेनमेंट' को परिभाषित किया है।

यदि इसकी तुलना 'आर आर आर' से की जाए, तो जहाँ उस फिल्म ने दक्षिण से उत्तर की ओर एक सेतु बनाया था, वहीं 'धुरंधर 2' ने हिंदी सिनेमा को वैश्विक स्तर पर नेतृत्व प्रदान किया है। फिल्म का वर्ल्डवाइड कलेक्शन 450 करोड़ रुपये के पार जाने की ओर अग्रसर है और विदेशी बाजारों जैसे अमेरिका, खाड़ी देशों और ब्रिटेन में भी इसे अभूतपूर्व प्रतिक्रिया मिल रही है। निर्माता यश राज फिल्म्स के लिए यह निवेश एक जैकपॉट साबित हुआ है, और ट्रेड एक्सपर्ट्स का दावा है कि यदि फिल्म का वीकडे होल्ड 50 प्रतिशत भी रहता है, तो इसे 1000 करोड़ के क्लब में शामिल होने से कोई नहीं रोक सकता। आदित्य धर की अपनी यात्रा भी कम प्रेरणादायक नहीं है। एक साधारण पृष्ठभूमि से निकलकर राष्ट्रीय स्तर के निर्देशक बनने तक, उन्होंने हर कदम पर यह साबित किया है कि अगर कंटेंट दमदार हो तो वह किसी भी बड़े बजट या स्टार पावर से ऊपर है। 'धुरंधर 2' में उनका विजन स्पष्ट है वे एक ऐसी कहानी कहना चाहते थे जो विश्वसनीय भी हो और भव्य भी। दूसरी ओर, रणवीर सिंह की यह 'कमबैक स्टोरी' भी उतनी ही महत्वपूर्ण है।

**महेन्द्र तिवारी**

# मौसम का विज्ञानः जो केवल बताता नहीं, जीवन बचाता है

**[ जब नजरें सतर्क हों, तब आपदाएं बेअसर होती हैं ]**
**[ अनिश्चित प्रकृति के बीच निश्चित सुरक्षा का विज्ञान ]**

क्षितिज पर अचानक छा जाने वाला घना अंधकार, समुद्र की गर्जन करती लहरें और प्रकृति की अनिश्चित चाल–मौसम का यह स्वरूप केवल परिवर्तन नहीं, बल्कि चेतावनी का संकेत भी है। 23 मार्च 2026 का विश्व मौसम दिवस इसी संकेत को समझकर उसे मानव सुरक्षा में बदलने का सशक्त संदेश देता है। इस वर्ष की थीम 'आज का अवलोकन, कल की सुरक्षा' केवल शब्दों का संयोजन नहीं, बल्कि आधुनिक विज्ञान की वह आधारशिला है जिस पर सुरक्षित भविष्य निर्मित होता है। आज पृथ्वी के हर कोने से एकत्रित होने वाला सूक्ष्म डेटा हमें संभावित खतरों से पहले ही सतर्क कर देता है। यही वजह है कि मौसम विज्ञान अब सिर्फ पूर्वानुमान की सीमा में नहीं, बल्कि जीवन रक्षा के एक प्रभावी और अनिवार्य साधन के रूप में स्थापित हो चुका है। प्रकृति के रहस्यों को जानने की मानव जिज्ञासा ने ही विश्व मौसम दिवस की मजबूत नींव रखी। 23 मार्च 1950 को इसकी औपचारिक शुरुआत एक वैश्विक संगठन के रूप में हुई, जिसने दुनिया के देशों को एक साझा मंच पर जोड़ा। इसका उद्देश्य स्पष्ट और व्यापक था–मौसम, जलवायु और जल संसाधनों को बेहतर ढंग से समझने के लिए सहयोग और सूचनाओं का मुक्त आदान-प्रदान सुनिश्चित करना। समय के साथ यह दिवस केवल औपचारिक आयोजन न रहकर एक प्रभावशाली जागरूकता अभियान बन गया, जो यह संदेश देता है कि प्रकृति को समझे बिना संतुलित विकास संभव नहीं। यह दिन उस ऐतिहासिक निर्णय की याद दिलाता है, जब विश्व ने मौसम विज्ञान को मानव कल्याण का आधार स्वीकार किया। आज मौसम विज्ञान अत्याधुनिक तकनीकों से संचालित एक सशक्त और विस्तृत तंत्र बन चुका है। उपग्रहों की सतत निगरानी, रडार की सटीक प्रणाली, समुद्री उपकरणों की सक्रियता और स्वचालित मौसम केंद्र मिलकर पृथ्वी के हर हिस्से पर नजर रखते हैं। प्रतिदिन एकत्रित विशाल आंकड़ों का विश्लेषण सुपर कंप्यूटर और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से किया जाता है। इनसे तैयार पूर्वानुमान केवल मौसम की जानकारी तक सीमित नहीं रहते, बल्कि कृषि, परिवहन, उद्योग और आपदा प्रबंधन को भी स्पष्ट दिशा प्रदान करते हैं। यह तंत्र जितना जटिल है, उतना ही अनिवार्य भी, क्योंकि इसी के माध्यम से अनिश्चित परिस्थितियों को पहले से समझकर उनसे बचाव संभव होता है। 'आज का अवलोकन, कल की सुरक्षा' थीम इस पूरी व्यवस्था का मूल और प्रभावशाली संदेश प्रस्तुत करती है। आज किया गया हर मापन और हर अवलोकन भविष्य के संभावित संकटों को टालने का मजबूत आधार बनता है। किसी छोटे गांव में दर्ज तापमान या समुद्र से प्राप्त एक संकेत भी व्यापक प्रभाव डाल सकता है। यह थीम स्पष्ट रूप से बताती है कि अवलोकन केवल वैज्ञानिकों तक सीमित नहीं, बल्कि समाज के हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। जब किसान मौसम के संकेतों को समझता है या सामान्य नागरिक चेतावनियों पर ध्यान देता है, तब वह भी इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया का सक्रिय हिस्सा बन जाता है। यह थीम विज्ञान और समाज के बीच एक सशक्त और आवश्यक सेतु का निर्माण करती है। समय पर चेतावनी ही वह शक्ति है, जिसने मौसम विज्ञान को जीवन रक्षक बना दिया है। प्रभावी पूर्व चेतावनी प्रणाली इस अवलोकन प्रक्रिया का सबसे महत्वपूर्ण परिणाम है। बीते दशकों में यह सिद्ध हो चुका है कि समय पर दी गई चेतावनी लाखों जानें बचा सकती है। पहले जहां प्राकृतिक आपदाएं अचानक विनाश लेकर आती थीं, वहीं अब उनके आने से पहले ही लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा सकता है। इससे न केवल जनहानि कम होती है, बल्कि आर्थिक नुकसान भी नियंत्रित रहता है। आधुनिक तकनीक और सटीक डेटा के कारण अब चक्रवात, बाढ़ और सूखे जैसी घटनाओं का पूर्वानुमान संभव हो गया है। यह परिवर्तन इस बात का प्रमाण है कि सही समय पर सही जानकारी कितनी निर्णायक हो सकती है। निरंतर प्रगति के साथ भारत में मौसम विज्ञान एक मजबूत स्तंभ के रूप में उभर रहा है। भारत में मौसम विज्ञान का क्षेत्र तेजी से विकसित हुआ है और यह वैश्विक स्तर पर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। देश के विभिन्न हिस्सों में स्थापित आधुनिक उपकरण और अनुसंधान केंद्र निरंतर डेटा एकत्र कर रहे हैं। मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान किसानों, मछुआरों और आम नागरिकों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित हो रहे हैं। विशेष रूप से आपदा के समय यह तंत्र जीवन रक्षक बन जाता है। भारत न केवल अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित कर रहा है, बल्कि वैश्विक नेटवर्क में भी सक्रिय योगदान दे रहा है। विश्व मौसम दिवस हमें व्यक्तिगत स्तर पर भी जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा देता है। आज के डिजिटल युग में हर व्यक्ति के हाथ में ऐसी तकनीक है, जिसके माध्यम से वह मौसम की जानकारी प्राप्त कर सकता है और दूसरों तक पहुंचा सकता है। यदि हम समय-समय पर मौसम संबंधी चेतावनियों पर ध्यान दें, जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूक रहें और प्राकृतिक संसाधनों का संतुलित उपयोग करें, तो हम इस वैश्विक प्रयास का हिस्सा बन सकते हैं। यह दिवस हमें यह समझाता है कि सुरक्षित भविष्य केवल सरकारों या वैज्ञानिकों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। समय की मांग को समझने वाला यह दिवस केवल एक तिथि नहीं, बल्कि सोच बदलने का सशक्त संदेश है–ऐसा दृष्टिकोण जो वर्तमान के ज्ञान को भविष्य की सुरक्षा में बदलने की क्षमता रखता है। विश्व मौसम दिवस हमें याद दिलाता है कि आज का हर अवलोकन आने वाले कल को सुरक्षित बनाने की दिशा में एक ठोस कदम है। जब विज्ञान, तकनीक और जागरूकता एक साथ जुड़ते हैं, तब ऐसा विश्व संभव होता है जहां आपदाएं भय नहीं, बल्कि तैयारी का संकेत बन जाती हैं। यही इस दिवस का सार है कि हम प्रकृति को समझें, उससे सीखें और उसके साथ संतुलन बनाकर एक सुरक्षित, सशक्त और स्थायी भविष्य की ओर आगे बढ़ें।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**

# शहीद दिवसः क्या राष्ट्रप्रेम अब केवल एक प्रतीक भर रह गया है?

भारत हर वर्ष 23 मार्च को शहीद दिवस मनाता है । यह केवल एक तिथि नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा में अंकित वह क्षण है जब भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु ने हंसते हंसते फांसी के फंदे को चूम कर इतिहास को अमर कर दिया । लेकिन आज, जब देश स्वतंत्रता के 75 वर्ष पार कर चुका है, एक असहज प्रश्न हमारे सामने खड़ा है कि क्या हम उस बलिदान की अग्नि को अपने भीतर जीवित रख पाए हैं, या वह केवल औपचारिक स्मरण तक सिमट गई है ?

आधुनिक भारत की हाईटेक और डिजिटल होती पीढ़ी के लिए यह समझना अत्यंत आवश्यक है कि आज़ादी कोई उपहार नहीं थी। यह उन अनगिनत क्रांतिकारियों की कीमत पर मिली, जिन्होंने अपने जीवन, अपने सपने और अपने परिवार तक को राष्ट्र के चरणों में समर्पित कर दिया। भगत सिंह महज 23 वर्ष के थे, जब उन्होंने फांसी को गले लगाया। यह वही उम्र है, जब आज का युवा अपने करियर, सुविधाओं और निजी आकांक्षाओं के बारे में सोचता है। ऐसे में यह तुलना स्वयं में एक प्रश्न बन जाती है कि क्या हमारे समय का 'युवा' उस युग के 'युवा' के समान अर्थ रखता है? साइमन कमीशन के विरोध में लाला लाजपत राय पर हुए निर्मम लाठीचार्ज और उनकी मृत्यु ने भारतीय युवाओं के मन में क्रांति की ज्वाला भड़का दी। इसी ज्वाला का परिणाम था सांडर्स वध, जिसने ब्रिटिश साम्राज्य को यह संदेश दिया कि भारत का युवा अब अन्याय सहने को तैयार नहीं है। इसके बाद केंद्रीय असेंबली में बम फेंकने की घटना–जिसे भगत सिंह ने 'बहरों को सुनाने का प्रयास' बताया था सिर्फ एक विस्फोट नहीं था, बल्कि विचारों का उद्घोष था। बटुकेश्वर दत्त के साथ मिलकर उन्होंने गिरफ्तारी दी, ताकि उनका संदेश पूरे देश में गूंज सके। जब अंग्रेजी हुकूमत ने इन युवाओं को फांसी की सजा सुनाई, तब पूरा देश उनके समर्थन में खड़ा हो गया। चंद्रशेखर आज़ाद ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, परंतु अल्फ्रेड पार्क में लड़ते हुए उन्होंने भी अपने प्राण न्योछावर कर दिए। अंततः 23 मार्च 1931 की शाम, नियत तिथि से पहले ही, अंग्रेजों ने भयवश तीनों क्रांतिकारियों को फांसी दे दी। यह केवल तीन व्यक्तियों की मृत्यु नहीं थी, बल्कि वह क्षण था जब एक राष्ट्र की चेतना और भी अधिक जागृत हो उठी।

आज, दशकों बाद, स्थिति बदल चुकी है। राष्ट्रप्रेम अब कई बार प्रतीकों और अवसरों तक सीमित दिखाई देता है-सोशल मीडिया के स्टेटस, औपचारिक समारोह, और दो चार देशभक्ति गीतों तक। और अधिक चिंताजनक यह है कि समाज में एक विभाजनकारी मानसिकता पनप रही है–जहां समृद्ध वर्ग अपने बच्चों के लिए सुरक्षित और सुविधाजनक भविष्य चाहता है, जबकि सीमाओं की रक्षा का दायित्व मानो केवल सामान्य या मध्यम वर्ग पर छोड़ दिया गया है। यह सोच न केवल असंतुलित है, बल्कि राष्ट्र की एकता के लिए भी खतरा है। राष्ट्रप्रेम कोई अवसर विशेष की भावना नहीं, बल्कि एक सतत चेतना है। यह जाति, धर्म, वर्ग और व्यक्तिगत स्वार्थों से ऊपर उठकर राष्ट्र को सर्वोपरि मानने का दृष्टिकोण है। यदि आज की पीढ़ी इस मूल भावना से दूर होती गई, तो वह दिन दूर नहीं जब राष्ट्र का अस्तित्व ही संकट में पड़ सकता है। इसलिए, भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु, चंद्रशेखर आजाद और रामप्रसाद बिस्मिल जैसे अमर बलिदानियों को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारें। शहीद दिवस केवल स्मरण का दिन नहीं, बल्कि आत्ममंथन का अवसर है–यह देखने का कि क्या हम उस स्वतंत्रता के योग्य नागरिक बन पाए हैं, जिसके लिए उन्होंने अपने प्राण न्योछावर कर दिए। शहीद दिवस हमें इतिहास को याद करने के साथ-साथ वर्तमान को परखने और भविष्य को दिशा देने का अवसर देता है। प्रश्न यह नहीं कि उन्होंने क्या किया–प्रश्न यह है कि हम क्या कर रहे हैं ?

**अरविंद रावल**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त खबरें

## ईद उल फितर पर नेताओं को याद आये मुसलमान





**हर्षोल्लास से मनी ईद**

**रूद्रपुर, देवरिया।** क्षेत्र में शनिवार को ईद-उल-फितर का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया। सुबह से ही लोगों में उत्साह देखने को मिला। ईदगाह और मस्जिदों में नमाज अदा करने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे तो वहीं बड़ी संख्या में जन प्रतिनिधि भी पहुंचे। उन्होंने गले लगाकर मुसलमानों को मुबारकबाद दी। रूद्रपुर, नारायनपुर,भैंसही व रामलक्षन क्षेत्र में नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और देश में अमन-चैन व तरक्की की दुआ की। बाजारों में भी खास रौनक देखने को मिली। मिठाइयों, सेवइयों और कपड़ों की दुकानों पर लोगों की भीड़ उमड़ी रही। बच्चों में खास उत्साह दिखा। जिन्होंने नए कपड़े पहनकर त्योहार का आनंद लिया। इस अवसर पर स्थानीय प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। विभिन्न सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों पूर्व विधायक खोखा सिंह,सपा नेता प्रदीप यादव,मन्मथ त्रिपाठी,लल्लन गुप्ता, सज्जाद अली आदि ने भी लोगों को ईद की बधाई दी और आपसी सौहार्द बनाए रखने का संदेश दिया। ईद-उल-फितर का यह पावन पर्व रूद्रपुर क्षेत्र में प्रेम, भाईचारे और एकता का संदेश देते हुए संपन्न हुआ।

## स्पोर्टस डे पर नन्हे मुन्हो ने दिखाया दम-खम

**नवाबगंज गोंडा** कस्बे के राजकीय उद्यान मे रविवार को टाईनी टाटस इण्टरनेशनल स्कूल के प्ले ग्रुप का स्पोर्टस डे आयोजित किया गया, विभिन्न प्रकार के खेल कूद मे नन्हे मुन्हे बच्चो ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। विभिन्न प्रकार के दौड़ मे अली शाहिद, सूर्यान्श, अधविका, विरान्श, अथर्व, पार्थ अनिका और अनय ने पहला स्थान हासिल किया। मुख्य अतिथि चेयरमैन डा सतेंद्र सिंह और विशिष्ट अतिथि डॉ. देवेंद्र सिंह ने मसाल प्रज्जवलित करके समारोह की शुरुआत की। कक्षा प्लेग्रुप से कक्षा एक तक के नन्हें नौनिहालों द्वारा अद्भुत खेल एवं विभिन्न रेसों की प्रस्तुती की गई, अभिभावकों ने भी विभिन्न रेसों में उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया।सभी विजेता छात्रों एवं अभिभावकों को स्कूल की निदेशिका बिन्नी सिंह और अतिथियो के हाथो मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर पुरूस्कृत किया गया तथा उनके उज्जवल भविष्य के लिए प्रेरित किया गया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। स्कूल के नवाबगंज शाखा की प्रिसिपल ज्योति तिवारी और सभी शिक्षिकाओ ने कार्यक्रम के सयोजन मे विशेष योगदान किया।

## ईद-उल-फितर त्योहार मना हर्षोल्लास के साथ बेलघाट क्षेत्र में पुलिस रही मुस्तैद

**गोलाबाजार बेलघाट/गोरखपुर**

जनपद के बेलघाट थाना क्षेत्र में ईद-उल-फितर का त्योहार हर्षोल्लास और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाया गया। क्षेत्र की मस्जिदों में अकीदतमंदों ने ईद की नमाज अदा कर देश और समाज की खुशहाली के लिए दुआएं मांगीं। थानाध्यक्ष बेलघाट विकास नाथ ने अपनी टीम के साथ क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और लोगों से शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की। पुलिस बल पूरे समय मुस्तैद रहा, जिससे कहीं भी किसी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होने दी गई। गौरगंज स्थित नूरानी जामा मस्जिद के इमाम मौलाना मुश्ताक अहमद अल कासमी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ईद का त्योहार आपसी प्रेम, भाईचारे और एकता का प्रतीक है। उन्होंने सभी से गले मिलकर खुशियां बांटने और अपने देश से मोहब्बत करने का संदेश दिया। इस अवसर पर मस्जिद में मौलाना हुजैफा, मौलाना इसराइल, मौलाना हमजा, मुनव्वर अली, अनवर अली, पेशकार अहमद, जमालुद्दीन, शहाबुद्दीन, निजामुद्दीन, मेराज अहमद, सदरूद्दीन, मंजूर अहमद, नसीम अख्तर, समीम अख्तर, मोहम्मद इरफान सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। वहीं, सुरक्षा व्यवस्था के तहत उपनिरीक्षक सर्वदानंद सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर तैनात रहे। चौकीदार बादल भी ड्यूटी पर मौजूद रहे और पूरे आयोजन को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में सहयोग दिया।

# ख़जनी में भट्ठा मालिकों की मनमानी से 'मौत का रास्ता' बना कटघर- बिगही मार्ग, कीचड़ में फिसलकर कई घायल

**●नैपुरा मोड़ पर ग्रामीणों का हंगामा, जाम लगाकर किया प्रदर्शन- प्रशासन पर लापरवाही एसडीएम का गैर जिम्मेडराना आरोप**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खजनी, गोरखपुर।** तहसील क्षेत्र के कटघर-बिगही मार्ग की हालत इन दिनों बद से बदतर हो चुकी है। नैपुरा मोड़ समेत पूरे मार्ग पर भट्ठा संचालकों की लापरवाही के चलते सड़क पर मिट्टी की मोटी परत जम गई है, जो हल्की बारिश के बाद जानलेवा कीचड़ में तब्दील हो गई है। शनिवार को हुई हल्की बारिश के बाद सड़क पूरी तरह कीचड़ से भर गई, जिससे पैदल राहगीरों से लेकर बाइक सवारों तक का चलना मुश्किल हो गया। फिसलन के कारण कई बाइक चालक गिरकर चोटिल हो गए। स्थानीय लोगों का आरोप है कि डीएस मार्क ईंट समेत कई भट्ठा संचालक बिना किसी नियम के सड़क पर मिट्टी गिरा रहे हैं, जिससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग अब भट्ठों के वाहनों के लिए तो सुगम हो गया है, लेकिन आम लोगों के लिए 'मौत का रास्ता' बन चुका है। आए दिन वाहन फिसलने की घटनाएं हो रही हैं और किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। पहले भी कई बार शिकायत के बाद तहसील प्रशासन हरकत में आया था और भट्ठा संचालकों ने सड़क साफ कराने का आश्वासन दिया था, लेकिन कुछ ही दिनों में हालात फिर जस के तस हो गए। लगातार अनदेखी से नाराज ग्रामीणों का आक्रोश शनिवार को फूट पड़ा। दर्जनों की संख्या में लोग सड़क पर उतर आए और मार्ग जाम कर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की।

ग्रामीणों का आरोप है कि बार-बार शिकायत के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा, जिससे लोगों की जान जोखिम में है। प्रदर्शन के बावजूद देर शाम तक प्रशासन की ओर से कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई, जिससे लोगों में भारी रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क की सफाई नहीं कराई गई और भट्ठा संचालकों की मनमानी पर रोक नहीं लगी, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस मामले में उप जिलाधिकारी खजनी राजेश प्रताप सिंह का बयान भी विवादों में आ गया है। उन्होंने कहा कि 'कीचड़ है तो लोग बच-बचाकर चलें'। इस बयान को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी और आक्रोश और बढ़ गया है।

# एक व्यक्ति ने फंदे से लटक कर दी जान



**रामलक्षन देवरिया।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा खोरमा निवासी एक व्यक्ति ने फांसी के फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। घर वालों को जब इसकी जानकारी हुई तो आनन फानन में दाह संस्कार की तैयारी करने लगे। प्रधान के लिखित सूचना पर पुलिस पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा खोरमा निवासी संतोष गौड़ पुत्र अदरी गौड़ किसी बात को लेकर सीढ़ी की कुंडी के सहारे फंदे से लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जब इसकी जानकारी घर वालों को हुई तो आवाक हो गए । रोने बिलखने लगे और दाह संस्कार की तैयारी करने लगे। ग्राम प्रधान गोपाल त्रिपाठी ने लिखित सूचना रामलक्षन पुलिस चौकी को दी।मौके पर रामलक्षन पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# हैंडपम्प रीबोर प्रधान व सचिव के लूट का बना माध्यम, जिम्मेदार साधे चुप्पी

स्वतंत्र प्रभात

**देवरिया।** जनपद के बैतालपुर विकास खंड में इंडिया मार्का हैंडपंप रीबोर कार्य ग्रामीणों के लिए राहत की बजाय कमाई का जरिया बनता जा रहा है। सिरजम, सिरजम देई गांवों में 1 सितंबर 2023 से 24 मई 2025 तक कराए गए रीबोर कार्यों पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि मानकों की अनदेखी कर सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया और कागजों में पूरा काम दिखाकर भुगतान निकाल लिया गया। ग्रामीणों के अनुसार नियमानुसार एक रीबोर में 6 लेंथ (प्रत्येक 10 फीट) जीआई पाइप डाला जाना चाहिए, लेकिन कई स्थानों पर कम पाइप लगाकर ही काम पूरा दिखा दिया गया। आरोप है कि प्रति रीबोर लगभग 32 हजार रुपये का भुगतान किया गया, जबकि जमीनी हकीकत इससे अलग है। लोगों का कहना है कि यदि निष्पक्ष जांच कराई जाए तो बड़े पैमाने पर गड़बड़ी सामने आ सकती है।

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि इस पूरे मामले में प्रधान और सचिव की मिलीभगत से कागजी कार्यवाही पूरी कर भुगतान निकाल लिया गया। कई बार




शिकायत किए जाने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। विभागीय सूत्रों का कहना है कि यदि समय रहते जांच कर कार्रवाई की गई होती, तो इस तरह की स्थिति नहीं बनती।

अब ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई, तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे। ग्रामीणों का कहना है कि हैंडपंप रीबोर योजना का उद्देश्य लोगों को पेयजल उपलब्ध कराना है, लेकिन भ्रष्टाचार के कारण योजना का लाभ लोगों तक सही तरीके से नहीं पहुंच पा रहा है। ऐसे में अब सभी की नजर प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी है।

# जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न





स्वतंत्र प्रभात

**गोण्डा।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जनपद के तीनों जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2026-27 हेतु प्रवेश परीक्षा रविवार को चार परीक्षा केन्द्रों पर दो पालियों में सफलतापूर्वक सम्पन्न कराई गई। परीक्षा को लेकर प्रशासन की ओर से व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं, जिससे पूरी प्रक्रिया सुचारु एवं निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न हुई। प्रथम पाली में कक्षा-6 की प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें कुल 932 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 799 अभ्यर्थी उपस्थित हुए, जबकि 133 अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली में कक्षा 7, 8 एवं 9 के लिए आयोजित परीक्षा में कुल 982 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 851 अभ्यर्थी उपस्थित हुए और 132 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।परीक्षा के दौरान सुरक्षा एवं पारदर्शिता बनाए रखने हेतु जिलाधिकारी के निर्देशानुसार मुख्य विकास अधिकारी की देखरेख में जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई थी। सभी चारों परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुई। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि विभाग द्वारा परीक्षा की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई, जिससे अभ्यर्थियों को बेहतर वातावरण में परीक्षा देने का अवसर प्राप्त हो सका।

# अकीदत के साथ मनाया गया ईद उल फितर का त्योहार



**खजनी गोरखपुर** उनवल नगर पंचायत में स्थित पांचों मस्जिदों एवं ईदगाह में मुस्लिम भाईयों ने अकीदत व सिद्दत के साथ नमाज अदा किया तथा एक दूसरे के गले मिलकर ईद उल फितर की मुबारकबाद दी तथा अमन चैन की दुआएं की। खजनी थाना क्षेत्र में सर्वाधिक मुस्लिम बाहुल्य आबादी का नगर पंचायत उनवल में पांच मस्जिद व एक ईदगाह है जहां पर हजारों की संख्या में मुस्लिम भाई ने शांति और सौहार्द पूर्ण वातावरण में ईद उल फितर की नमाज अदा की तथा उक्त अवसर पर तहसीलदार खजनी ध्रुवेश कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी खजनी दीपांशी राठौर,थाना प्रभारी खजनी जयंत कुमार सिंह, चौकी प्रभारी उनवल अभिनाश कुमार सिंह मय हमराहियों के साथ पैनी नजर रखते हुए मुस्तैदी के साथ जमे हुए थे वहीं गंगा यमुनी संस्कृति के वाहक हिन्दू भाई भी मुस्लिम भाईयों के गले मिलकर ईद उल फितर की मुबारकबाद दी और सेंवई, सेव, केला, काजू, बादाम, किसमिस का रसास्वादन भी किया।

# ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित तीरंदाजी संस्थान भविष्य में देगा बड़े परिणामः रमाशंकर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** ग्रामीण प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से संजीवा सिंह आर्चरी इंस्टीट्यूट ट्रस्ट एवं एसबीआई फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में श्रीनेत ग्लोबल स्कूल में खेल छात्रवृत्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला एवं राज्य स्तर पर पदक विजेता 12 प्रतिभाशाली ग्रामीण तीरंदाजों को छात्रवृत्ति प्रमाण पत्र वितरित किया गया। फाउंडेशन के सहयोग से इन खिलाड़ियों को तीरंदाजी का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सलेमपुर के सांसद रामशंकर विद्यार्थी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित यह तीरंदाजी संस्थान भविष्य में बड़े परिणाम देगा। उन्होंने कहा कि यहां के खिलाड़ी निश्चित रूप से ओलंपिक में पदक जीतकर देवरिया और देश का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने संस्थान के मेंटर संजीव सिंह की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने




शहर छोड़कर ग्रामीण क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को निखारने का सराहनीय कार्य किया है।

विशिष्ट अतिथि भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष अंतर्यामी सिंह ने कन्हौली स्थित आर्चरी केंद्र की सराहना करते हुए कहा कि यहां से प्रशिक्षित खिलाड़ी देश के लिए पदक जीतेंगे। फाउंडेशन के अध्यक्ष जगन्नाथ साहू ने कहा कि फाउंडेशन इस संस्थान से जुड़कर गौरव महसूस कर रहा है और भविष्य में भी खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग दिया जाएगा।

कार्यक्रम में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के डायरेक्टर एवं अर्जुन अवार्ड व द्रोणाचार्य अवार्ड विजेता संजीवा कुमार सिंह ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। श्रीनेत ग्लोबल स्कूल के प्राचार्य ओम प्रकाश सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का संचालन स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. मधु सिंह ने किया। इस अवसर पर मुंबई से आई फाउंडेशन की टीम सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# गोरखपुर हत्याकांडः पूर्व भाजपा नेता राजकुमार चौहान की मॉर्निंग वॉक पर क्रूर हत्या का खुलासा

**●मुदख्य आरोपी गिरफ्तार, साजिश की परतें खुल रही हैं- टीपर से साक्ष्य मिटाने की कोशिश नाकाम**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

ब्युरो शत्रुघ्नं मणि त्रिपाठी

**गोरखपुर,** चिलुआताल थाना क्षेत्र के बरगदवा गांव में 17 मार्च की सुबह हुई सनसनीखेज हत्या ने पूरे इलाके को हिला दिया है। पूर्व भाजपा पार्षद प्रतिनिधि और प्रॉपर्टी डीलर राजकुमार चौहान (उम्र 38 वर्ष) को मॉर्निंग वॉक के दौरान गोली मारकर फिर चाकू से गोदकर मार डाला गया। पुलिस ने महज 12-15 घंटों में मुख्य आरोपियों को दबोच लिया, लेकिन परिवार का आरोप है कि असली साजिशकर्ता अभी भी बच निकले हैं।

**घटना का क्रूर सच** सुबह करीब 5:30-6:15 बजे राजकुमार चौहान अपनी रोजाना मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। हमलावरों ने उन्हें घेर लिया - पहले गोली मारी, फिर मुर्गा काटने वाले चाकू से 11 से अधिक वार किए। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद राजकुमार ने जान बचाने के लिए 100 मीटर तक भागने की कोशिश की, लेकिन हत्यारे पीछा करते रहे और लहूलुहान कर दिया। उन्हें क्रम्रुष्ठ मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से पुष्टि हुई कि मौत मुख्य रूप से चाकू के घावों से हुई, गोली घातक नहीं थी।

**पुलिस का त्वरित खुलासा** पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज (कम से कम 8 कैमरे), कॉल डिटेल रिकॉर्ड (CDR) और पुरानी रंजिश के आधार पर जांच की।

मुख्य गिरफ्तार आरोपीः राज चौहान उर्फ निरहुआ (पुत्र राम चंद्र चौहान) और विपिन यादव (पुत्र विजय बहादुर यादव)- दोनों डंपर/टीपर ड्राइवर और मृतक के ही गांव के।

कारणः आपसी रंजिश- मृतक के भतीजे नितेश से 4-6 महीने पुरानी मारपीट का बदला। भतीजे ने एक आरोपी पर हमला किया था, जिसका राजकुमार ने समर्थन किया। हत्या के बाद भतीजे को भी मारने की साजिश थी। साक्ष्य मिटाने की कोशिशः खून से सने कपड़े टीपर वाहन में छिपाकर जला दिए गए। पुलिस ने टीपर सीज किया, जले कपड़ों की राख और मोबाइल फोन बरामद किए। (टीपर नंबर क्र53 रुक्ष 9553 जैसा उल्लेख कुछ रिपोर्टों में।)

**अन्य आरोपियों पर सवाल**

परिजनों की तहरीर पर 8 नामजद थे। जांच में दीपक गौड़ का नाम प्रमुखता से उभरा - मुख्य आरोपी राज चौहान से पिछले 6 महीनों में 35 कॉल्स आए। पुलिस उसकी भूमिका की गहन जांच कर रही है। कुछ अन्य नाम (लालजी यादव उर्फ गड्डू, शेषनाथ यादव, अंकित यादव, देवव्रत यादव) और नाबालिग की संलिप्तता की बात चल रही है, लेकिन मुख्य गिरफ्तारी अभी दो पर केंद्रित। पुलिस की 8 टीमें फरार आरोपियों की तलाश में जुटी हैं।



**राजनीतिक गहमागहमी और परिवार का गुस्सा**

पत्नी सुशीला देवी और परिवार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आरोप लगाया कि पुलिस असली साजिशकर्ताओं को बचा रही है, गिरफ्तारियां दिखावे की हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सख्त कार्रवाई की मांग की। भाजपा महासचिव और राज्यसभा सांसद डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल ने कहा - 'गोरखनाथ मंदिर के ठीक पीछे यह जगन्नाथ हत्याकांड हुआ। अपराधियों को बचाने वालों को राज्यसभा में नंगा किया जाएगा। कैबिनेट मंत्री दारा सिंह चौहान ने परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। आरोपियों का आपराधिक इतिहासः हत्या, मारपीट, लूट जैसे पुराने मामले। यह मामला राजनीतिक रूप से संवेदनशील है, क्योंकि राजकुमार 2027 विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी में थे। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में राहत है, लेकिन जांच अभी जारी है। परिवार को बच्चों की पढ़ाई, नौकरी और सुरक्षा के साथ आर्थिक मदद का वादा किया गया है।

# जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न

**●नवरात्रि पर मिशन शक्ति अभियान की शुरुआत, महिलाओं की सुरक्षा व सशक्तिकरण पर फोकस**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** चैत्र नवरात्रि के अवसर पर भदोही पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 (द्वितीय चरण) के तहत महिला सशक्तिकरण जनजागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह अभियान पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में संचालित हो रहा है।

अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। पुलिस



विभाग द्वारा इसे प्रभावी बनाने के लिए ठोस कदम उठाए गए हैं, ताकि महिलाओं को सुरक्षित और सशक्त वातावरण मिल सके।

इसके तहत प्रत्येक थाने पर महिला बीट अधिकारियों की तैनाती की गई है, जो सीधे महिलाओं से संवाद कर उनकी समस्याओं का समाधान करेंगी। स्कूल-कॉलेजों के आसपास एंटी-रोमियो स्क्वॉड को सक्रिय किया गया है, वहीं सुरक्षा के मद्देनजर पैदल गश्त भी बढ़ाई जा रही है। इसके अलावा महिला पुलिसकर्मियों द्वारा बाइक रैली के माध्यम से जागरूकता फैलाई जा रही है तथा 1090, 181, 1076, 1930 और 112 जैसी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी आमजन तक पहुंचाई जा रही है। पुलिस विभाग के अनुसार यह अभियान विभिन्न विभागों के समन्वय से संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य महिलाओं को हर स्तर पर सशक्त बनाना और समाज में सुरक्षित माहौल स्थापित करना है।

# ख़जनी उनवल में 2.96 करोड़ के बारात घर निर्माण में भारी लापरवाही, औचक निरीक्षण में खुली पोल

**ख़जनी गोरखपुर।** खजनी क्षेत्र के नगर पंचायत उनवल में बन रहे बहुचर्चित बारात घर के निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। आम जनमानस की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद सहजनवा विधानसभा के विधायक प्रदीप शुक्ला ने मौके पर पहुंचकर औचक निरीक्षण किया, जिसमें निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर कई सवाल खड़े हो गए। करीब 2 करोड़ 96 लाख रुपये की लागत से बनाए जा रहे इस बारात घर का निर्माण कार्यदाई संस्था सीएनडीएस (कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेज) द्वारा कराया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि निर्माण में मानकों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। दीवारों की मजबूती, सामग्री की गुणवत्ता और फिनिशिंग कार्य बेहद कमजोर स्तर का नजर आया, जिससे भविष्य में भवन की स्थायित्व पर भी खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि शुरू से ही निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे थे। शिकायतों के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई न होने से लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा था। मौके पर निरीक्षण के बाद विधायक प्रदीप शुक्ला ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि निर्माण कार्य में बड़ी लापरवाही बरती जा रही है और यह पूरी तरह मानकों के विपरीत है। उन्होंने कहा कि जनता के पैसे से बनने वाले ऐसे सार्वजनिक भवनों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्यदाई संस्था को इसकी जवाबदेही तय करनी होगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को भी निर्देश दिया कि निर्माण कार्य की पूरी तकनीकी जांच कराई जाए और जहां भी कमी मिले, उसे तत्काल दुरुस्त कराया जाए। साथ ही चेतावनी दी कि यदि गुणवत्ता में सुधार नहीं हुआ तो कार्य रोककर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस पूरे मामले के सामने आने के बाद स्थानीय प्रशासन और कार्यदाई संस्था पर दबाव बढ़ गया है। अब देखना होगा कि जांच के बाद क्या कार्रवाई होती है और क्या जनता को एक मजबूत व गुणवत्तापूर्ण बारात घर मिल पाता है या नहीं।

# गोरखपुर में फर्जी फॉरेक्स ट्रेडिंग गैंग का भंडाफोड़ः 4 गिरफ्तार, सैकड़ों लोगों से ठगी का खुलासा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** थाना रामगढ़ताल पुलिस ने फॉरेक्स ट्रेडिंग और ऑनलाइन गेमिंग में मोटा मुनाफा दिलाने का झांसा देकर लोगों से ठगी करने वाले एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार यह गिरोह अविनियमित निक्षेप योजनाएं चलाकर सैकड़ों लोगों से रुपये ऐंठ चुका था और लगातार नए लोगों को जाल में फंसा रहा था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी कैंट के पर्यवेक्षण में रामगढ़ताल थाना पुलिस ने यह कार्रवाई की। 20 मार्च 2026 को मुखबिर से सूचना मिली कि होटल सन साइन ग्रैंड में कुछ लोग फॉरेक्स ट्रेडिंग और ऑनलाइन गेमिंग के नाम पर निवेश कर अधिक लाभ दिलाने का झांसा दे रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर छापा मारकर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपियों में अजीत यादव (अम्बेडकर नगर), पारतेश सिंह (बलिया/गोरखपुर), गणेश साहनी



(कुशीनगर) और अजय कुमार (महराजगंज) शामिल हैं।

पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी लोगों को जल्दी अमीर बनने का लालच देकर उनसे बड़ी रकम निवेश कराते थे और बाद में पैसा हड़प लेते थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 10 मोबाइल फोन, एक बैग, फोटोग्राफ, होटल के बिल, अवैध आधार कार्ड की प्रतियां और अन्य दस्तावेज बरामद किए हैं।

बरामद मोबाइल फोन और दस्तावेजों से ठगी के बड़े नेटवर्क के संकेत मिले हैं, जिसकी जांच जारी है। इस मामले में थाना रामगढ़ताल पर मुकदमा संख्या 0164/2026 दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4), 111(2)(ख), 61(2) तथा अविनियमित निक्षेप स्कीम पाबंदी अधिनियम 2019 की धारा 3/21(2) के तहत कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस ने यह भी बताया कि आरोपी पारतेश सिंह के खिलाफ पहले भी साइबर थाना सेंट्रल दिल्ली में धोखाधड़ी का मामला दर्ज है, जिससे उसके आपराधिक इतिहास की पुष्टि होती है। पूरे ऑपरेशन को अंजाम देने में उपनिरीक्षक आशुतोष कुमार राय के नेतृत्व में रामगढ़ताल थाना और साइबर सेल की टीम की अहम भूमिका रही। पुलिस अब गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों और ठगी की कुल रकम का पता लगाने में जुटी है। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि किसी भी तरह के निवेश से पहले पूरी जांच-पड़ताल करें और लालच में आकर अपनी मेहनत की कमाई को जोखिम में न डालें।

## मनोनीत सभासदों का शपथग्रहण

**रूद्रपुर , देवरिया।** मनोनीत सभासदों का शपथ ग्रहण नगर पंचायत अध्यक्ष सुधा निगम के द्वारा रामजी सहाय पीजी कॉलेज के सुमित्रा सभागार में सोमवार को दोपहर 12 बजे होगा। उक्त सूचना अध्यक्ष प्रतिनिधि छट्ठेलाल निगम ने दी।

## संक्षिप्त खबरें

### आलोक सिंह के जिला मंत्री बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी बधाई



**सीखड़, मीरजापुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के संस्तुति के बाद जिला अध्यक्ष लाल बहादुर सरोज ने जिले के पदाधिकारियों की सूची शनिवार को जारी किया, जिसमें आलोक कुमार सिंह को जिला मंत्री बनाया गया। आलोक सिंह के जिला मंत्री बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके पैतृक आवास पर पहुंच कर माल्यार्पण कर बधाई दी। आलोक सिंह मूलतः सीखड़ विकास खण्ड के मिसिरपुरा गांव के निवासी हैं। आलोक सिंह अपने सरल सहज और मिलनसार व्यवहार से युवाओं में खासे लोकप्रिय है। इससे पहले ओं व्यापार प्रकोष्ठ जिला सहसंयोजक एवं किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रह चुके हैं। आलोक सिंह ने प्रदेश अध्यक्ष व जिला अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी के प्रति पुरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ कार्य करुंगा। पार्टी का जो भी दिशा निर्देश होगा उसका अक्षर सह पालन करूंगा तथा संगठन को मजबूत करने का कार्य करूंगा। आलोक सिंह के जिला मंत्री बनने पर मंडल अध्यक्ष विजय भारद्वाज सिंह, विश्वजीत सिंह, शुभम पाठक, बबलू शुक्ला,अक्षय राज मिश्रा अंशु , स्वतंत्र मिश्रा, अमित तिवारी,बब्बल पांडेय, नीरज सिंह सहित काफी संख्या में कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

### गंगा में उतराया मिला अज्ञात शव




**चुनार, मीरजापुर।** कोतवाली क्षेत्र के शिवाला घाट पर शनिवार को एक लावारिस शव गंगा नदी में उतराया हुआ मिला। जिसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी के बाद हल्का दरोगा उदयराज व कस्बा चौकी प्रभारी अखिलेश कुमार यादव मौके पर पहुंच कर शव को गंगा नदी से बाहर निकलवाकर लोगों से पहचान कराया , लेकिन शव का पहचान नहीं हो सका। पुलिस ने बताया कि शव किसी महिला का लग रहा है जिसकी उम्र लगभग 25 वर्ष है। कोतवाल विजय शंकर सिंह ने कहा शव चार पाच दिन का लग रहा है शव की पहचान कराई जा रही । पुलिस ने शव को मोर्चरी हाउस भेजवा दिया।

### चुनार विधायक द्वारा दो संपर्क मार्गो का किया गया शिलान्यास





#### करीब दो करोड़ लागत से बनेंगी सड़कें

**सीखड़, मीरजापुर।** चुनार के लोकप्रिय विधायक अनुराग सिंह ने रविवार को सीखड़ विकास खण्ड के अंतर्गत दो संपर्क मार्गो का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। करीब 81लाख रुपए की लागत से बनने वाली सवा किलो मीटर पिपराही पंचायत भवन से धन्नूपुर मार्ग का भूमिपूजन और शिलान्यास किया वहीं करीब 1करोड़ 10 लाख रुपए? लागत से बनने वाली राजमार्ग 74 से चौधरीपुर का भी उन्होंने भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि यह महत्वपूर्ण मार्ग क्षेत्र के विकास को नई दिशा देगा तथा आमजन के आवागमन को और अधिक सुगम और सुलभ बनाएगा। उक्त अवसर पर लोक निर्माण विभाग के अधिकारी सहित मण्डल अध्यक्ष विजय भारद्वाज,विधायक प्रतिनिधि आलोक सिंह, जितेन्द्र प्रकाश सिंह रिंकू ,सूरजीत सिंह, जितेंद्र सिंह गणेश सिंह, डब्लू गुरु, आनन्द शर्मा, अशू सिंह सहित काफी संख्या पार्टी के कार्यकर्ता और ग्रामीण जनता उपस्थित रहे।

# मप्र सीएम मोहन यादव पहुंचे अड़गड़ानंद आश्रम




**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

मिर्जापुर। चुनार तहसील स्थित सक्तेशगढ़ आश्रम पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव रविवार को पहुंचे। सक्तेशगढ़ आश्रम पहुंचकर स्वामी अड़गड़ानंद महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने आश्रम में करीब एक घंटे से अधिक समय बिताया और सत्संग हाल में संतों व श्रद्धालुओं को संबोधित किया। सत्संग के दौरान मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि 'संतत्व से ही देवत्व की प्राप्ति संभव है' और समाज को सही दिशा देने में संतों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने स्वामी अड़गड़ानंद महाराज के आध्यात्मिक मार्गदर्शन की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी बताया।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में आगामी योजनाओं का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2028 में उज्जैन महाकुंभ 2028 को दिव्य और भव्य स्वरूप में आयोजित किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालुओं के लिए व्यापक और बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। उन्होंने यह भी बताया कि भगवान श्रीराम और भगवान श्रीकृष्ण से जुड़े स्थलों को पर्यटन के क्षेत्र में और अधिक विकसित किया जाएगा, ताकि धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिल सके। साथ ही, मध्य प्रदेश के सभी नगर पालिकाओं और नगर निगमों में गीता भवन के निर्माण का कार्य भी कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर आश्रम परिसर में विशेष उत्साह का माहौल रहा। बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी इस दौरान उपस्थित रहे और संतों के सान्निध्य का लाभ उठाया।

# अनुमानित कीमत ? 55 लाख के अवैध गांजा के साथ 01 अंतर्जनपदीय शातिर गांजा तस्कर गिरफ्तार, तस्करी में प्रयुक्त 02 अदद चार पहिया वाहन (कार व पिकअप) बरामद

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**मीरजापुर।** अपर्णा रजत कौशिक पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर द्वारा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने, अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धरपकड़, अवैध शराब एवं मादक पदार्थो के निर्माण, तस्करी व बिक्री पर अंकुश लगाते हुए मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षको को निर्देश दिए गए हैं।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में मादक पदार्थो की तस्करी करने वालों के विरूद्ध लगातार अभियान चलाकर की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन व क्षेत्राधिकारी आपरेशन के नेतृत्व में थाना अहरौरा पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। आज दिनांकः 22.03.2026 थानाध्यक्ष अहरौरा अजय कुमार मिश्र मय पुलिस टीम द्वारा मुखबीर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना अहरौरा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम हिनौता स्थित सुरभी शोध संस्था के पास से 01 शातिर गांजा तस्कर विनोद कुमार पुत्र गंगा प्रसाद पाण्डेय निवासी विमौर थाना को0नगर जनपद गोण्डा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे के कार वाहन संख्या UP 32 KT8117 में 01 बोरे में रखा 25 किलोग्राम गांजा व पिकअप वाहन संख्या CH 01 TB 6982 में 03 बोरो में रखे 90 किलोग्राम गांजा (कुल 04 बोरो में 115 किलो ग्राम गांजा) बरामद किया गया तथा पिकअप का चालक मौके से भागने में सफल रहा। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना अहरौरा पर मु0अ0सं0-63/2026 धारा 8/20/29 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर गिरफ्तार उपरोक्त अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय/जेल भेजा गया। गांजा परिवहन में प्रयुक्त उक्त दोनों वाहनों को 207 एमवीएक्ट में सीज किया गया।



**पूछताछ विवरण–** गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा पूछताछ में बताया गया कि पिकअप और चार पहिया कार में अवैध गांजा छिपाकर उड़ीसा से लेकर गोण्डा जा रहे थे कि पुलिस द्वारा हमें पकड़ लिया गया । मै कार में आगे-आगे निगरानी करते हुए चल रहा था तथा मेरा एक अन्य साथी पीछे से पिकअप वाहन को ले कर आ था । मौके पर भौतिक परिस्थितियों का लाभ उठाकर मेरा एक साथी भागने में सफल रहा।

# विश्व जल दिवस पर जीवनधारा नमामि गंगे के तत्वाधान में ग्रीन गुरु जी किया पौध रोपण

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**मीरजापुर।** रविवार को विश्व जल दिवस के अवसर पर 3918 वें दिन लगातार पौध रोपण के क्रम में जीवनधारा नमामि गंगे के तत्वाधान में राष्ट्रीय अध्यक्ष, डॉ. हरि ओम शर्मा की प्रेरणा से खेल क्रान्ति एवं पर्यावरण शुद्धिकरण फाउंडेशन, ट्रस्ट द्वारा संचालित पर्यावरण शुद्धिकरण अभियान के संस्थापक,सचिव,अनिल कुमार सिंह,ग्रीन गुरु जी, मा. मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ जी द्वारा गंगा सेवक सम्मान से सम्मानित, प्रधानाचार्य, शान्ति निकेतन इण्टर,कॉलेज,पचोखरा, मीरजापुर,नमामि गंगे,जिला गंगा संरक्षण समिति एवं जिला पर्यावरणीय समिति सदस्य, मीरजापुर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, जीवन धारा नमामि गंगे फाउंडेशन, बुलंदशहर, सदस्य, जिला ओलम्पिक संघ, मीरजापुर, ब्रांड अम्बेस्डर तथा ध्वजारोहक स्वच्छता, नगरपालिका परिषद, मीरजापुर, जनपदीय समिति सदस्य, एक पेड़ मां के नाम 2.0' बृक्षा रोपण अभियान मीरजापुर द्वारा 01जुलाई 2015 से लगातार प्रति दिन किये जा रहे पौध रोपण के 3918 वें दिन के क्रम में विश्व जल दिवस के अवसर पर बेलाडोना लिली, लाल रंग के पौध का रोपण जे पी पुरम कॉलोनी, पटेल नगर कतवारू के पूरा में अपने आवासीय परिसर के गमले में विनीता सिंह के सहयोग से किया। इस अवसर पर ग्रीन गुरु जी ने बतलाया कि लगातार प्रति दिन जगह-जगह पौध रोपण का उद्देश्य हरा- भरा रहे धरा, पर्यावरण शुद्ध रहे लोगो मे पौध रोपण व संरक्षण के प्रति जागरूकता लाना है।



## कार्यालय ग्राम पंचायत-मंझवाँ वि0 ख0 मंझवाँ जनपद- मीरजापुर

पत्रांक /मेमो दिनांक 21-03-2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2005-2026 में राज्य योजना/पंचम राज्य वित्त आयोग एवं पन्द्रहवा वित्त आयोग (केंद्रीय वित्त आयोग)मनरेगा योजना स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)एंव अन्य शासकीय योजनाओं से ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यो के लिए निम्नलिखित कराये जाने वाले कार्यो का विवरण निम्नलिखित है।

| क0 | कार्य का नाम | अनु लागत |
|---|---|---|
| 1 | राजू माली के घर से मुख्य से मुख्य खंडजा तक इंटरलाकिंग कार्य | 1.50 लाख |
| 2 | मनोज कोरी के घर से गोपाल के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 2.00 लाख |
| 3 | जियालाल के घर से अम्बेडकर मूर्ति तक नाली निर्माण कार्य | 2.50 लाख |
| 4 | पिच रोड से अमित मौर्या के घर तक इंटरलाकिंग कार्य नाली | 2.75 लाख |
| 5 | दशरथ मौर्या के घर से राजेश मौर्या के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 3.00 लाख |
| 6 | नन्दू मौर्या के घर से शीतल मौर्या घर तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | 2.50 लाख |
| 7 | मुख्य खड़ंजा से अफजल के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 1.00 लाख |
| 8. | अरूण सिंह के घर से वैजनाथ के घर तक नाली व इंटरलाकिंग मरम्मत कार्य | 3.00 लाख |
| 9. | प्राथमिक विद्यालय में बैटमिटन कोड का निर्माण कार्य | 1.30 लाख |

उपरोक्त कार्य पर इच्छुक आपूर्ति कर्त्ता सामग्री आपूर्ति हेतु दिनांक 23-03-2026 से 28-03-2026 तक सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक पंचायत कार्यलय में जमा कर सकते है। दिनांक 28-03-2026 पंचायत भवन कार्यालय पर सायं 4 बजे प्रशासनिक/निर्माण समिति के सामने टेण्डर का प्रकाशन किया जायेगा।

सुक्खु राम
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत मंझवाँ
वि0 ख0 मंझवाँ
जनपद- मीरजापुर

अनिल
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत मंझवाँ
विकास खण्ड मंझवाँ जनपद
मीरजापुर

## कार्यालय ग्राम पंचायत सीखड़ विकासखंड सीखड़ जनपद मीरजापुर

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सीखड़ विकासखंड सीखड़ में वित्तीय वर्ष 2026-2027 हेतु जी राम जी (मनरेगा)/राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना फेज 2 के अंतर्गत ग्राम पंचायत में सामुदायिक शौचालय/नाली, सड़क, भवन निर्माण व मरम्मत/पेयजलापूर्ति/ऑफिस स्टेशनरी/ग्राम पंचायत के सरकारी भवनों कार्यालयों, विद्यालयों में कायाकल्प हेतु फर्नीचर व इलेक्ट्रॉनिक सामान की आपूर्ति एवं अन्य कार्य के अंतर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष कराए जाने वाले कार्य के लिए निर्माण सामग्री जैसे-ईट, सीमेंट, बालू, लाल बालू, सरिया, ह्यूम पाइप, डाला गिट्टी मिट्टी धुलाई, सहित हैंडपंप मरम्मत हेतु स्पेयर पार्ट, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्कूल एवं आफिस फर्नीचर,

आफिस स्टेशनरी, हैंडपंप रिबोर, डस्टबिन, सफाई कर्मी की किट, टाइल्स, इंटरलॉकिंग ईट, लाल ईट व गौशाला में भूसा ,चोकर नमक , गुड़ सप्लाई, इत्यादि की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 23 -03.-2026 से दिनांक 26-03-2026 तक अपनी दरअपने लेटर पैड पर संलग्नक बंद लिफाफे में अधो हस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियम एवं शर्ते ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 27-03-2026 को शाम 2:00 बजे ग्राम समिति सदस्यों और टेंडर दाताओं की उपस्थिति में जो उपस्थित रहना चाहते हैं उनके समक्ष खोली जाएगी। निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय पर कार्य अवधि समय में 27 -03-2026 को दोपहर 2:00 तक प्राप्त कर सकते हैं। निविदा सबसे कम दर की स्वीकृत की जाएगी।

धर्मवती देवी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत - सीखड़
जनपद मीरजापुर

उमेश कुमार यादव
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत- सीखड़ जनपद
मीरजापुर

## कार्यालय ग्राम पंचायत लालपुर विकासखंड सीखड़ जनपद मीरजापुर

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2026-2027 हेतु जी राम जी (मनरेगा)/ राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त आयोग/स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना फेज 2 के अंतर्गत ग्राम पंचायत में सामुदायिक शौचालय/ नाली, सड़क, भवन निर्माण व मरम्मत/पेयजलापूर्ति /ऑफिस स्टेशनरी/ग्राम पंचायत के सरकारी भवनों कार्यालयों, विद्यालयों में कायाकल्प हेतु फर्नीचर व इलेक्ट्रॉनिक सामान की आपूर्ति एवं अन्य कार्य के अंतर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष कराए जाने वाले कार्य के लिए निर्माण सामग्री जैसे-ईट, सीमेंट, बालू, लाल बालू, सरिया, ह्यूम पाइप, डाला गिट्टी मिट्टी धुलाई, सहित हैंडपंप मरम्मत हेतु स्पेयर पार्ट, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, स्कूल एवं आफिस फर्नीचर,

आफिस स्टेशनरी, हैंडपंप रिबोर, डस्टबिन, सफाई कर्मी की किट, टाइल्स, इंटरलॉकिंग ईट, लाल ईट इत्यादि की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 23 -03.-2026 से दिनांक 26-03-2026 तक अपनी दरअपने लेटर पैड पर संलग्नक बंद लिफाफे में अधो हस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियम एवं शर्ते ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 27-03-2026 को प्रातः 10:00 बजे ग्राम समिति सदस्यों और टेंडर दाताओं की उपस्थिति में जो उपस्थित रहना चाहते हैं उनके समक्ष खोली जाएगी। निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय पर कार्य अवधि समय में 27-03-2026 को प्रातः 10:00 तक प्राप्त कर सकते हैं। निविदा सबसे कम दर की स्वीकृत की जाएगी।

अजय यादव
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत- लालपुर
जनपद मीरजापुर

उमेश कुमार यादव
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत- लालपुर
जनपद मीरजापुर

## कार्यालय ग्राम पंचायत-चडिया वि0 ख0 मंझवाँ जनपद- मीरजापुर

पत्रांक /मेमो दिनांक 21-03-2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2005-2026 में राज्य योजना/पंचम राज्य वित्त आयोग एवं पन्द्रहवा वित्त आयोग (केंद्रीय वित्त आयोग) मनरेगा योजना स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)एंव अन्य शासकीय योजनाओं से ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यो के लिए निम्नलिखित कराये जाने वाले कार्यो का विवरण निम्नलिखित है।

| क0 | कार्य का नाम | अनु लागत |
|---|---|---|
| 1 | जमुआ कछवा सम्पर्क मार्ग से अमरदेव सिंह के खेत से होते हुए सिचाई नाली तक खड़ंजा निर्माण | 1.50 लाख |
| 2 | जमुआ कछवा सम्पर्क मार्ग से विपुरारी सिंह के खेत से होते हुए मिंटू सिह के खेत तक खड़ंजा निर्माण कार्य | 1.50 लाख |
| 3 | रामा सिंह के मशीन से नन्हें सिंह के खेत तक खड़ंजा निर्माण कार्य | 1.80 लाख |
| 4 | छोटे सिंह के घर से जटासिंह के घर होते हुये नीरज सिंह के घर तक इंटरलाकिंग | 4.00 लाख |
| 5 | ग्राम पंचायत चडिया में जमुआ कछवा सम्पर्क मार्ग से कल्लू यादव के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 1.00 लाख |
| 6 | मार्कन्डेय सिंह के हाता से आदित्य सिंह के घर तक इंटरलाकिंग का कार्य | 1.35 लाख |
| 7 | आदित्य सिंह के घर से रामा सिंह के घर तक इंटरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य | 2.00 लाख |
| 8. | हैंडपंप रिबोर 2 नग | 1.00 लाख |
| 9. | सार्वजनिक स्थलों पर सोख्ता गडडा 10 नग | 2.00 लाख |

उपरोक्त कार्य पर इच्छुक आपूर्ति कर्त्ता सामग्री आपूर्ति हेतु दिनांक 23-03-2026 से 28-03-2026 तक सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक पंचायत कार्यलय में जमा कर सकते है। दिनांक 28-03-2026 पंचायत भवन कार्यालय पर सायं 4 बजे प्रशासनिक/निर्माण समिति के सामने टेण्डर का प्रकाशन किया जायेगा।

शम्भू नाथ मिश्रा
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत मंझवाँ
वि0 ख0 मंझवाँ
जनपद- मीरजापुर

इंदू सिंह
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत मंझवाँ
विकास खण्ड मंझवाँ जनपद
मीरजापुर

## कार्यालय ग्राम पंचायत- बजहाँ वि0 ख0 मंझवाँ जनपद- मीरजापुर

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-2026 में राज्य योजना/पंचम राज्य वित्त आयोग एवं पन्द्रहवा वित्त मनरेगा (केंद्रीय वित्त आयोग)मनरेगा योजना स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)एंव अन्य शासकीय योजनाओं से ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यो के लिए निम्नलिखित कराये जाने वाले कार्यो का विवरण निम्नलिखित है।

| क0 | कार्य का नाम | अनु लागत |
|---|---|---|
| 1 | पिच रोड से चन्दन हरिजन के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 4.60 लाख |
| 2 | नन्हकू हरिजन के धर से पिच रोड तक ह्यूम पाइप एवं इंटरलाकिंग कार्य | 4.50 लाख |
| 3 | पिपरिया बाबा तक इंटरलाकिंग कार्य | 3.00 लाख |
| 4 | ग्राम पंचायत में कूड़ादान व प्लास्टिक बैक की स्थापना | 1.50 लाख |
| 5 | ग्राम पंचायत में स्ट्रीट लाइट का कार्य | 1.00 लाख |
| 6 | ग्राम पंचायत में हैण्डपम्प चबुतरा का निर्माण | 1.00 लाख |
| 7 | ग्राम पंचायत में प्राथमिक विद्यालय के सामने चबुतरा निर्माण कार्य | 3.00 लाख |

उपरोक्त कार्य पर इच्छुक आपूर्ति कर्त्ता सामग्री आपूर्ति हेतु दिनांक 23-03-2026 से 28-03-2026 तक सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक पंचायत कार्यलय में जमा कर सकते है। दिनांक 28-03-2026 पंचायत भवन कार्यालय पर सायं 4 बजे प्रशासनिक/निर्माण समिति के सामने टेण्डर का प्रकाशन किया जायेगा।

रागिनी चौधरी
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत बजहाँ
वि0 ख0 मंझवाँ जनपद- मीरजापुर

साधना देवी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत बजहाँ
वि0 ख0 मंझवाँ जनपद-
मीरजापुर

## कार्यालय- ग्राम पंचायत-गड़ौली वि0 ख0 मंझवाँ जनपद- मीरजापुर

पत्रांक /मेमो दिनांक 21-03-2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष-2025-2026 में राज्य योजना/पंचम वित्त आयोग एवं पन्द्रहवाँ वित्त आयोग (केंद्रीय वित्त आयोग), संवं अन्य शासकीय योजनाओं से ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यो के लिए निम्नलिखित कराए जाने वाले कार्यो का विवरण निम्नलिखित है

| क0 | कार्य का नाम | अनु लागत |
|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत गड़ौली में करहर बस्ती में पिच रोड से संतोष चौबे के घर तक नाली (ह्यूम पाइप) व सी.सी. रोड/इंटरलाकिंग कार्य | 7.49 लाख |
| 2 | मुन्ना यादव के घर से राजू यादव के घर तक खड़ंजा निर्माण कार्य | 1.61 लाख |
| 3 | कृपाशंकर के घर से केदार के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 2.18 लाख |
| 4 | पंचायत भवन का रेनवाटर हार्वेस्टिंग व छत मरम्मत पेटिग व वायरिंग, बाउन्ड्रीवाल का उक्षीकरण व गेट निर्माण कार्य | 3.50 लाख |
| 5 | ग्राम पं0 में सार्वजनिक स्थल पर सोकपीट का निर्माण कार्य | 2.00 लाख |
| 6 | पिच रोड से प्राथमिक स्कूल ॥ तक इंटरलाकिंग का कार्य | 4.80 लाख |

उपरोक्त कार्य पर इच्छुक आपूर्ति कर्त्ता सामग्री आपूर्ति हेतु दिनांक 23-03-2026 से 28-03-2026 तक सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक पंचायत कार्यलय में जमा कर सकते है। तदोपरान्त दिनांक 28-03-2026 का सायंकाल 4 बजे ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में प्रशासनिक/निर्माण समिति के उपस्थिती में टेण्डर खोला जायेगा।

प्रीती सिंह
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत गड़ौली
वि0 ख0 मंझवाँ जनपद- मीरजापुर

मनीषा देवी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत गड़ौली
वि0 ख0 गड़ौली जनपद-मीरजापुर

## संक्षिप्त खबरें

### नवरात्रि के चौथे दिन मंदिर परिसर में चला स्वच्छता अभियान

**समाजसेवियों ने दिया जागरूकता का संदेश**



**नैनी,प्रयागराज।** रविवार को नवरात्रि के चौथे दिन सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान, अरैल नैनी प्रयागराज द्वारा देवरख गांव स्थित प्रभु जी की बैठक मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी विकास मिश्रा ने किया।इस अवसर पर विकास मिश्रा ने कहा कि धार्मिक स्थलों की स्वच्छता बनाए रखना हम सभी का कर्तव्य है। स्वच्छ वातावरण न केवल श्रद्धालुओं को सुविधा प्रदान करता है, बल्कि आध्यात्मिक ऊर्जा को भी बढ़ाता है।कार्यक्रम के दौरान मंदिर के महंत पप्पू शुक्ला जी को सरस्वती परिवार द्वारा सम्मानित किया गया। वहीं महंत जी ने प्रोफेसर आशीष शुक्ला को सम्मानित कर उनके योगदान की सराहना की।प्रोफेसर आशीष शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि मंदिर में प्रवेश करते ही सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव होता है, इसलिए ऐसे पवित्र स्थलों की स्वच्छता बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।

### लूट के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, पुलिस ने बरामद की सोने की चेन

**प्रयागराज।** जनपद में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना झूंसी पुलिस और जनपदीय एसओजी टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। संयुक्त कार्रवाई में लूट के एक मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लूटी गई चेन बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार, थाना झूंसी में पंजीकृत मु0अ0सं0-59/2026 धारा 309(4) बीएनएस के तहत दर्ज मामले में वांछित अभियुक्त विकास कुमार उर्फ लिल्ला पुत्र बृजमोहन को 22 मार्च 2026 को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी सिविल लाइन्स क्षेत्र में न्याय मार्ग स्थित पोलो ग्राउंड मजार के पास से की गई। तलाशी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से लूट की एक पीली धातु की चेन बरामद हुई। बरामदगी के आधार पर पुलिस ने मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की है। गिरफ्तार अभियुक्त की उम्र लगभग 36 वर्ष बताई जा रही है और वह नया पुरा, थाना शिवकुटी क्षेत्र का निवासी है। आपराधिक इतिहास भी खंगाला गया पुलिस जांच में सामने आया कि अभियुक्त विकास कुमार उर्फ लिल्ला का आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ पूर्व में विस्फोटक अधिनियम, धोखाधड़ी, आबकारी अधिनियम, आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस उसके आपराधिक नेटवर्क और अन्य साथियों के बारे में भी जानकारी जुटा रही है।

### बभनकुइया में जल अर्पण दिवस व विश्व जल दिवस पर भव्य समारोह




**ब्यूरो प्रयागराज-** बभनकुइया ग्राम में रविवार को विश्व जल दिवस एवं जल अर्पण दिवस के अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जल जीवन मिशन के अंतर्गत आयोजित हुआ, जिसमें क्षेत्र के ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रवीण पटेल रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जल जीवन मिशन का उद्देश्य हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना है, जिससे ग्रामीणों के जीवन स्तर में सुधार आए। उन्होंने योजना को जनता को समर्पित करते हुए कहा कि यह पहल गांवों के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर जिला समन्वयक अश्विनी श्रीवास्तव ने कार्यक्रम का संचालन किया। उन्होंने योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस मिशन के तहत गांव में पाइपलाइन के माध्यम से घर-घर जल आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। समारोह के दौरान जल संरक्षण और उसके महत्व पर भी विशेष जोर दिया गया। वक्ताओं ने ग्रामीणों से अपील की कि वे जल का विवेकपूर्ण उपयोग करें और वर्षा जल संचयन जैसे उपाय अपनाएं, ताकि भविष्य में जल संकट से बचा जा सके। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं ग्रामीणों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। आयोजन के अंत में जल संरक्षण का संकल्प दिलाया गया और योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए सभी को जागरूक किया गया।

# यूपी गैंगस्टर एक्ट के गंभीर परिणाम होते हैं, इसलिए प्रक्रिया का सख्ती से पालन अनिवार्यः सुप्रीम कोर्ट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज-** सुप्रीम कोर्ट ने कथित गैंगस्टर गब्बर सिंह के खिलाफ उत्तर प्रदेश गैंगस्टर और असामाजिक गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1986 के तहत चल रही कार्यवाही रद्द की। कोर्ट ने यह फैसला गैंग चार्ट तैयार करने की सिफारिश भेजने की प्रक्रिया में हुई प्रक्रियागत अनियमितताओं का हवाला देते हुए दिया, जिसमें गब्बर सिंह का नाम शामिल है। राज्य सरकार का स्पष्टीकरण खारिज करते हुए कोर्ट ने उस स्थापित सिद्धांत को दोहराया कि जब कोई कानून यह निर्धारित करता है कि कोई काम किसी विशेष तरीके से ही किया जाना चाहिए तो उसे उसी तरीके से किया जाना चाहिए, अन्यथा बिल्कुल नहीं; खासकर तब जब किसी व्यक्ति की निजी स्वतंत्रता दांव पर हो। जब कोई विशेष कार्य किया जाना हो, तो उसे उसी तरीके से किया जाना चाहिए जैसा कि निर्धारित है–यहां कानून द्वारा निर्धारित–अन्यथा उसे बिल्कुल नहीं किया जाना चाहिए। विशेष रूप से तब, जब किसी व्यक्ति की स्वतंत्रता दांव पर हो; एक ऐसी स्वतंत्रता जो सभी के लिए अनमोल है और जिसका उल्लंघन केवल कानून के अनुसार ही किया जा सकता है। जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की बेंच ने इलाहाबाद हाईकोर्ट का फैसला रद्द किया, जिसमें उसने FIR को खारिज करने से इनकार किया था। बेंच ने अपने फैसले में कहा कि गैंग चार्ट को तैयार करने और उसे आगे भेजने की प्रक्रिया में हुई स्पष्ट प्रक्रियागत अनियमितताओं ने FIR की पूरी बुनियाद को ही कमजोर (दोषपूर्ण) बना दिया। कोर्ट ने कहा, 'गैंग चार्ट के लिए यह अनिवार्य है कि उसमें नोडल अधिकारी और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की सिफारिशें शामिल हों, जिन्हें पुलिस अधीक्षक और जिला मजिस्ट्रेट द्वारा अनुमोदित किया गया हो। ये सिफारिशें लिखित रूप में होनी चाहिए और अनुमोदन पर हस्ताक्षर होने चाहिए। इस मामले में न तो अनिवार्य सिफारिशें उपलब्ध हैं और न ही किसी के हस्ताक्षर मौजूद हैं। ' यह मामला बहराइच में 1986 के अधिनियम की धारा 3(1) के तहत दर्ज एक FIR से जुड़ा है। इस FIR में आरोप लगाया गया कि अपीलकर्ता (आरोपी) एक ऐसे गिरोह का हिस्सा था, जो जमीन पर अवैध कब्जा, रंगदारी वसूली और जालसाजी जैसे गंभीर अपराधों में लिप्त था। अभियोजन पक्ष ने कानून के कड़े प्रावधानों को लागू करने के लिए पूरी तरह से इस 'गैंग चार्ट' पर ही भरोसा किया था।

## राहुल गांधी ने मोदी सरकार को घेरा, चुनाव के बाद पेट्रोल-डीजल और LPG की कीमतें बढ़ेंगी, एमएसएमई पर चोट पहुंचेगी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** पश्चिमी एशिया में चल रही जंग और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का असर भारतीय करेंसी पर पड़ रहा है। डॉलर के मुकाबले रुपया लगातार कमजोर हो रहा है। इसे लेकर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने केंद्र सरकार का घेराव किया। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, 'रुपये का डॉलर के मुकाबले कमजोर होकर 100 की तरफ बढ़ना और इंडस्ट्रियल फ्यूल की कीमतों में तेज बढ़ोतरी- ये सिर्फ आंकड़े नहीं, आने वाली महंगाई के साफ संकेत हैं। ' उन्होंने कहा कि सरकार चाहे इसे 'नॉर्मल' बताए, लेकिन हकीकत ये है कि उत्पादन और ट्रांसपोर्ट महंगे होंगे। एमएसएमई को सबसे ज्यादा चोट लगेगी। रोजमर्रा की चीजों के दाम बढ़ेंगे। एफआईआई का पैसा और तेजी से बाहर जाएगा, जिससे शेयर बाजार पर दबाव बढ़ेगा। राहुल गांधी ने आगे कहा कि यानी हर परिवार की जेब पर इसका सीधा और गहरा असर पड़ना तय है। और यह सिर्फ वक्त की बात है, चुनाव के बाद पेट्रोल, डीजल, और एलपीजी की कीमतें भी बढ़ा दी जाएंगी। मोदी सरकार के पास न दिशा है, न रणनीति, सिर्फ बयानबाजी है। सवाल यह नहीं कि सरकार क्या कह रही है, सवाल यह है कि आपकी थाली में क्या बचा है। पिछले दिनों राहुल गांधी ने कहा था कि दुनिया तेजी से बदल रही है। संकट हमारे दरवाजे पर है। अगर सरकार ने तुरंत कदम नहीं उठाए तो एलपीजी, पेट्रोल और डीजल करोड़ों भारतीय परिवारों के लिए बड़ी समस्या बन जाएंगे। सच्चाई साफ है, केंद्र सरकार ने भारत की ऊर्जा सुरक्षा से समझौता कर दिया है। उन्होंने यह भी कहा था कि कमजोर और दिशाहीन विदेश नीति ने देश को इस खतरनाक स्थिति में ला खड़ा किया है। अब समय है सच बताने का और देश को तैयार करने का। वरना इसकी कीमत भारत के आम लोग चुकाएंगे।

## नैनी में आरएसएस का पथ संचलन,जगह-जगह हुआ स्वागत



**नैनी, प्रयागराज।** रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रयाग नैनी भाग द्वारा विराट पथ संचलन का आयोजन किया गया। यह पथ संचलन नैनी बाजार, स्टेशन रोड, संगम रोड एवं चकदोंदी सहित विभिन्न क्षेत्रों से होकर गुजरा।पथ संचलन के दौरान कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का विज्ञापन स्वागत किया गया। चकदोंदी क्षेत्र में पार्षद राकेश जायसवाल एवं व्यापार मंडल अध्यक्ष के साथ-साथ नैनी व्यापार मंडल के महामंत्री तथा भाजपा के वरिष्ठ नेता घनश्याम जायसवाल के नेतृत्व में स्वागत कार्यक्रम आयोजित हुआ। विशेष बात यह रही कि चकदोंदी में मुस्लिम समाज के लोगों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। कलीम खान, गुड्डू भाई एवं नफीम भाई ने अपने साथियों के साथ पथ संचलन का स्वागत किया।

## जेलों में भीड़भाड़ पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, सभी राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों से मांगा ताजा डाटा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** देशभर की जेलों में बढ़ती भीड़भाड़ को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि वे अपनी-अपनी जेलों की वर्तमान स्थिति पर विस्तृत हलफनामा दाखिल करें। यह आदेश जेलों में भीड़भाड़ से संबंधित एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान दिया गया। सुप्रीम कोर्ट की ओर से मामले में न्यायमित्र नियुक्त वकील गौरव अग्रवाल ने बताया कि कोर्ट के पास राज्यवार जेलों की ताजा स्थिति से जुड़ा कोई अपडेट आंकड़ा उपलब्ध नहीं है। इस पर पीठ ने स्पष्ट किया कि राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को जेलों की पूरी जानकारी देनी होगी। इसमें हर जेल की क्षमता, वहां बंद कैदियों की कुल संख्या (विचाराधीन और सजायाफ्ता दोनों), तथा प्रत्येक जेल में भीड़भाड़ का प्रतिशत शामिल होगा। इसके अलावा, कोर्ट ने जेलों में भीड़ कम करने के लिए उठाए गए या प्रस्तावित कदमों की जानकारी भी मांगी है। अदालत ने महिलाओं की जेलों पर विशेष ध्यान देते हुए वहां उपलब्ध सुविधाओं का ब्योरा भी मांगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि ये सभी हलफनामे संबंधित राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के गृह सचिव की ओर से दाखिल किए जाएं। इसके लिए अंतिम तारीख 18 मई 2026 निर्धारित की गई है। इस मामले की अगली सुनवाई 26 मई 2026 को होगी।

## एस आर एनअस्पताल के ICU में लगी आग, समय रहते सभी मरीज सुरक्षित निकाले गए



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में शनिवार देर रात एक गंभीर घटना सामने आई, जब IC वार्ड में अचानक आग लग गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार यह आग वार्ड नंबर 8 में वेंटिलेटर में हुए शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। घटना रात लगभग 11 बजे की बताई जा रही है। आग लगते ही IC में तेजी से धुआं भर गया, जिससे वहां मौजूद मरीजों और स्टाफ के बीच अफरा-तफरी मच गई। , लेकिन अस्पताल प्रशासन की तत्परता से बड़ा हादसा टल गया। डॉक्टरों, नर्सों और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ने तुरंत सक्रियता दिखाते हुए सभी मरीजों को सुरक्षित रूप से वार्ड नंबर 7 में शिफ्ट कर दिया। मरीजों को शिफ्ट करने के दौरान विशेष सावधानी बरती गई, ताकि किसी की हालत पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और त्वरित कार्रवाई करते हुए कुछ ही मिनटों में आग पर काबू पा लिया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी भी मरीज या स्टाफ को कोई नुकसान नहीं हुआ। प्रशासन के अनुसार आग लगने के कारणों की विस्तृत जांच कराई जाएगी, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। इस पूरी घटना ने एक बार फिर अस्पतालों में सुरक्षा मानकों और इलेक्ट्रिकल उपकरणों की नियमित जांच की आवश्यकता को उजागर किया है।

## वांछित अपराधी अमित पाण्डेय उर्फ नन्हके गिरफ्तार, 13 मुकदमों में रहा है शामिल

**प्रयागराज-** पुलिस ने फाफामऊ थाना क्षेत्र में बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक वांछित अभियुक्त अमित पाण्डेय उर्फ नन्हके को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके पास से चोरी के 3,100 रुपये भी बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, अमित पाण्डेय लंबे समय से फरार चल रहा था और उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे। गुप्त सूचना के आधार पर फाफामऊ थाना पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ने में सफलता हासिल की। जांच में सामने आया है कि अभियुक्त का आपराधिक इतिहास काफी लंबा रहा है। उसके खिलाफ चोरी, लूट और अन्य आपराधिक धाराओं में कुल 13 मुकदमे पहले से दर्ज हैं। स्थानीय लोगों में उसकी गतिविधियों को लेकर काफी भय का माहौल था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ की जा रही है, जिससे अन्य घटनाओं के खुलासे की भी उम्मीद है। साथ ही, उसके नेटवर्क और साथियों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और अपराधियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

# इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पूछा- चाइनीज मांझे पर रोक को लेकर क्या कार्रवाई की गई, सरकार से जवाब तलब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने चाइनीज मांझे पर रोक को लेकर की गई कार्रवाई पर मुख्य स्थायी अधिवक्ता को सरकार से एक महीने में निर्देश प्राप्त कर जवाब दाखिल करने के लिए कहा है। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकल पीठ ने यह आदेश देवरिया निवासी अधिवक्ता प्रदीप पांडे की ओर से दाखिल अवमानना याचिका पर दिया है। इसमें गृह विभाग के प्रमुख सचिव और डीजीपी को पक्षकार बनाया गया है। कहा गया है कि हाईकोर्ट ने 2015 में जनहित याचिका अनुराग मिश्रा बनाम राज्य मामले में चाइनीज मांझे के निर्माण, बिक्री और उपयोग पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश दिए थे। 14 जनवरी 2026 को एक और जनहित याचिका हिमांशु श्रीवास्तव बनाम राज्य में भी कोर्ट ने पुराने आदेशों को दोहराते हुए सख्ती से पालन कराने के लिए कहा था। इसके बावजूद प्रतिबंधित मांझा खुलेआम बिक रहा है। याची ने दलील दी है कि अधिकारियों की लापरवाही और आदेशों की अवहेलना से कई घटनाएं हो चुकी हैं। 22 जनवरी 2026 को प्रयागराज में गले में मांझा फंसने से अधिवक्ता अनूप श्रीवास्तव घायल हो गए थे। जौनपुर, उन्नाव, मेरठ और लखनऊ सहित कई जिलों में एक साल में कई लोगों की मौत और कई के घायल होने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। अधिवक्ता ने दलील दी कि यह मांझा न सिर्फ दुकानों पर, बल्कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भी आसानी से उपलब्ध है। यह अनुच्छेद-21 के तहत जीवन के अधिकार का उल्लंघन है। कोर्ट ने याची को निर्देश दिया है कि वे 48 घंटे के भीतर मुख्य स्थायी अधिवक्ता को याचिका की प्रति उपलब्ध कराएं। एक माह बाद अगली सुनवाई होगी।

## कॉलेजियम सही जजों की रक्षा करने में नाकाम रहा हैः जस्टिस दीपांकर दत्ता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस दीपांकर दत्ता ने शनिवार को टिप्पणी की कि सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम अतीत में उन जजों की रक्षा करने में नाकाम रहा है जिन्होंने साहस और ईमानदारी दिखाई; उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसी घटनाओं से जज अपने करियर की तरक्की के बजाय नैतिकता को प्राथमिकता देने से हतोत्साहित हो सकते हैं। जस्टिस दत्ता 'न्यायिक शासन की नई कल्पना' (Reimagining Judicial Governance) विषय पर आयोजित 'पहले सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन राष्ट्रीय सम्मेलन 2026' में बोल रहे थे।उन्होंने आग्रह किया कि कॉलेजियम के सदस्यों को इस मौके पर आगे आना चाहिए और अपने साथी जजों की रक्षा करनी चाहिए। जस्टिस दत्ता सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस बी.वी. नागरत्ना के एक भाषण का ज़िक्र कर रहे थे, जिसमें उन्होंने कहा था कि जजों को सही फैसला लेने में हिचकिचाना नहीं चाहिए, भले ही इसकी कीमत उन्हें अपने प्रमोशन (पदोन्नति) के रूप में चुकानी पड़े या इससे सत्ता में बैठे लोग नाराज़ हो जाएं। हाल ही में केरल हाई कोर्ट में आयोजित 'दूसरे टी.एस. कृष्णमूर्ति अय्यर स्मारक व्याख्यान' में बोलते हुए जस्टिस नागरत्ना ने कहा थाः 'भले ही जजों को पता हो कि अलोकप्रिय फैसलों की कीमत उन्हें अपने प्रमोशन, कार्यकाल में विस्तार (एक्सटेंशन) के रूप में चुकानी पड़ सकती है, लेकिन यह बात उनके फैसलों के आड़े नहीं आनी चाहिए। आखिरकार, हर जज का अपना दृढ़ विश्वास, साहस और स्वतंत्रता ही सबसे ज़्यादा मायने रखती है। काबिलियत, ईमानदारी, स्वभाव और मेहनत के आधार पर किया जाना चाहिए। जुड़ाव, सामाजिक निकटता, लॉबिंग, अनौपचारिक सिफारिशें, या सत्ता में बैठे लोगों के साथ कथित नज़दीकी–चाहे वह न्यायिक हो, राजनीतिक हो या किसी और तरह की–को पूरी तरह से बाहर रखा जाना चाहिए।

## गुजरात में छह जजों को समय से पहले रिटायर होने का आदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज-** राज्य सरकार ने छह जजों को 'जनहित में' न्यायपालिका से 'समय से पहले रिटायर' होने का निर्देश दिया है, जो तत्काल प्रभाव से लागू होगा। यह आदेश गुजरात हाई कोर्ट की इस संबंध में की गई सिफ़ारिशों के बाद जारी किया गया।

इनमें से पाँच ज़िला जज हैं, जबकि एक सीनियर सिविल जज हैं। गुजरात सरकार के विधि विभाग ने 16 मार्च को इस संबंध में अधिसूचनाएँ जारी कीं।

जिन पाँच ज़िला जजों को समय से पहले रिटायर होने के लिए कहा गया है, वे हैंः प्रथमेश श्रीवास्तव, प्रधान ज़िला जज, मोरबी; प्रशांत जोशी, प्रधान जज, फ़ैमिली कोर्ट, मोरबी; मोहम्मद इलियास मंडली, प्रधान जज, फ़ैमिली कोर्ट, पोरबंदर; अली हुसैन शेख, तीसरे अतिरिक्त ज़िला जज, राजकोट (धोराजी); और किरीट कुमार दर्जी, अतिरिक्त ज़िला जज, अरावली (मोडासा)। छठे न्यायिक अधिकारी की पहचान जयेश कुमार पारिख के रूप में हुई है, जो प्रधान सीनियर सिविल जज और अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, ध्रांगध्रा (सुरेंद्रनगर ज़िला) हैं। सूत्रों ने बताया कि इन छह जजों को समय से पहले रिटायर करने का आदेश गुजरात सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 2002 के प्रावधानों के तहत जारी किया गया है, जिसे गुजरात राज्य न्यायिक सेवा नियम, 2005 के नियम 21 के साथ पढ़ा जाता है; सदस्य को उप-नियम (1) के तहत जनहित में रिटायर किया जाना चाहिए, इस पर कम से कम तीन बार विचार किया जाएगा; यानी, जब वह 50 वर्ष, 55 वर्ष और 58 वर्ष की आयु पूरी करने वाला हो। '

## वरिष्ठ पत्रकार मिथिलेश त्रिपाठी बने भारतीय किसान यूनियन (भानु) के जिला मीडिया प्रभारी



**नैनी, प्रयागराज।** रविवार को वरिष्ठ पत्रकार मिथिलेश त्रिपाठी को भारतीय किसान यूनियन (भानु) में जिला मीडिया प्रभारी के पद पर नियुक्त किया गया। इस नियुक्ति की घोषणा संगठन के पदाधिकारियों की उपस्थिति में की गई।नवनियुक्त जिला मीडिया प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी ने इस अवसर पर जिला अध्यक्ष पंकज प्रताप सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, वह उसका पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे।

# पश्चिम एशिया संकट के बीच एकजुट हुए 22 देश

### ● ईरान को लिखा पत्र, होर्मुज खोलने और जहाजों पर हमले न करने की अपील

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** पश्चिम एशिया संकट के बीच दुनिया के 22 देशों ने मिलकर ईरान से अपील की है कि वह अपने हमले तुरंत बंद करे और होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोल दे। इन देशों में यूएई, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, जापान, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया समेत कई बड़े देश शामिल हैं। इन सभी ने एक संयुक्त बयान जारी करके ईरान की कार्रवाई की कड़ी निंदा की है। इन देशों का कहना है कि ईरान ने हाल ही में बिना हथियार वाले व्यापारिक जहाजों पर हमले किए, तेल और गैस से जुड़ी महत्वपूर्ण सुविधाओं को निशाना बनाया और होर्मुज जलडमरूमध्य को लगभग बंद कर दिया। एक संयुक्त बयान में देशों ने कहा कि समुद्र में जहाजों की आवाजाही की आजादी अंतरराष्ट्रीय कानून का अहम हिस्सा है। ईरान की इन हरकतों का असर पूरी दुनिया पर पड़ेगा, खासकर गरीब और कमजोर देशों को इसका सबसे ज्यादा नुकसान होगा। जिन 22 देशों ने यह पत्र लिखा है- उसमें संयुक्त अरब अमीरात, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, नीदरलैंड, जापान, कनाडा, दक्षिण कोरिया, न्यूजीलैंड, डेनमार्क, लातविया, स्लोवेनिया, एस्टोनिया, नॉर्वे, स्वीडन, फिनलैंड, चेकिया, रोमानिया, बहरीन, लिथुआनिया और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं। यह दुनिया के सबसे अहम समुद्री रास्तों में से एक है, जहां से बड़ी मात्रा में तेल और गैस का व्यापार होता है। अगर यह रास्ता बंद होता है, तो पूरी दुनिया में तेल की सप्लाई प्रभावित हो सकती है। यह संघर्ष 28 फरवरी को शुरू हुआ था जब अमेरिका और इस्राइल ने मिलकर ईरान पर बड़े पैमाने पर हमले किए थे, जिसमें ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की भी मौत हो गई थी। ईरान के नए सर्वोच्च नेता और अली खामेनेई के बेटे मोजतबा खामेनेई ने अपने पहले सार्वजनिक संदेश में कहा है कि ईरान अपने मारे गए लोगों का बदला जरूर लेगा। उन्होंने यह भी चेतावनी दी है कि होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद रखने की नीति जारी रहेगी और पड़ोसी देशों को अमेरिकी सैन्य ठिकानों की मेजबानी बंद करनी चाहिए। पश्चिम एशिया में चल रहे इस संघर्ष में भारी जानमाल का नुकसान हुआ है। आंकड़ों के अनुसार, ईरान में 1300 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है, लेबनान में 1000+ मौतें और लाखों लोग बेघर हुए हैं। वहीं इस्राइल में 15 लोगों की मौत हुई है और अमेरिका में 13 सैनिकों की मौत हुई है।

## घर में घुसकर चोरी करने वाला चोर गिरफ्तार,नकदी व मोबाइल बरामद




**नैनी प्रयागराज।** रविवार को औद्योगिक क्षेत्र पुलिस टीम ने चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी में प्रयुक्त औजारों के साथ नकदी और मोबाइल फोन बरामद किए हैं।पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान मुन्ना खान उर्फ शाहिल (21 वर्ष) पुत्र इकलाख खान निवासी डिहवा कटैईया थाना सरायं अकिल, जनपद कौशाम्बी के रूप में हुई है। उसे थाना औद्योगिक क्षेत्र, प्रयागराज से गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने अभियुक्त के पास से एक लोहे का हथौड़ा, एक तार कटर और 1680 रुपये नगद बरामद किए। इसके अलावा उसकी निशानदेही पर तीन मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं। इस संबंध में वादी धीरज सिंह पुत्र स्व. चन्द्र देव सिंह निवासी रामपुर थाना औद्योगिक क्षेत्र, प्रयागराज की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोप है कि अभियुक्त ने वादी के घर में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। इस मामले में थाना औद्योगिक क्षेत्र में मु0अ0सं0 42/2026 धारा 331(3), 305(ए) व 317(2) बीएनएस के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। घटना के दिन भी वह चोरी करने गया था, लेकिन घरवालों के जाग जाने पर पकड़ा गया।पुलिस के अनुसार, अभियुक्त का आपराधिक इतिहास भी रहा है। इससे पहले उसके खिलाफ थाना मंझनपुर, कौशाम्बी में चोरी और चोरी का माल रखने के मामले दर्ज हैं। पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ नियमानुसार आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# संक्षिप्त खबरें

## ईद-उल-फितर पर अमन और भाईचारे का संदेश, नमाज के बाद गले मिलकर दी मुबारकबाद



**पाकुड़, झारखंडः**- पवित्र रमजान माह की समाप्ति के साथ मनाए जाने वाले ईद-उल-फितर के अवसर पर जिले भर में उल्लास, आस्था और भाईचारे का अद्भुत संगम देखने को मिला। चांद के दीदार के बाद रविवार सुबह पाकुड़ जिले के विभिन्न ईदगाहों एवं मस्जिदों में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने एकत्रित होकर विशेष नमाज अदा की। शहर के प्रमुख ईदगाहों के साथ-साथ पहाड़ मैदान, हिरणपुर क्षेत्र स्थित जामिया मस्जिद तथा आसपास के इलाकों में भी नमाज के लिए विशेष तैयारियां की गई थीं। श्रद्धालुओं ने सुसज्जित पंडालों में मौलाना की अगुवाई में नमाज अदा की और देश में अमन-चैन, सुख-समृद्धि तथा आपसी सौहार्द बनाए रखने की दुआ मांगी। नमाज के उपरांत लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इस दौरान समाज में प्रेम, भाईचारे और एकता का संदेश स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुआ। बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी पारंपरिक परिधानों में उत्साहित नजर आए और एक-दूसरे के घर जाकर सेवइयों और मिठाइयों का आनंद लिया। ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरी इलाकों तक, हर जगह ईद का उल्लास देखने को मिला। लोगों ने रिश्तेदारों और परिचितों के बीच जाकर शुभकामनाएं दीं और सामाजिक समरसता को और मजबूत करने का संकल्प लिया।

## हुचलू में ईद का उल्लासः नमाज़ के साथ गूंजा भाईचारे और एकता का संदेश



**चंदवा, झारखंडः**- चंदवा प्रखंड के हुचलू गांव में शनिवार को ईद का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के लोगों ने एकजुट होकर ईद की नमाज़ अदा की। नमाज़ के बाद सभी ने एक-दूसरे को गले लगाकर मुबारकबाद दी, जिससे पूरे इलाके में प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान प्रशासन पूरी तरह सतर्क और मुस्तैद रहा, जिसके कारण पूरा आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। हुचलू के सदर मोहम्मद नौशाद अंसारी ने सभी क्षेत्रवासियों को ईद की शुभकामनाएं देते हुए आपसी एकता और भाईचारा बनाए रखने की अपील की। वहीं, मस्जिद के इमाम ने अपने संबोधन में शांति, अमन और इंसानियत का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि ईद का त्योहार हमें प्रेम, सहयोग और जरूरतमंदों की मदद करने की प्रेरणा देता है। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी खास बना दिया। पूरे क्षेत्र में उत्साह और खुशी का माहौल बना रहा। यह आयोजन समाज में एकता और सद्भाव का एक सुंदर उदाहरण बनकर उभरा।

## देवनद दामोदर छठ घाट का किया गया निरीक्षण, चैती छठ की तैयारियों का लिया गया जायजा



**चंदवा, झारखण्डः**- चैती छठ पर्व को लेकर चंदवा प्रखंड प्रशासन पूरी तरह सक्रिय नजर आ रहा है। इसी क्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन कुमार, अंचलाधिकारी सुमित कुमार झा एवं उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा ने संयुक्त रूप से देवनद दामोदर छठ घाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने घाट की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने संबंधित कर्मियों को निर्देश दिया कि छठ व्रतियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी की जाएं। इस अवसर पर रिकी वर्मा, मंटू केसरी एवं अंकित कुमार भी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर छठ घाट को व्यवस्थित और सुरक्षित बनाने को लेकर चर्चा की। अधिकारियों ने बताया कि चैती छठ के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है, ऐसे में प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ व्यवस्था सुनिश्चित करने में जुटा हुआ है, ताकि सभी लोग शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में पर्व मना सकें।

# झारखंड बजट सत्र में एकजुटता दिखाने में नाकाम रही एनडीए, भाजपा विधायकों का रुख नजर आया ढीलाढाला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रांची।** झारखंड विधानसभा के हालिया बजट सत्र ने जहां सरकार को अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने का अवसर दिया, वहीं विपक्षी गठबंधन एनडीए की आंतरिक कमजोरी भी खुलकर सामने आ गई। सत्र के दौरान घटक दलों के बीच संवाद और समन्वय की कमी स्पष्ट रूप से दिखी, जिसका सीधा असर विपक्ष की धार पर पड़ा। विशेष रूप से भाजपा, जो राज्य में मुख्य विपक्षी दल की भूमिका में है, अपेक्षित आक्रामकता और रणनीतिक एकजुटता दिखाने में नाकाम रही।

**भाजपा के विधायकों का रुख नजर आया ढीलाढाला**

सत्र के दौरान कई महत्वपूर्ण मुद्दे जैसे कानून-व्यवस्था, बेरोजगारी, और विकास योजनाओं की गति पर सरकार को घेरने का मौका था।

लेकिन भाजपा के विधायकों का रुख अपेक्षाकृत ढीलाढाला नजर आया। विपक्ष की ओर से सामूहिक रणनीति के अभाव में सरकार को किसी बड़े दबाव का सामना नहीं करना पड़ा। यह स्थिति एनडीए के अंदर गहराते समन्वय संकट का संकेत है।

**पूर्व मंत्री सरयू राय ने प्रभावी ढंग से घेरने की कोशिश की**

हालांकि, जदयू विधायक और पूर्व मंत्री सरयू राय ने कई मौकों पर सरकार को प्रभावी ढंग से घेरने की कोशिश की। उन्होंने सदन के भीतर मुद्दों को तथ्यात्मक ढंग से उठाया और सरकार से जवाब मांगा। सरयू राय का कहना है कि महत्वपूर्ण मुद्दों पर विपक्ष की एकजुटता बेहद जरूरी है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि भाजपा, जो गठबंधन का सबसे बड़ा दल है, को समन्वय की पहल करनी चाहिए। उनके इस बयान को राजनीतिक संकेत के रूप में देखा जा रहा है कि एनडीए के भीतर संवाद की कमी अब सार्वजनिक विमर्श का विषय बन रही है।

**बजट के दौरान एनडीए की नहीं हुई कोई बैठक**

गौरतलब है कि पूरे बजट सत्र के दौरान एनडीए के घटक दलों की कोई औपचारिक बैठक नहीं हुई। यह तथ्य अपने आप में इस बात का प्रमाण है कि विपक्षी रणनीति को लेकर गंभीरता का अभाव रहा। आमतौर पर ऐसे सत्रों में विपक्षी दल पहले से रणनीति तय करते हैं। विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर सरकार को घेरने के लिए समन्वित प्रयास करते हैं। लेकिन इस बार ऐसा कुछ भी देखने को नहीं मिला। यही स्थिति बनी रही तो आने वाले समय में एनडीए को राजनीतिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। एक ओर जहां सत्तारूढ़ गठबंधन अपेक्षाकृत संगठित नजर आ रहा है, वहीं विपक्ष का बिखराव उसे कमजोर बना रहा है।

# 20 मार्च को चांद के दीदार होते ही शनिवार को मुस्लिम समुदाय ने मनाया ईद का त्योहार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखण्डः**- बीते 20 फरवरी से मुस्लिम समुदाय का पाक महीना में पूरे 30 दिन रोजा का उपवास प्रारंभ हुआ। इसके पूर्ण होने पर 20 मार्च को चांद के दीदार होते ही मुस्लिम समुदाय में अपूर्व हर्षोल्लास देखा गया और 21 मार्च को मस्जिदों में सामूहिक नमाज अदा कर सलामती की दुआ मांगी गई। हालांकि घने बादलों के आकाश पर छाए रहने और हल्की बारिश के कारण ईदगाहों में परंपराओं के मुताबिक सामूहिक नमाज पढ़ने में कठिनाई अवश्य हुई, पर उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी। मुस्लिम भाइयों ने नए रंग-बिरंगे परिधानों में मस्जिदों में सामूहिक नमाज अदा करते हुए अपने और वतन की सलामती की दुआ मांगी। ईद पर्व को लेकर पाकुड़िया प्रखंड में काफी उत्साह देखा गया, विशेषकर बच्चे-बच्चियों में। ईद का त्योहार प्रखंड मुख्यालय पाकुड़िया, मोंगलाबांध, लकड़ा पहाड़ी, श्यामसुंदरपुर, राजपोखर, बागजोबरा, फुलझिंझरी, धोबाना, बाबूझूटी, पलियादह, डोमनगड़िया, मलिकपुर, गोपालनगर और सोल्ला ग्राम में मुस्लिम भाइयों द्वारा मनाया गया। इस पावन अवसर पर वर्षा के कारण मस्जिदों में सामूहिक नमाज अदा कर अपने और वतन की सलामती की दुआ की गई। त्योहार को शांतिपूर्ण और सामाजिक सौहार्द के साथ संपन्न कराने में पाकुड़िया पुलिस बल का पूर्ण सहयोग देखने को मिला।

## करमा में चार दिवसीय रात्रि क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज, विधायक ने किया उद्घाटन

**चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः**- चौपारण प्रखंड के करमा में आयोजित चार दिवसीय रात्रि क्रिकेट टूर्नामेंट का बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने फीता काटकर और बल्ले से शॉट लगाकर शुभारंभ किया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है, बस उन्हें सही मंच और प्रोत्साहन की आवश्यकता है। कहा, खेल न केवल शारीरिक विकास के लिए जरूरी है, बल्कि यह युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास भी जगाता है। ऐसे आयोजन युवाओं को नशे और गलत संगत से दूर रखकर सकारात्मक ऊर्जा से भरते हैं। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला पड़रिया और केंदुआ मोड़ के बीच खेला गया। रोमांचक मैच में पड़रिया की टीम ने जीत हासिल कर अगले दौर में प्रवेश किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजदेव यादव, पंचायत समिति सदस्य विनय चंद्रवंशी, भूपेश यादव, लक्ष्मण साव, गौतम साव, सुरेंद्र चंद्रवंशी, साजन कुमार, सुमित कुमार, किंकर कुमार, आकाश कुमार, रामभरोश कुमार, सूरज कुमार, अरविंद कुमार, प्रकाश कुमार और रंजीत यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# चंदवा में धूमधाम से मनाया गया सरहुल पर्व, भव्य जुलूस में उमड़ा जनसैलाब

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चंदवा, झारखंडः**- चंदवा प्रखंड में प्रकृति और आस्था का महापर्व सरहुल पूरे हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। प्रखंड सरना समिति के बैनर तले आयोजित इस भव्य कार्यक्रम का नेतृत्व पढ़ा राजा धनेश्वर उरांव ने किया। पर्व के अवसर पर कुसुम टोली स्थित कृषि फार्म मैदान से भव्य जुलूस की शुरुआत हुई, जो चंदवा मुख्य बाजार, बुध बाजार, सरोजनगर सहित विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए पुनः कृषि फार्म मैदान पहुंचकर संपन्न हुआ। जुलूस में चंदवा प्रखंड के साथ-साथ आसपास के गांवों और मोहल्लों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग और युवा पारंपरिक वेशभूषा में सजे-धजे नजर आए, जिससे पूरा वातावरण उत्सवमय हो उठा। सरहुल पर्व के दौरान सारना धर्म के अनुसार विधिवत पूजा-अर्चना की गई। पढ़ा राजा धनेश्वर उरांव ने प्रकृति की पूजा करते हुए पेड़-पौधों की आराधना की और क्षेत्र की सुख-शांति व समृद्धि की कामना की। इस दौरान ढोल-नगाड़ों की पारंपरिक धुन पर लोग झूमते-नाचते नजर आए, जिससे पूरा माहौल आनंद और उल्लास से भर गया। कार्यक्रम में लगभग 30 हजार से अधिक लोगों की उपस्थिति देखी गई, जो इस पर्व के प्रति लोगों की आस्था और उत्साह को दर्शाता है। आयोजन को सफल बनाने में प्रखंड सरना समिति एवं थाना समिति के सदस्यों ने दिन-रात मेहनत की। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष विमल उरांव, सचिव थाने लाल उरांव, उप सचिव विनोद उरांव, कोषाध्यक्ष सुरेश नाथ लोहार, उपाध्यक्ष राकेश लोहार, सलाहकार सिद्ध मोहन मुंडा, लाल बिहारी उरांव, भट्टू उरांव, महेश उरांव, जितेंद्र सिंह, राजनाथ उरांव, भवन मुंडा, रंजीतपुर मुखिया बीरबल उरांव, सुबेश्वर उरांव, रामपाल उरांव, सुरेंद्र उरांव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस दौरान चंदवा प्रशासन एवं जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहने के कारण जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। प्रशासन के सहयोग से यह धार्मिक और प्राकृतिक आस्था से जुड़ा पर्व सफलतापूर्वक मनाया गया।

# भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ 9 दिवसीय विष्णु महायज्ञ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखण्डः**- घने बादलों एवं हल्की वर्षा के साथ चिर प्रतीक्षित विष्णु महायज्ञ का श्रीगणेश लंबी भव्य मनोरम कलश यात्रा से पाकुड़िया में 21 मार्च से हो गया। 9 दिवसीय विष्णु महायज्ञ के निमित्त भारी संख्या में बच्चे-बच्चियां व महिलाएं कलश लिए धार्मिक नारों के साथ यज्ञ स्थल से निकल कर पाकुड़िया बाजार से सिदो-कान्हू मोड़ होकर नगर भ्रमण करते हुए तृपितिया नदी तट पहुंचीं। कलश यात्रा की अगली पंक्ति में यज्ञ के यजमान शम्भू भगत व उनकी धर्मपत्नी कलश लिए बैंड बाजे के संग चल रहे थे। वैदिक मंत्रों के साथ कलश में पवित्र जल भरने के उपरांत यज्ञ वेदी पर कलश स्थापना की गई। तत्पश्चात यज्ञ वेदी पर निर्मित हवन कुंड में अरणि मंथन से अग्नि प्रज्वलित कर वैदिक मंत्रों के साथ विष्णु महायज्ञ का श्रीगणेश बनारस के पंडितों द्वारा किया गया। इस मांगलिक बेला में बड़ी संख्या में श्रद्धालु तथा लोग उपस्थित थे। रामलला यज्ञ परिसर में काली के परम भक्त श्रीरामकृष्ण, माता शारदा देवी, मां दुर्गा, भगवान श्रीहरि माता लक्ष्मी एवं आदि महाशक्ति जगत माता पार्वती देवाधिदेव महादेव के संग सौम्य दिव्य स्वरूप में विराजमान हैं। वहीं विस्तृत यज्ञ प्रांगण में धार्मिक प्रवचन, भगवान की हृदयगामी व सुंदर लीलाओं का वर्णन तथा बंगला और संथाली भाषाओं में संकीर्तन का पंडाल है। दूसरी ओर विशाल मेले का आयोजन है। इसमें मनोरंजन हेतु तारा माची, सर्कस आदि के अलावा स्टेशनरी, लोहे के सामान व जलपान, मिष्ठान आदि की दुकानें सजी हैं। बताते चलें कोरोना काल के 6 वर्षों के बाद पुनः विष्णु महायज्ञ का भव्य आयोजन होने से पाकुड़िया प्रखंड के लोगों में अपार हर्ष है। यज्ञ के भव्य आयोजन तथा विशाल शोभायात्रा के सुचारू संचालन में पाकुड़िया थाना प्रभारी मनोज कुमार महतो, पुलिस बल एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ बनर्जी का पूर्ण सहयोग रहा है। समाचार संप्रेषण करने तक विष्णु महायज्ञ के हवन कुंड में होमी जा रही विभिन्न पूजन सामग्रियों तथा समिधाओं से निकलती आध्यात्मिक सुगंध से प्रखंड का कण-कण सुगंधित हो रहा है। हालांकि हल्की बारिश से कुछ कठिनाई श्रद्धालुओं को अवश्य हुई, परंतु लोगों में यज्ञ को लेकर अपूर्व उत्साह बना हुआ है। समाचार संप्रेषण करने तक पाकुड़िया के आसमान पर बादल छाए रहे।

# असम चुनाव को लेकर कांग्रेस से तालमेल की कवायद, हेमंत सोरेन और कल्पना पहुंचे दिल्ली

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रांची।** असम विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। इसी कड़ी में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत तथा उनकी पत्नी विधायक कल्पना सोरेन रविवार को दिल्ली रवाना हुए। उनका दिल्ली दौरा अहम माना जा रहा है। दोनों नेताओं की यह यात्रा महज औपचारिक नहीं, बल्कि गठबंधन की जटिल गुत्थियों को सुलझाने की एक गंभीर कोशिश के तौर पर देखी जा रही है। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) असम में अपनी राजनीतिक उपस्थिति दर्ज कराने को लेकर इस बार अधिक आक्रामक रणनीति अपना रहा है। पार्टी को उसका पारंपरिक चुनाव चिह्न तीर-धनुष मिलने के बाद उसके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी हुई है। ऐसे में झामुमो की इच्छा गठबंधन के तहत सम्मानजनक सीटों पर चुनाव लड़ने की है।

**कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात की संभावना**

दिल्ली में इस दौरान कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात की संभावना है, जिसमें सीट बंटवारे, प्रचार रणनीति और संभावित गठबंधन के स्वरूप पर विस्तार से बातचीत होगी।झामुमो का मानना है कि असम के कुछ इलाकों में आदिवासी और प्रवासी झारखंडी मतदाताओं के बीच उसकी पकड़ बन सकती है, जिसे चुनावी रूप से भुनाया जा सकता है। यह भी कयास लगाए जा रहे हैं कि अगर कांग्रेस से बात नहीं बनती है तो झामुमो असम में अकेले भी मैदान में उतर सकती है।

## हुचलू में ईद का उल्लासः नमाज़ के साथ गूंजा भाईचारे और एकता का संदेश

**चंदवा, झारखंडः**- चंदवा प्रखंड के हुचलू गांव में शनिवार को ईद का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के लोगों ने एकजुट होकर ईद की नमाज़ अदा की। नमाज़ के बाद सभी ने एक-दूसरे को गले लगाकर मुबारकबाद दी, जिससे पूरे इलाके में प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान प्रशासन पूरी तरह सतर्क और मुस्तैद रहा, जिसके कारण पूरा आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। हुचलू के सदर मोहम्मद नौशाद अंसारी ने सभी क्षेत्रवासियों को ईद की शुभकामनाएं देते हुए आपसी एकता और भाईचारा बनाए रखने की अपील की। वहीं, मस्जिद के इमाम ने अपने संबोधन में शांति, अमन और इंसानियत का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि ईद का त्योहार हमें प्रेम, सहयोग और जरूरतमंदों की मदद करने की प्रेरणा देता है। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी खास बना दिया। पूरे क्षेत्र में उत्साह और खुशी का माहौल बना रहा। यह आयोजन समाज में एकता और सद्भाव का एक सुंदर उदाहरण बनकर उभरा।

# असम चुनाव में 'तीर-धनुष' के साथ मैदान में उतरेगी JMM, 25 सीटों पर उतार सकते हैं उम्मीदवार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रांची।** झारखंड की सत्तारूढ़ पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) अब असम की राजनीति में अपनी पकड़ बनाने की कोशिश में है। पार्टी को चुनाव आयोग से उसका पारंपरिक तीर-धनुष चुनाव चिह्न मिल चुका है, जो उसके लिए बड़ी रणनीतिक बढ़त मानी जा रही है। इसके साथ ही झामुमो ने संकेत दे दिया है कि वह जरूरत पड़ने पर अकेले दम पर भी चुनावी मैदान में उतर सकता है। असम में नामांकन की अंतिम तारीख नजदीक आने के साथ राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। मोर्चा ने अपनी सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराने की ठोस तैयारी कर ली है। झामुमो असम की करीब 20 से 25 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने की योजना बना रही है। इस सिलसिले में पार्टी महासचिव विनोद पांडेय असम में कैंप कर रहे हैं। वे करीब 25 संभावित उम्मीदवारों की सूची लेकर पहुंचे हैं और स्थानीय नेताओं के साथ बैठकें कर रहे हैं।

**सीट बंटवारे को लेकर बातचीत जारी**

हालांकि, कांग्रेस के साथ गठबंधन को लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है। दोनों दलों के बीच सीट बंटवारे को लेकर बातचीत जारी है। पार्टी की रणनीति खास तौर पर चाय बागान (टी ट्राइब) और आदिवासी वोट बैंक पर केंद्रित है, जहां वह अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश में है। इन समुदायों के बीच झामुमो अपनी पहचान और झारखंड माडल को सामने रखकर समर्थन जुटाने की कोशिश कर रही है। 23 मार्च को नामांकन की अंतिम तिथि है। ऐसे में राजनीतिक दलों के बीच गतिविधियां तेज हो गई हैं। झामुमो भी अंतिम समय तक अपनी रणनीति को धार देने में जुटी हुई है। झामुमो के नेताओं का मानना है कि अगर सम्मानजनक सीटें नहीं मिलती है तो पार्टी स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ने का विकल्प भी खुला रखेगी।

**भाजपा का तंज, बिहार जैसा हाल होगा**

उधर विपक्ष ने झामुमो के इस कदम पर सवाल उठाए हैं। झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने तंज कसते हुए कहा कि असम में भी झामुमो की स्थिति बिहार जैसी ही होगी। झामुमो के पास न तो इतनी राजनीतिक ताकत है और न ही संगठनात्मक क्षमता कि वह अकेले दम पर चुनाव लड़ सके। उल्लेखनीय है कि बिहार चुनाव में भी झामुमो ने राजद एवं अन्य दलों के साथ तालमेल की कवायद की थी, लेकिन सफलता नहीं मिली थी।

# रामनवमी को लेकर सांसद मनीष जायसवाल व विधायक मनोज यादव आज करेंगे दंड वितरण

**● बरही विधानसभा के सभी मंडल में अखाड़ाधारियों के बीच बांटे जाएंगे दंड, तैयारियों को लेकर प्रतिनिधियों ने किया निरीक्षण**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः**- रामनवमी पर्व को लेकर हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल एवं बरही विधायक मनोज यादव द्वारा आज दंड वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के बरही विधानसभा के सभी प्रखंडो में अखाड़ा धारियों के बीच दंड वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बरही विधानसभा के सभी सातों मंडल में वितरण स्थल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान बरही विधानसभा के सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, जिप सदस्य प्रीति कुमारी, जिप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, सांसद सह प्रतिनिधि रंजीत चंद्रवंशी, रामस्वरूप पासवान मुख्य रूप से मौजूद रहे।

बरही पूर्वी मंडल में दंड वितरण कार्यक्रम बरसोत स्थित मंदिर परिसर में आयोजित किया जाएगा, जबकि पश्चिमी मंडल में नया दुर्गा मंदिर धनबाद रोड को वितरण स्थल बनाया गया है। चंदवारा मंडल में ब्लॉक मैदान, चौपारण पूर्वी मण्डल में पंचायत भवन सेलहरा कला, चौपारण मध्य मंडल में ब्लॉक मोड़ चौपारण, चौपारण पश्चिमी मंडल में बजरंग क्लब दादपुर व पदमा मंडल में बंदरबेला चौक पर वितरण किया जाएगा। सांसद व विधायक प्रतिनिधि ने बताया कि हज़ारीबाग सांसद मनीष जायसवाल प्रत्येक वर्ष रामनवमी के अवसर पर अपने संसदीय क्षेत्र में दंड वितरण करते हैं। उनका मानना है कि इससे अखाड़ाधारियों का उत्साह बढ़ता है और पारंपरिक धार्मिक आयोजन को सुदृढ़ करने में सहयोग मिलता है।



मौके पर बरही पूर्वी मंडल सांसद प्रतिनिधि मोतीलाल चौधरी, पदमा विधायक प्रतिनिधि नारायण यादव, पदमा मंडल सांसद प्रतिनिधि अजय मेहता, बरही पश्चिमी मंडल सांसद प्रतिनिधि भगवान केशरी, पूर्वी मंडल अध्यक्ष विजय यादव, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष नागेश्वर रजक, मंडल अध्यक्ष बाबूलाल मेहता, चौपारण पूर्वी में मंडल सांसद प्रतिनिधि सहदेव यादव, मंडल अध्यक्ष आरती कौशल, मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, मुखिया प्रवीण सिंह, नागेंद्र पांडेय, अरविंद साव, कपिल यादव, चौपारण मध्य मंडल सांसद प्रतिनिधि रिशु बर्णवाल, मंडल अध्यक्ष रेवल शंकर साव, मण्डल महामंत्री कृष्णा कुमार साव, चौपारण पश्चिमी मण्डल में मंडल प्रतिनिधि आशीष सिंह, मंडल अध्यक्ष मुकेश सिन्हा, अरविंद कुमार सिन्हा, जनमेजय सिंह समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पश्चिमी विक्षोभ से बदला मौसम, खेतों में जलभराव; किसानों ने सरकार से मुआवजे की मांग उठाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलिया** में शनिवार तड़के अचानक मौसम ने करवट ली। सुबह करीब तीन बजे तेज चमक और गरज के साथ शुरू हुई रिमझिम बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी। बेमौसम बारिश के चलते कई जगहों पर खेतों में खड़ी गेहूं की फसल गिर गई, जबकि आलू, आम और लीची की फसलों को भी नुकसान की आशंका जताई जा रही है।

किसानों के मुताबिक, मार्च के महीने में इस तरह की बारिश की उम्मीद नहीं थी। आलू की फसल कटाई के लिए पूरी तरह तैयार थी, लेकिन बारिश के कारण कई जगहों पर पौधे झुक गए या गिर गए हैं। इससे आलू के सड़ने का खतरा बढ़ गया है। किसानों का कहना है कि यदि अगले दो-तीन दिनों तक बारिश जारी रही, तो फसल को भारी नुकसान हो सकता है।

वहीं, आम और लीची के बागों में लगे बौर (फूल) भी बारिश और हवा के कारण झड़ने लगे हैं, जिससे आने वाली पैदावार पर असर पड़ने की आशंका है।

मौसम विभाग के अनुसार, इस बदलाव के पीछे पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता प्रमुख कारण है। इसके चलते तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। न्यूनतम तापमान करीब 15 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम 24 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना जताई गई है। बारिश के कारण कुछ क्षेत्रों में हल्का जलभराव भी देखा गया है, जिससे खेतों में फसल और अधिक प्रभावित हो सकती है। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक हल्की बारिश और ठंडी हवाएं जारी रहने की संभावना जताई है। इस स्थिति से परेशान



किसानों ने सरकार से फसल नुकसान का आकलन कर उचित मुआवजा देने की मांग की है।

# संक्षिप्त खबरें

## घर के बाहर बैठी महिला पर लाठी-डंडों से हमला

**ललितपुर।** थाना जखौरा क्षेत्र के कस्बा जखौरा स्थित डेलनपुरा मोहल्ले में एक महिला के साथ गाली-गलौज और मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार डेलनपुरा निवासी कुसुम पत्नी पंचम रैकवार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 20 मार्च 2026 की शाम करीब 5 बजे वह अपने घर के दरवाजे पर बैठी थीं। तभी मोहल्ले के ही अभिषेक, धनकुंवर और रपटा वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि विरोध करने पर तीनों आरोपियों ने लाठी-डंडों से महिला की पिटाई कर दी, जिससे उसे चोटें आई। बीच-बचाव करने पहुंचे उसके पति को भी आरोपियों ने मारपीट कर घायल कर दिया। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2), 351(3) और 352 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## पुराने विवाद को लेकर युवक की लाठी-डंडों से पिटाई

**ललितपुर।** थाना जखौरा अंतर्गत ग्राम मैनवारा में खेत से घर लौट रहे एक युवक को रास्ते में रोककर गाली-गलौज और मारपीट करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने पुराने विवाद को लेकर युवक पर लाठी-डंडों से हमला किया और उसे जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर दो नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम मैनवारा निवासी चालीराजा (24 वर्ष) पुत्र निहाल यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गुरुवार (19 मार्च) की शाम करीब 5:30 बजे वह अपने खेत से भैंसों को लेकर घर आ रहा था। रास्ते में गाँव के ही इन्द्रभान पुत्र मान सिंह और उसकी पत्नी श्रीमती सीता ने उसे रोक लिया। आरोपियों ने पुराने विवाद को लेकर चालीराजा के साथ अभद्र व्यवहार किया और गाली-गलौज शुरू कर दी। जब पीड़ित ने गाली देने से मना किया, तो दोनों ने लाठी-डंडों से उस पर हमला कर दिया, जिससे उसे चोटें आई हैं। शनिवार को पीड़ित ने जखौरा थाने में घटना की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी इन्द्रभान और श्रीमती सीता के विरुद्ध बीएनएस की धारा 115(2), 351(3) और 352 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

## घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**पीड़ित ने कोतवाली में दी तहरीर**

**ललितपुर।** शहर के सिविल लाइन सदनशाह क्षेत्र में घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार, सिविल लाइन सदनशाह निवासी लईक खां पुत्र स्व.अजीज खां ने बताया कि 21 मार्च 2026 की रात करीब 9.26 बजे उन्होंने अपनी डीलक्स मोटरसाइकिल (नंबर यू.पी. 94 यू 3262) के.के.नर्सिंग होम के सामने नहर के पास खड़ी की थी। लगभग एक घंटे बाद जब वह वापस लौटे तो मोटर साइकिल वहां से गायब थी। पीड़ित ने आशंका जताई है कि उसकी बाइक चोरी कर ली गई है। बताया गया कि उक्त मोटरसाइकिल काशीबाई सहरिया निवासी काशीराम आवास कॉलोनी, आईटीआई ललितपुर की है। काशीबाई का पति कृष्णा सहरिया लईक खां के मन्नू पेट्रोल पंप स्थित ढाबे पर काम करता था, जिसके चलते मोटरसाइकिल उसके पास रहती थी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस से मामले में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर प्राप्त कर जांच शुरू कर दी है।

## महिला ने पति पर लगाया मानसिक उत्पीडऩ और धमकाने का आरोप

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र में एक महिला ने अपने पति और उसके परिजनों पर मानसिक उत्पीडऩ, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांधीनगर निवासी शिवांगी मिश्रा पत्नी विवेक कुमार रावत ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि उसके पति विवेक रावत निवासी आगरा तथा उसके परिवार के लोग लगातार उसे और उसके परिवार को परेशान कर रहे हैं। आरोप है कि आरोपी फोन पर गंदी-गंदी गालियां देता है, आपत्तिजनक संदेश भेजता है। इतना ही नहीं, महिला और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है, जिससे पूरा परिवार दहशत में है। पीड़िता का कहना है कि इस संबंध में पूर्व में भी शिकायत की जा चुकी है, लेकिन 16 मार्च 2026 से उत्पीडऩ और बढ़ गया है। महिला ने आशंका जताई है कि यदि उसके या उसके परिवार के साथ कोई अनहोनी होती है, तो उसके लिए पति और उसके परिजन जिम्मेदार होंगे। पुलिस ने बीएनएस की धारा 352 व 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# विश्व जल दिवस पर मानव ऑर्गेनाइजेशन का बड़ा संकल्प

**● शिव की जटाएं प्रोजेक्ट के जरिए थमेगी पानी की बर्बादी**

**स्वतंत्र प्रभात**

**ललितपुर।** विश्व जल दिवस पर सामाजिक संस्था मानव ऑर्गेनाइजेशन ने जल संरक्षण की दिशा में एक महत्वाकांक्षी कदम उठाते हुए अपने नए प्रोजेक्ट शिव की जटाएं की घोषणा की है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आगामी भीषण गर्मियों के दौरान गिरते भू-जल स्तर को रोकना और आम जनमानस को पानी की हर बूंद की कीमत समझाना है। इस अभियान में प्रमुख भूमिका डा.राजीव निरंजन, पर्यावरणविद् पुष्पेन्द्र सिंह चौहान, एड.स्वतंत्र व्यास, रविन्द्र घोष, रामबाबू चौबे, बलराम कुशवाहा, अमित लखेरा, अमित सैनी, संजय बुढ़वार, लाखन शर्मा, नासिर खान, गौरव जैन, विकास झा, आकाश झा, शशिकांत लोधी, मुकेश राजपूत, हरप्रसाद चौरसिया, रोहित कुशवाहा सहित कई सदस्य सहयोग करेंगे। इस अभियान ने क्षेत्र में एक नई उम्मीद जगाई है। अब देखना यह होगा कि ची ची ग्रुप और संस्था के संयुक्त प्रयास गर्मियों में जल संकट से जूझते इलाकों के लिए कितने मददगार साबित होते हैं।

**शिव की जटाएं, प्रकृति और आस्था का संगम**

प्रोजेक्ट का नाम शिव की जटाएं रखने के पीछे गहरा अर्थ छिपा है। जिस प्रकार भगवान शिव की जटाओं ने गंगा के वेग को संभालकर धरती की रक्षा की थी, उसी प्रकार यह प्रोजेक्ट वर्षा जल संचयन और वृक्षारोपण के माध्यम से धरती की जटाओं यानी हरियाली को पुनर्जीवित करने पर केन्द्रित है।

**ची ची ग्रुप बनेगा जागरूकता की आवाज**

आज आयोजित विशेष बैठक में संस्था के सदस्यों ने एक महत्वपूर्ण रणनीति तैयार की है। अभियान की सफलता के लिए ची ची ग्रुप के सदस्यों को मुख्य भूमिका सौंपी गई है। ग्रुप सदस्य जमीनी स्तर पर जाकर लोगों को जल संचयन की पारंपरिक और आधुनिक विधियों के बारे में शिक्षित करेंगे। सोशल मीडिया और मोहल्ला सभाओं के माध्यम से यह ग्रुप वेस्ट वॉटर मैनेजमेंट (अपशिष्ट जल प्रबंधन) के प्रति लोगों को जागरूक करेगा।विश्व जल दिवस पर सभी सदस्यों ने सामूहिक रूप से प्रण लिया कि वे न केवल स्वयं पानी बचाएंगे, बल्कि समाज के हर वर्ग को इस मुहिम से जोड़ेंगे।




**गर्मियों के लिए विशेष कार्ययोजना**

मानव ऑर्गेनाइजेशन के उपाध्यक्ष ऋषि हीरानंदानी ने बताया कि गर्मियों की शुरुआत के साथ ही इस प्रोजेक्ट के तहत सूखते जलाशयों का जीर्णोद्धार, पुराने कुओं और तालाबों की सफाई। घरों में आरो से निकलने वाले फालतू पानी को पौधों या सफाई में इस्तेमाल करने की तकनीक बताना। स्कूली बच्चों का प्रशिक्षण, युवाओं को जल प्रहरी के रूप में तैयार करना। संस्था सदस्य सचिन जैन कहते हैं कि जल ही भविष्य है, और यदि हम आज नहीं चेते तो आने वाली पीढय़िां प्यासी रहेंगी। शिव की जटाएं प्रोजेक्ट केवल एक अभियान नहीं, बल्कि धरती के प्रति हमारा ऋण चुकाने का एक प्रयास है।

# मेडीकल कॉलेज में रक्त संचार तकनीक पर विशेषज्ञों ने साझा किए विचार

**स्वतंत्र प्रभात**



**ललितपुर।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (मेडीकल कॉलेज) में रक्त संचार और आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों विषय पर एक महत्वपूर्ण चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में देश और प्रदेश के विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे एम्स ऋषिकेश, कानपुर देहात, फिरोजाबाद और झांसी के वरिष्ठ चिकित्सकों एवं परास्नातक छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने सुरक्षित रक्त आधान और उससे जुड़ी बारीकियों पर विस्तार से चर्चा की। मौके पर एम्स ऋषिकेश से डा. आशीष जैन ने रक्त के तर्कसंगत उपयोग पर जोर दिया। कानपुर देहात से प्रो.डा.सोनल अमित ने सुरक्षित ब्लड ट्रांसफ्यूजन के सही तरीकों के बारे में बताया। उप प्रधानाचार्या ललितपुर डा. श्रुति सिंह ने ऑटोलोगस ब्लड ट्रांसफ्यूजन विषय पर व्याख्यान दिया। झांसी से डा.छाया शेवरा ने ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन के क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के अनुप्रयोगों की जानकारी दी। डा.राजेश आर्या ने रक्त चढ़ाने के दौरान होने वाली प्रतिकूल प्रतिक्रियाओं के प्रति सचेत किया। डा.रजनी रतमेले ने हीमोविजिलेंस के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य डा.मयंक कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में सीएमएस डा.गजेंद्र सिंह सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इनमें माइक्रोबायोलॉजी विभाग से डा.मधुरेंद्र सिंह राजपूत, बालरोग विभाग से डा.आकृति यादव और पैथोलॉजी विभाग से डा.पूजा गुप्ता एवं डा. श्रद्धा गुप्ता प्रमुख रूप से शामिल रहीं। संगोष्ठी के अंत में यह निष्कर्ष निकाला गया कि रक्तदान और रक्त आधान की प्रक्रियाओं में निरंतर अपडेट रहने से मरीजों की जान बचाने में अधिक सटीकता आती है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के डॉक्टर, छात्र-छात्राएं और प्रशासनिक स्टाफ उपस्थित रहा।

# मिशन शक्ति के तहत ललितपुर पुलिस का जागरूकता अभियान तेज

**● महिलाओं को सुरक्षा व अधिकारों की दी जानकारी**

**स्वतंत्र प्रभात**



महिलाओं को जानकारी देतीं पुलिस कर्मी

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप जनपद ललितपुर में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के लिए मिशन शक्ति अभियान के तहत व्यापक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। चैत्र नवरात्रि के अवसर पर यह अभियान और अधिक सक्रिय रूप से चलाया जा रहा है। एसपी मो. मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान उन्हें विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1090 (वीमेन पावर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा), 108 (एम्बुलेंस सेवा), 1098 (चाइल्ड लाइन) एवं 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन) की जानकारी दी गई। पुलिस टीमों ने महिला हेल्प डेस्क, साइबर अपराध से बचाव, कानूनी अधिकारों एवं शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही जागरूकता पम्पलेट वितरित कर महिलाओं को आत्मनिर्भर और सजग बनने के लिए प्रेरित किया गया। चैत्र नवरात्रि को देखते हुए जनपद के मंदिरों, बाजारों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस द्वारा विशेष सतर्कता बरती जा रही है। श्रद्धालुओं, विशेषकर महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा उपायों और आपातकालीन सेवाओं के बारे में जागरूक किया जा रहा है, ताकि पर्व को सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराया जा सके। इसके अतिरिक्त एंटी रोमियो अभियान के तहत पुलिस की टीमें विभिन्न चिन्हित हॉटस्पॉट क्षेत्रों में लगातार गश्त कर रही हैं। मनचलों एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखते हुए चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है, जिससे छेड़छाड़ और महिला उत्पीडऩ जैसी घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। पुलिस प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचित करें, ताकि त्वरित कार्रवाई कर सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# महरौनी-बानपुर मार्ग पर खड़ा रोलर बना हादसों का सबब, ग्रामीणों में रोष



**स्वतंत्र प्रभात**

**महरौनी।** महरौनी-बानपुर मुख्य मार्ग पर पड़वा गांव के समीप पिछले करीब दो सप्ताह से सड़क किनारे खड़ा एक अज्ञात रोलर वाहन राहगीरों और वाहन चालकों के लिए खतरा बना हुआ है। विशेषकर रात के समय यह रोलर स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं देता, जिससे दुर्घटना की आशंका लगातार बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार छोटे-छोटे हादसे भी हो चुके हैं, लेकिन अब तक जिम्मेदार विभाग ने इसे हटाने की कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है।

ग्रामीणों के अनुसार, यह रोलर बिना किसी संकेतक, रिफ्लेक्टर या चेतावनी बोर्ड के सड़क पर खड़ा है, जिससे तेज रफ्तार वाहनों को अचानक सामने आने पर संभलने का मौका नहीं मिल पाता। रात के समय अंधेरा होने के कारण स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। आए दिन दोपहिया वाहन चालक और राहगीर इसकी चपेट में आने से बाल-बाल बच रहे हैं।

स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि उक्त रोलर को तत्काल हटवाया जाए अथवा उसके आसपास उचित संकेतक एवं सुरक्षा व्यवस्था की जाए, ताकि किसी बड़ी दुर्घटना को टाला जा सके। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई, तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। इस संबंध में क्षेत्रीय लोगों ने संबंधित विभाग और पुलिस प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए शीघ्र समाधान की अपेक्षा जताई है।

## उस्तरे से हमला करने पर एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला घुसयाना में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर उस्तरे से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घटना के संबंध में पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहल्ला घुसयाना निवासी तौकीर पुत्र इदरीश खान ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि उसका दोस्त आलिम खान के साथ करीब तीन माह से विवाद चल रहा था। इसी विवाद को लेकर 21 मार्च 2026 को सुबह करीब 10.30 बजे वह अपने दोस्त के साथ दुकान के पास बैठा था। तभी शिवम सेन और दीपक सेन वहां पहुंचे और विवाद करने लगे। आरोप है कि मना करने पर शिवम सेन ने गाली-गलौज करते हुए तौकीर पर उस्तरे से हमला कर दिया, जिससे उसके हाथ में गंभीर चोट आ गई। घटना के दौरान आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 352, 115(2), 351(3) एवं 118(1) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक अनिल कुमार को सौंपी गई है।

# निशुल्क कला साधना शिविर 05 अप्रैल से रजिस्ट्रेशन 25 मार्च से प्रारम्भ

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** सिद्धन रोड स्थित कला भवन में कला प्रतिभाओं को दक्षता प्रदान करने एवं कला बारीकियां सिखाकर एक अच्छे कलाकार तैयार करने हेतु 05 अप्रैल से 03 मई 2026 तक निशुल्क कला साधना शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के आयोजक कलाविद् ओमप्रकाश बिरथरे ने बताया कि इस शिविर में भारतीय चित्रकला के आधारभूत सिद्धान्त, कला दर्शन, एब्स्ट्रेक्ट डिजायन, स्टडी ऑफ हेड, मानव आकृति का विभिन्न आकृतियों में विकास, कैलीग्राफी, डिजायन, टोन्स, दृष्टिक्रम के सिद्धान्त, दृश्य चित्रण, पिक्चर कम्पोजीशन, बुन्देली चित्रकला के विभिन्न आयाम आदि विषयों पर चर्चा एवं अभ्यास कराया जायेगा।

बिरथरे ने बताया कि इस शिविर में चित्र रचना का अभ्यास जल रंग द्वारा किया जाता है। इस शिविर में भारतीय चित्रकला के विभिन्न शैलियों के साथ साथ बुन्देली लोककला के चित्रांकन को विशेष आधार बनाया जायेगा। यह शिविर सायं 4 बजे से 5.30 बजे तक प्रतिदिन चलेगा। इस शिविर में वही प्रतिभाग करें, जो कला के प्रति गहरी रुचि रखते हो।

नवीन प्रतिभागियों को वरीयता प्रदान की जायेगी। इस शिविर में 12 वर्ष या इससे ऊपर उम्र वाले कला साधक 25 से 30 मार्च 2026 तक अपने माता-पिता अथवा अभिभावक के साथ सुबह 9 बजे से 12 बजे तक कला भवन में उपस्थित होकर नामांकन करा सकते हैं। चित्रकार ओ.पी. बिरथरे ने बताया कि इस प्रकार के निशुल्क शिविर साधनहीन कला साधकों को सीखने के लिए बहुत अच्छे अवसर प्रदान करते हैं, जिसमें कला प्रतिभायें रोजगार के साथ साथ कला जगत में भी अपना नाम स्थापित कर सकते हैं।

## रात में घर के बाहर महिला से मारपीट

**आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज**


ललितपुर। थाना बार क्षेत्र के ग्राम बरखिरिया में एक महिला के साथ गाली-गलौज और मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बरखिरिया निवासी सुमन पत्नी हरिराम विश्वकर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 21 मार्च 2026 की रात करीब 1 बजे वह अपने घर में सो रही थीं। तभी गांव का ही रोहित पुत्र सुदेव मिश्रा उनके घर के बाहर आकर गाली-गलौज करने लगा। आरोप है कि जब महिला ने विरोध किया तो आरोपी ने बिना किसी वजह के उसके साथ मारपीट कर दी और लात-घूंसों से पीटा। शोर सुनकर जब उसके पति मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 115(2), 352 और 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# विश्व वन एवं जल दिवस पर विशेष

**● सादा जीवन ही पर्यावरण संरक्षण का असली समाधान : सिद्धार्थ शर्मा**

**स्वतंत्र प्रभात**

**ललितपुर।** विश्व वन एवं जल दिवस के अवसर पर स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तम्भकार सिद्धार्थ शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर समाज को आत्ममंथन करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि यह दिवस केवल औपचारिकता निभाने का नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने का अवसर है। उन्होंने कहा कि आज मानव अंधाधुंध उपभोग और विकास की अंधी दौड़ में प्रकृति से दूर होता जा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप जल संकट, वायु प्रदूषण और पर्यावरण असंतुलन जैसी गंभीर समस्याएं सामने आ रही हैं। ऐसे में सादा जीवन, उच्च विचार की जीवनशैली ही मानव अस्तित्व को बचाने का एकमात्र रास्ता है। सिद्धार्थ शर्मा ने भारतीय परंपरा का उल्लेख करते हुए बताया कि यहां वृक्षों को गुरु का स्थान दिया गया है। आदि शंकराचार्य के श्लोक चित्रं वटतरोर्मूले वृद्धाः शिष्या गुरुर्युवाज् का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि वृक्ष हमें स्थिरता, त्याग और उदारता का संदेश देते हैं। प्राचीन आरण्यक संस्कृति और गुरुकुल परंपरा भी प्रकृति के साथ सामंजस्य का प्रतीक रही है। उन्होंने गौतम बुद्ध को बोधिवृक्ष के नीचे प्राप्त ज्ञान का उदाहरण देते हुए कहा कि प्रकृति और ज्ञान का संबंध अत्यंत गहरा है। इसके विपरीत वर्तमान समय में सुजलाम, सुफलाम भारत की कल्पना प्रदूषण और जल संकट से जूझती नजर आ रही है। नदियों का प्रदूषण, विषैली होती हवा और घटते जल स्रोत चिंता का विषय हैं। उन्होंने कहा कि पेड़ हमें निस्वार्थ सेवा, सहनशीलता और परोपकार का संदेश देते हैं, जबकि मनुष्य अपने स्वार्थ में प्रकृति का दोहन कर रहा है। न्यायालयों द्वारा भी समय-समय पर पर्यावरण को लेकर दी गई चेतावनियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यदि समय रहते सुधार नहीं किया गया तो धरती मानव के लिए गैस चेंबर बन सकती है। अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में युद्धों के पर्यावरण पर पडऩे वाले दुष्प्रभावों की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे संघर्षों से प्रकृति को अपूरणीय क्षति होती है, जिसकी भरपाई में वर्षों लग जाते हैं। अंत में उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे अपनी जीवनशैली में बदलाव लाते हुए जल संरक्षण, वृक्षारोपण और संतुलित उपभोग को अपनाएं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण कोई अभियान नहीं, बल्कि जीवन का संस्कार होना चाहिए, तभी आने वाली पीढय़िों को सुरक्षित भविष्य दिया जा सकता है।




विश्व जल दिवस का चित्र

# ललितपुर जिले में गौशालाओं में अनियमितताओं और अव्यवस्थाओं का जोर:- बु वि सेना

**● गौशालाओं की दशा नहीं सुधरने पर होगा आंदोलन:- बु वि सेना**

**स्वतंत्र प्रभात**



**ललितपुर।** आज बुन्देलखण्ड विकास सेना की एक आवश्यक बैठक स्थानीय कम्पनी बाग में बुन्देलखण्ड विकास के जिला उपाध्यक्ष राजकुमार कुशवाहा की अध्यक्षता में आहूत की गई । बैठक में ललितपुर जिले की तमाम गौशालाओं में व्याप्त अनियमितताओं और अव्यवस्थाओं पर गहरा रोष व्यक्त किया गया।

बु. वि. सेना जिला उपाध्यक्ष राजकुमार कुशवाहा ने कहा कि गौशालाओं के लिए आपूर्ति किये जाने वाले भूसे की खरीद में भारी अनियमिताएं की जा रही है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा गेहूं के भूसे के स्थान पर अन्य घटिया किस्म के भूसे की आपूर्ति करके भ्रष्टाचार किया जा रहा है।

बु.वि.सेना के अन्य वक्ताओं ने कहा कि गौशालाओं में गंदगी फैली हुई है। जिस कारण ललितपुर की अधिकांश गौशालाओं में जानवरों के हालत बद से बदतर है। इस कारण गोवंश बीमार हो रहे हैं। बीमार गोवंशों के इलाज के कोई विशेष प्रबंध नही किए गये। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की है कि ललितपुर जिले की सभी गौशालाओं में उचित प्रबंध करते हुए भूसे नाम पर हो रही अनियमितताओं को तत्काल प्रभाव से रोका जाये। साथ ही भूसे की आपूर्ति के समय वीडियोग्राफी कराते हुए मॉनिटरिंग किया जाना आवश्यक है।

बैठक में अमर सिंह बुंदेला, गफूर खान, प्रकाश रैकवार, तुलसीदास गौतम, देवेंद्र राजा, सुरेंद्र सेन, सुरेश झा, सोहन सिंह यादव, रामपाल यादव, नंदराम कुशवाहा, काशीराम विश्वकर्मा, प्रदीप साहू, देशप्रेम शंकर गुप्ता, लालचंद रजक, प्रमोद कुशवाहा, भजन परम, राम प्रकाश झा, प्रदीप साहू, विनोद साहू आदि मौजूद रहे।

# मां विंध्यवासिनी महारानी की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह

**स्वतंत्र प्रभात**



**ललितपुर।** श्रीश्री 1008 श्री रामजानकी व श्रीसंकट मोचन मंदिर में मां विंध्यवासिनी महारानी की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह विधि-विधान द्वारा किया जा रहा स्थापना के समय पर पंडितों ने हवन यज्ञ करवाया और उपस्थित सदस्यों द्वारा पूर्ण आहुतियां डालकर हवन संपन्न किया गया। प्राण प्रतिष्ठा पूजनोत्सव व विभिन्न प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ समारोह किया गया। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पूर्व कविता पटवा के नेतृत्व में गाजे-बाजे ढोल नगाड़ों के साथ नगर व आसपास क्षेत्र की महिलाओं ने व्रत रखकर कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में स्थानीय गणमान्य नागरिकों के साथ-साथ माँ के भक्तगण शामिल हुए मां विंध्यवासिनी महारानी की स्थाई मूर्ति की स्थापना को लेकर आयोजित कार्यक्रम को देखने के लिए मंदिर पर भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी।

इससे पूरे जिले का माहौल भक्तिमय हो गया। इसमें महिला, पुरुष, युवा सभी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। नगर क्षेत्र का भ्रमण कर श्री रामजानकी व श्री संकट मोचन मंदिर में समापन हुआ। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दूसरे दिन उत्सव विग्रहों का परिसर भ्रमण कराया गया। आज यज्ञमंडप के अलावा प्राण प्रतिष्ठा वाले स्थानों पर भी पूजन हुआ। उत्सव विग्रहों ने परिसर भ्रमण किया, तत्पश्चात शय्या निवास तथा प्रासाद वास्तु पूजन हुआ। बाद में यज्ञशाला में हवन तथा आरती हुई। अन्नाधिवास, घृताधिवास, जलाधिवास, पुष्पा निवास, शर्कराधिवास, शय्या धिवास- सभी क्रम से सम्पन्न कराए गए।

# ओलावृष्टि से तबाही मुआवजे की मांग पर किसानों ने लगाया जाम

**स्वतंत्र प्रभात**

**ललितपुर।** बार क्षेत्र में ओलावृष्टि से फसलें बर्बाद होने के बाद किसानों ने सेमराभागनागर तिराहे (बानपुर रोड) पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया। सैकड़ों किसान सड़क पर बैठ गए और मुआवजे की मांग को लेकर नारेबाजी करने लगे, जिससे यातायात बाधित हो गया। इस दौरान एक किसान पेड़ पर चढ़ गया और फांसी लगाने की बात कहने लगा, जिसे मौके पर मौजूद लोगों ने समझा-बुझाकर सुरक्षित नीचे उतार लिया।

सूचना मिलने पर थाना प्रभारी अजमेर सिंह भदौरिया और ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कल्याण सिंह लोधी मौके पर पहुंचे। इसके बाद एसडीएम महरौनी अवनीश कुमार और तहसीलदार भानुप्रताप भी पहुंचे और किसानों को समझाया। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि फसल नुकसान का जल्द सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाया जाएगा। आश्वासन के बाद किसानों ने जाम समाप्त कर दिया और यातायात सामान्य हो गया। किसानों का कहना है कि कर्ज लेकर बोई गई फसल ओलावृष्टि में पूरी तरह नष्ट हो गई, जिससे वे आर्थिक संकट में हैं। ओलावृष्टि से हुए नुकसान के बाद किसानों ने उपजिलाधिकारी महरौनी को ज्ञापन सौंपकर भी मुआवजे की मांग की। ज्ञापन में ग्राम चिगलौवा (बुरागांव) सेमराभागनगर, टोरिया, भैलोनीलोध, फाडारी, दशरारा, बरारावनी, सहित आसपास के गांवों की फसलों के पूर्ण नुकसान का उल्लेख करते हुए राजस्व टीम से तत्काल सर्वे कराकर नुकसान का आकलन कराने और प्रभावित किसानों को जल्द मुआवजा देने की मांग की गई। इस दौरान पूर्व ब्लॉक प्रमुख जेपी रजक, रामकुमार नायक, कुलदीप कटारे, प्रधान दिनेश (सेमराभागनगर) और अखिलेश पाल सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## वाराणसी में 25 मार्च को भव्य रोजगार मेला का होगा आयोजन

**प्रतापगढ़।** जनपद के बेरोजगार युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर सामने आया है। उ0प्र0 कौशल विकास मिशन के जिला समन्वयक/नोडल प्रधानाचार्य आलोक कुमार ने बताया कि 25 मार्च को वाराणसी के राजकीय आईटीआई करौंदी परिसर में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस रोजगार मेले में उ0प्र0 कौशल विकास मिशन, आईटीआई तथा अन्य संस्थानों से प्रशिक्षित युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में सेवायोजित करने की व्यवस्था की गई है। मेले में प्रतिभाग कर युवा सीधे रोजगार पाने का अवसर प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थियों से अपील की गई है कि वे अपने सभी आवश्यक दस्तावेजों की मूल प्रति, छायाप्रति, चार पासपोर्ट साइज फोटो एवं अद्यतन बायोडाटा (रिज्यूम) के साथ समय से पहुंचकर इस अवसर का लाभ उठाएं।विशेष बात यह है कि यह रोजगार मेला पूर्णतः निःशुल्क है।

## भावलपुर में उचित दर दुकान के आवेदन की तारीख फिर बढ़ी, अब 15 अप्रैल तक मौका

**प्रतापगढ़।** उपजिलाधिकारी सदर नैन्सी सिंह ने बताया है कि जनपद के विकास खण्ड मान्धाता स्थित ग्राम पंचायत भावलपुर में रिक्त उचित दर दुकान के चयन को लेकर इच्छुक अभ्यर्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 15 अप्रैल 2026 सायं 5 बजे तक कर दी गई है।उल्लेखनीय है कि उचित दर दुकान का आवंटन आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) श्रेणी के अंतर्गत तहसील स्तरीय चयन समिति द्वारा लॉटरी प्रक्रिया से किया जाना है। इसके लिए पूर्व में कार्यालय के माध्यम से 05 फरवरी से 06 मार्च तक आवेदन आमंत्रित किए गए थे। लेकिन बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के चरित्र प्रमाण पत्र समय से जारी न हो पाने के कारण ग्राम प्रधान भावलपुर द्वारा आवेदन तिथि बढ़ाने की मांग की गई थी। इस पर पहले आवेदन की तिथि 20 मार्च तक बढ़ाई थी। इसके बाद भी समस्या बरकरार रहने पर 19 मार्च को पुनः ग्राम प्रधान द्वारा प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया कि कई आवेदकों के चरित्र प्रमाण पत्र अभी तक नहीं बन सके हैं, जिससे वे आवेदन नहीं कर पा रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए एक बार फिर राहत देते हुए अंतिम तिथि को 15 अप्रैल 2026 तक विस्तारित कर दिया है। आवेदन से संबंधित पात्रता, नियम एवं शर्तों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

## सिद्धार्थनगरः बरसात के साथ तेज हवा से खेतों में बिछी गेहूं की फसल



**सिद्धार्थनगर।** इटवा तहसील क्षेत्र के आसपास के इलाकों में तीन दिनों से मौसम खराब होने के कारण तेज हवाओं के साथ गरज-चमक शुरू हुई और झमाझम बारिश होन से गेहूं का फसल गिर कर बर्बाद हो गया।बरसात ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। इस बेमौसम बरसात और हवा ने ईट भट्ठों व किसानों की कमर तोड़ दी है। खेतों में फसल तैयार खड़ी गेहूं और सरसों व मटर, मसूर की फसलों को व्यापक नुकसान पहुंचा है। कही-कहीं पर छोटे छोटे ओले भी पड़े हैं उससे सरसों, मटर, मसूर आदि का नुकसान हुआ है। रवि फसल के सहारे लडकी, लड़कों का शादी करने वाले थे। कई गांवों के किसानों का हाल पूछिए जैसे नावडीह, दखिनहवा सिकन्दरपुर ,शीतल भीटा, सिंगार जोत, बिस्कोहर व बूढ़ी खास, खरिकवा गांव निवासी छांगुर, मंत्रराम, मुरली, रमई व दिवाकर ने बताया कि तेज हवा के कारण हमारे खेत में लगी गेहूं की फसल गिरकर जमीन पर बिछ गई है। जो कि सिकंदरपुर दाखिन्हवा के प्रधान प्रतिनिधि रामफेर यादव किसानों का कहना है कि फसल गिरने से अब पैदावार प्रभावित होगी और बुआई से लेकर खाद-पानी तक का सारा खर्च डूब गया।

## विषय विशेषज्ञ शिक्षकों को पुरानी पेंशन योजना में शामिल किए जाने पर एमएलसी ने खुशी जताई

**सिद्धार्थनगरः** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने मिलकर प्रदेश के समस्त विषय विशेषज्ञ शिक्षकों कों पुरानी पेंशन योजना में सम्मिलित किए जाने धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। शिक्षक विधायक ने कहा की प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत विषय विशेषज्ञ शिक्षकों को वित्त विभाग के शासनादेश के माध्यम से राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के स्थान पर पुरानी पेंशन योजना में सम्मिलित किए जाने का मार्ग प्रशस्त करना अत्यंत सराहनीय एवं ऐतिहासिक निर्णय है। यह निर्णय न केवल शिक्षकों के भविष्य को सुरक्षित करेगा, बल्कि उनके मनोबल एवं समर्पण को भी नई ऊर्जा प्रदान करेगा। आपके इस संवेदनशील एवं शिक्षकों के हित में लिए गए निर्णय के लिए हम सभी विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की तरफ़ से आपका हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं।

# सुनार ने लूट की फर्जी कहानी बनाकर महबूबा को इंप्रेस करना चाहा, पुलिस ने खोली पोल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कानपुर।** थाना रायपुरवा व सर्विलांस की टीम ने लूट की फर्जी घटना का पर्दाफाश किया है और अभियुक्त जिसने लूट की फर्जी घटना बनाई थी और पुलिस को सूचना दी थी मेरठ निवासी अंतिम सोनी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस उपायुक्त सेंट्रल अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि दिनांक 20.03.2026 को प्रातः लगभग 05:00 बजे थाना सीसामऊ पर अन्तिम सोनी निवासी मेरठ द्वारा सूचना दी गई कि रेलवे स्टेशन से उतरकर टेंपो में बैठने के दौरान अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उसके साथ लूटपाट की गई, जिसमें नकद धनराशि व जेवरात लूट लिए गए तथा उसके साथ मारपीट भी की गई। सूचना पर तत्काल पुलिस द्वारा घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया तथा तहरीर के आधार पर विधिक कार्यवाही प्रारंभ की गई।

जांच में -वादी द्वारा अपने बयान में लगभग ?30,00,000 नकद एवं ?8,00,000 के जेवर लूटे जाने की बात कही गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए सर्विलांस, साइबर, स्वाट टीम एवं थाना रायपुरवा पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर घटनास्थल, सीसीटीवी फुटेज एवं तकनीकी साक्ष्यों का गहन विश्लेषण किया गया। जांच के दौरान वादी द्वारा बताए गए घटनास्थल एवं वास्तविक लोकेशन में अंतर पाया गया, जिसमें तकनीकी साक्ष्यों के अनुसार उसकी लोकेशन पनकी पड़ाव क्षेत्र में प्राप्त हुई।

गहन पूछताछ में यह तथ्य प्रकाश में आया कि वादी द्वारा पूरी लूट की घटना झूठी गढ़ी गई थी। अभियुक्त ने स्वीकार किया कि वह एक महिला को प्रभावित करने एवं उससे आर्थिक लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से इस प्रकार की फर्जी कहानी तैयार कर रहा था। गिरफ्तारी व आपराधिक पृष्ठभूमि - उपरोक्त तथ्यों के आधार पर अभियुक्त अन्तिम सोनी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

अभियुक्त मेरठ में सुनार की दुकान संचालित करता है तथा प्रारंभिक जांच में इसके विरुद्ध पूर्व में भी धोखाधड़ी/ठगी से संबंधित प्रकरण प्रकाश में आए हैं, जिनमें पीतल पर सोने की परत चढ़ाकर लोगों को ठगना एवं इंदौर में फर्जी जेवर गिरवी रखकर ऋण लेकर फरार होना शामिल है। पूरी घटना असत्य पाई गई, जिसे अभियुक्त द्वारा निजी स्वार्थ एवं ठगी के उद्देश्य से योजनाबद्ध तरीके से तैयार किया गया था।

## कानपुर में होटल कर्मचारी युवती से दुष्कर्म का प्रयास



**घाटमपुर।** कानपुर शहर के नजीराबाद थाना क्षेत्र में जीटी रोड स्थित एक होटल में काम करने वाली युवती से दुष्कर्म के प्रयास का मामला सामने आया है, युवती के शोर मचाने पर आरोपी मौके से भाग निकला, पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है , पीड़िता मूलरूप से असम की रहनेवाली हैं और जीटी रोड स्थित एक होटल में काम करतीं हैं,, उसने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती शाम वह स्नान कर जैसे ही बाहर निकली ,तभी बल्ली नाम का युवक वहां पहुंचा , तो उसने युवती को बदनीयती से पकड़ लिया, आरोपी ने उसके साथ छेड़छाड़ करतें हुए दुष्कर्म का प्रयास किया किसी तरह से युवती खुद को छुड़ाकर भागी, और शोर मचाया, जिसके बाद आरोपी मौके से भाग निकला, घटना के बाद पीड़िता ने होटल स्टाफ को घटना की जानकारी दी,और नजीराबाद थाने पहुंच कर आरोपी के खिलाफ तहरीर दी थाना प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार सिंह ने बताया कि युवती की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, और आरोपी के खिलाफ पुलिस दविश दें रहीं हैं, जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

# डीएम एवं एसपी ने भ्रमणशील रहकर ईद की नमाज को सकुशल संपन्न कराया



● **डीएम व एसपी ने भुलियापुर ईदगाह पर सभी को ईद की मुबारकबाद दी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** ईद-उल-फितर के पावन अवसर पर जनपद में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए शनिवार को जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी और पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने संयुक्त रूप से विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसी क्रम में दोनों अधिकारी भुलियापुर स्थित ईदगाह पहुंचे, जहां ईद की नमाज के अवसर पर उन्होंने धर्मगुरुओं, मस्जिदों के इमामों और मौलानाओं से मुलाकात कर संवाद स्थापित किया।

अधिकारियों ने सभी से अपील की कि त्योहार को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाएं। डीएम और एसपी ने मौके पर मौजूद लोगों को ईद की शुभकामनाएं भी दी। सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए ईदगाह परिसर तथा आसपास के क्षेत्रों में ड्रोन कैमरों के माध्यम से विशेष निगरानी की गई। ड्रोन की मदद से भीड़भाड़ वाले स्थानों, प्रवेश एवं निकास मार्गों और संवेदनशील बिंदुओं पर लगातार नजर रखी गई, जिससे सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाया जा सके। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) शैलेन्द्र लाल, सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर प्रशान्त राज तथा उपजिलाधिकारी सदर नैन्सी सिंह सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी के निर्देश पर 20 साल से लंबित नाली विवाद सुलझा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**घाटमपुर।** कानपुर जनपद के नरवल अंतर्गत विकास खंड सरसौल के गांव भूखनाही में करीब 20,साल से लंबित नाली निर्माण विवाद जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह के हस्तक्षेप से सुलझ गया,, मामला जनता दर्शन में आने के बाद, जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने इसे गंभीरता से लेते हुए एसडीएम नरवल को तत्काल मौके पर भेजकर निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, गांव भूखनाही में ग्राम पंचायत की ओर से नाली निर्माण कार्य प्रस्तावित था, लेकिन कुछ ग्रामीणों द्रारा लगातार अवरोध उत्पन्न किए जाने के कारण यह कार्य सालों से ठप्प पड़ा था,, इससे जल निकासी बाधित होने के साथ ग्रामीणों को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा था, इस संबंध में ग्राम प्रधान और ग्रामीणों ने जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह के समक्ष शिकायत प्रस्तुत कर समाधान की मांग की, निर्देश के अनुपालन में एसडीएम नरवल विवेक कुमार मिश्रा ने त्वरित संज्ञान लेते हुए।

सहायक पुलिस आयुक्त चकेरी और खंड विकास अधिकारी सरसौल निशांत राय के साथ संयुक्त रूप से मौके का निरीक्षण किया, टीम ने दोनों पक्षों को मौके पर बुला कर उनकी बात सुनी,और विवाद के मूल कारणों का परीक्षण किया, जांच में पाया गया कि नाली के निमार्ण की दिशा और स्थान को लेकर असहमति के चलते काम रूका हुआ था, मौके पर टीम ने कड़ाई के साथ अवरोध को समाप्त कराया, और दोनों पक्षों को गांव हित में सहमति के लिए तैयार किया, टीम की मौजूदगी में तत्काल नाली निर्माण कार्य शुरू कराया गया, नाली की खुदाई कराते समय जल निकासी की समस्या का स्थाई समाधान किया गया, प्रशासन की सक्रिय पहल से दो दशक पुराना विवाद समाप्त होने पर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली, एसडीएम विवेक कुमार मिश्रा ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर मामले का त्वरित निस्तारण कराया गया।

## कल्याण पुर थाना क्षेत्र अंतर्गत राज मिस्त्री ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली

**कानपुर।** कल्याण पुर थाना क्षेत्र अंतर्गत रविवार को राज मिस्त्री ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली,,, सूचना मिलते ही पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची , जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच पड़ताल जुट गई, कल्याण पुर खुर्द में रहने वाला राकेश वर्मा 35 वर्ष राज मिस्त्री था, परिवार में पत्नी पूनम और दो बेटे श्रषभ और ऋषि है परिजनों ने बताया कि राकेश शराब पीने का लती था,वह हमेशा शराब पीकर घर में झगड़ा करता था,जिसे लेकर उसे कई बार समझाया भी गया, लेकिन वह नहीं माना,कई बार तो शराब के नशे में पत्नी के साथ मारपीट भी कर देता था,आज भी शराब के नशे में उसका परिजनों से झगड़ा हो गया,, उसके बाद वह अपने कमरे में चला गया, काफ़ी देर तक जब उसने दरवाजा नहीं खोला तो किसी अनहोनी की आंशका के चलते परिजनों ने खिड़की से देखा तों पाया कि उसका शव फांसी के फंदे से झूल रहा था,आनन फानन में घटना की सूचना पुलिस को दी गई, कल्याण पुर थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच पड़ताल शुरू की गई है तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# देश का किसान, नौजवान, बेरोजगार पीड़ित है : सांसद राम प्रसाद चौधरी

● **शोहरतगढ़ में किसान-नौजवान-मजदूर सम्मेलन का हुआ आयोजन**

**सरकार पर साधा निशाना, 2027 की तैयारी का किया आह्वान**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता






**सिद्धार्थनगरः** समाजवादी पार्टी के तरफ से शोहरतगढ़ के निकट अंसारी हॉस्पिटल के बगल मैदान में किसान नौजवान मजदूर सम्मेलन का आयोजन रविवार को पूर्व विधायक व सपा जिलाध्यक्ष लालजी यादव की अध्यक्षता में हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री व बस्ती सदर से सांसद रामप्रसाद चौधरी ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार से देश की जनता परेशान है। जनता को आज हर मुद्दे पर गुमराह किया जा रहा है। प्रत्येक वर्ष दो करोड़ बेरोजगारों को रोजगार देने का वादा करने वाली वर्तमान सरकार 12 वर्षो में 24 करोड़ रोजगार देने वाली भाजपा सरकार विफल है। आज 15 करोड़ नौजवान देश में बेरोजगार है। अब देश की जनता अखिलेश यादव को चाहती है। देश का किसान, नौजवान, बेरोजगार पीड़ित है। जो पीड़ित है वही पीडीए है। पीड़ित के उद्धार के लिये जनता को आगामी चुनाव में सरकार बदलने की जरूरत है।

पूर्व मंत्री शैलेंद्र यादव उर्फ ललई यादव ने कहा कि गैस सिलेंडर की ,खाद की, रोजगार की व अन्य तमाम समस्याएं सिर चढ़कर बोल रही हैं। पीडीए समाज के जागरूक होने पर एकजुटता से जनता के हित की लड़ाई लड़ने का समय आ गया है। कार्यक्रम आयोजक व पूर्व विधायक सपा नेता चौधरी अमर सिंह ने कहा कि बुद्ध की धरती से लेकर लखनऊ तक सदैव क्षेत्र की जनता की समस्याओं की लड़ाई लड़ता रहा हूँ और सपा के मुखिया की अगुवाई में जनता की आवाज बनकर जनसेवा करता रहूंगा। किसान, नौजवान,,महिला ,मजदूर विरोधी सरकार को जनता आगामी चुनाव में जवाब देगी। विधायक डुमरियागंज सैय्यदा खातून ने कहा कि प्रदेश में कानून का राज नहीं रह गया, महिलाओं का अपमान, किसानों पर अत्याचार बढ़ गया है। सरकार जनहितैषी नहीं है, अडानी, अम्बानी वाली भाजपा सरकार को हटाकर अब सपा की अखिलेश सरकार को लाने की जरूरत है। जो जनता को सम्मान और किसानों, नौजवानों की समस्या का निदान करेगी। सम्मेलन को सपा जिलाध्यक्ष लालजी यादव, डॉ वेद प्रकाश, जोखन चौधरी , घिसियावन यादव, राममिलन भारती, धर्मेंद्र सोलंकी, कमरुज्जमा,,अलाउद्दीन, बहरैची, विभा शुक्ला, जावेद अहमद, बेचई यादव, पारस नाथ विश्वकर्मा, हरीराम यादव, इंदू पासवान आदि ने सम्बोधित कर आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में सपा मुखिया व पीडीए नायक अखिलेश यादव को मजबूत करने की बात कही।

## बर्डपुर में जागरण का समापनः हजारों भक्तों ने लिया भंडारे का प्रसाद, भजन गायकों ने की प्रस्तुति



**सिद्धार्थनगरः** जिले के नगर पंचायत कपिलवस्तु के बुद्ध विद्यापीठ इंटर कॉलेज के प्रांगण में रविवार को मेंहदीपुर श्रीबालाजी सरकार का पांचवां भजन कीर्तन, हवन एवं भंडारा का आयोजन हुआ। भाजन पर देर रात तक श्रोता झूमते रहे,भंडारा आयोजित कर प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रामचरित मानस के सुंदर कांड के पाठ से किया गया। पंडाल में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। लोगों ने झांकी की सजावट बेहतर ढंग से कराई थी। देर रात को पूर्णाहुति व महाआरती हुई। भजन गायक मंडल ने सरकार तेरी सरकारी में, पल रहा है परिवार तेरी पहरेदारी में को सुना। इसके बाद यूं ही रखना कृपा का हाथ हम पर, लिख लेना हमारा नाम अपनी खातिरदारी में को जैसे स्वर दिया, पूरा पंडाल भक्तिमय हो गया। जय हो बालाजी सरकार, तेरी महिमा अपरंपार, सबका कर दो बेड़ा पार पर सभी झूमते रहे। इस दौरान शुभम मोदनवाल, संदीप मोदनवाल सभासद, विवेक चौरासिया, मंतोष मोदनवाल, निखिल जयसवाल आदि मौजूद रहे।

# दो दिवसीय माहवारी स्वच्छता प्रबंधन प्रशिक्षण का आयोजन




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगरः** स्वाभिमान समिति द्वारा महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के अंतर्गत दो दिवसीय माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पर प्रशिक्षण का आयोजन 22 एवं 23 मार्च को स्वाभिमान समिति प्रशिक्षण केंद्र, उसका बाजार में किया गया है। इस प्रशिक्षण में कुल 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जो 10 गांवों एवं 10 समूहों का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य किशोरियों एवं महिलाओं में माहवारी से जुड़े मिथकों को दूर करना, स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वास्थ्य संबंधी सही जानकारी प्रदान करना है। प्रशिक्षण का संचालन अनुभवी प्रशिक्षक ममता वर्मा एवं संभावती द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को माहवारी की वैज्ञानिक जानकारी, व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व, सेनेटरी पैड एवं अन्य सुरक्षित विकल्पों के उपयोग, तथा सुरक्षित निपटान के तरीकों के बारे में विस्तार से बताया गया। प्रशिक्षण के अंत में प्रतिभागियों ने अपने-अपने गांवों में माहवारी स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। स्वाभिमान समिति के सचिव विनोद प्रजापति ने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के स्वास्थ्य एवं सशक्तिकरण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम जारी रहेंगे।

# सात दिवसीय देवी भागवत कथा का शुभारंभ, पंचकुंडीय यज्ञ के साथ गूंजा भक्ति रस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगरः** भनवापुर ब्लॉक क्षेत्र के रमवापुर उर्फ नेबुआ स्थित श्रीराम जानकी मंदिर पंचमुखी हनुमान धाम में शनिवार की रात सात दिवसीय श्री देवी भागवत कथा का शुभारंभ भव्य रूप से हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत पंचकुंडीय यज्ञ के साथ की गई, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने आस्था के साथ भाग लिया।

कथा के प्रथम दिवस बरसाना से पधारे कथा व्यास कृष्ण चंद्र शास्त्री ने देवी भागवत की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि देवी की आराधना से जीवन के सभी कष्ट दूर होते हैं और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। उन्होंने भक्तों को धर्म, आस्था और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।वहीं वृंदावन धाम से आई सुप्रिया शास्त्री भी कथा श्रवण कराएंगी।

आयोजन की जानकारी देते हुए मंदिर के महंत बाबा केशव दास ने बताया कि यह कथा 27 मार्च तक चलेगी। 27 मार्च से रात्रि में मथुरा-वृंदावन धाम से आए कलाकारों द्वारा सत्यपाल के निर्देशन में रासलीला का आयोजन किया जाएगा। कथा के समापन दिवस पर राधा-कृष्ण सहित कई मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने जनकल्याण हेतु आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों से भाग लेने की अपील की और मंदिर परिसर में लगने वाले मेले के लिए भी निशुल्क सेवा देने का आह्वान किया। इस दौरान श्यामजी,राजेश यादव, प्रभु विश्वकर्मा, अंबुज श्रीवास्तव, चंदन कुमार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## आठ साल से फरार हिस्ट्रीशीटर वारंटी गिरफ्तार, मप्र के बीना से पकड़ा गया वांछित

**तालबेहट।** आठ साल से फरार चल रहे एक हिस्ट्रीशीटर वारंटी को पुलिस ने मध्य प्रदेश के बीना से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी कई मामलों में न्यायालय से वांछित था और उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट, उद्घोषणा तथा कुर्की की कार्रवाई भी हो चुकी थी। पुलिस अधीक्षक मु. मुश्ताक के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी आशीष मिश्रा के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक मनोज मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी रज्जन पुत्र बाबूलाल, निवासी वनगुंवा कलां (हाल निवासी बीना, जिला सागर, मप्र) को गिरफ्तार किया। आरोपी करीब आठ वर्षो से न्यायालय में वांछित चल रहा था। पुलिस के अनुसार आरोपी की तलाश कई महीनों से की जा रही थी। मुकदमों से बचने के लिए वह आठ वर्ष पहले अपनी जमीन-जायदाद बेचकर परिवार सहित फरार हो गया था। रविवार तड़के पुलिस टीम ने बीना में दबिश देकर उसे पकड़ लिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक सरोत्तम सिंह, उपनिरीक्षक बलराम सिंह और कांस्टेबल रुद्रपाल सिंह शामिल रहे। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# संभागीय परिवहन प्राधिकरण कानपुर की बैठक 27 मार्च को

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कानपुर।** संभागीय परिवहन प्राधिकरण की आवश्यक बैठक 27 मार्च को होगी । यह बैठक आयुक्त, कानपुर मंडल की अध्यक्षता में शिविर कार्यालय छह बंगलिया, आर्य नगर में साएं 5 बजे आयोजित होगी बैठक में कैरेज बाई रोड एक्ट 2007 के अंतर्गत कॉमन कैरियर के पंजीकरण हेतु प्रार्थना पत्रों पर विचार, कैरेज बाई रोड एक्ट 2007 पंजीकरण नवीनीकरण हेतु प्रार्थना पत्रों पर विचार, केंद्रीय मोटर यान अधिनियम 1988 की धारा 84 में समस्त प्रकार के परमिटों की आवश्यक शर्ते निर्धारित हैं। जिसके उलंघन के विरुद्ध धारा 86 के अंतर्गत परमिटों के निलंबन/ निरस्त किए जाने पर विचार किया जाएगा। संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन राकेंद्र कुमार सिंह ने बताया, बैठक में कानपुर नगर मेट्रो से लगे हुए नवसृजित नगर बसों के संचालन पर परिचर्चा होगी। तथा अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य किसी बिंदु पर प्राधिकरण द्वारा विचार किया जाना प्रस्तावित है।

संभागीय परिवहन अधिकारी राकेंद्र कुमार सिंह ने बताया, मेट्रो स्टेशन कॉनेक्टिविटी वाले रूटों पर बस संचालन के लिए प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। प्रस्ताव आरटीए की बैठक में प्रस्तुत किया जायेगा। मंजूरी मिलते ही योजना को लागू कर दिया जायेगा। जिससे आमजन को बेहतर व सुगम परिवहन सुविधा मिलेगी।

# सोनभद्र में तीन दिवसीय जन जातीय उत्सव का आगाज

● **तीन प्रांतों उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश व राजस्थान के कलाकार दिखाएंगे दमखम**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** जिला मुख्यालय लोढ़ी, सोनभद्र स्थित संत कीनाराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर में तीन दिवसीय जन जातीय उत्सव का आगाज 23 मार्च सोमवार से शुरू होगा। इसमें तीन प्रांतों उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश व राजस्थान के कलाकार दमखम दिखाएंगे। 25 मार्च बुधवार को कार्यक्रम का समापन होगा। कार्यक्रम के आयोजक एवं संत कीनाराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय लोढ़ी, सोनभद्र के प्राचार्य डॉक्टर गोपाल सिंह ने बताया कि महाविद्यालय परिसर में तीन दिवसीय जन जातीय उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह आयोजन उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज, संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार, जिला प्रशासन, सोनभद्र व संत कीनाराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय लोढ़ी, सोनभद्र के सहयोग से होगा।

प्राचार्य डॉक्टर सिंह ने यह भी बताया कि 23 मार्च सोमवार को कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। इसमें आल्हा गायन शरद अनुरागी एवं दल महोबा, करमा नृत्य कतवारू राम एवं दल सोनभद्र, डोमकच्छ नृत्य सुक्खन एवं दल सोनभद्र, झूमर नृत्य आशा देवी एवं दल सोनभद्र, धरकहरी नृत्य रामधनी मड़कूड़ी एवं दल सोनभद्र व चकरी चरी भवई नृत्य तेजकरण एवं दल राजस्थान के कलाकारों द्वारा पेश किया जाएगा। इसी प्रकार से 24 मार्च मंगलवार को आल्हा गायन अंजलि सिंह एवं दल रायबरेली, रीना शैला नृत्य हास कुमार मरावी एवं दल डिंडौरी मध्यप्रदेश,गरद बाजा नृत्य सोनाराम एवं दल सोनभद्र, करमा नृत्य राम आधार एवं दल सोनभद्र, चकरी चरी भवई नृत्य तेजकरण एवं दल राजस्थान एवं गुदुम्बबाजा लिखीराम धुर्वे एवं दल मध्यप्रदेश के कलाकारों द्वारा पेश किया जाएगा। वहीं 25 मार्च बुधवार को आल्हा गायन फौजदार सिंह एवं दल जौनपुर, करमा नृत्य बनारसी एवं दल सोनभद्र, झिंझी/ होली नृत्य रजनीश एवं दल पीलीभीत, चंगेली नृत्य बूटी बाई एवं दल चित्रकूट एवं डोमकच्छ नृत्य महेंद्र एवं दल सोनभद्र के कलाकारों द्वारा पेश किया जाएगा। इसी के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। इस मौके पर उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के निदेशक सुदेश शर्मा, जिलाधिकारी सोनभद्र बीएन सिंह भी मौजूद रहेंगे। प्राचार्य डॉक्टर गोपाल सिंह ने अधिक से अधिक लोगों को कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया है।



## संक्षिप्त खबरें

### रोहिन नदी की साफ-सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश



**रतनपुर/ महराजगंज।** सोनौली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत श्यामकाट के प्रधान प्रतिनिधि वशिष्ठ कान्दू व ग्राम पंचायत अधिकारी पिंगला चौधरी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने रविवार को गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत रोहिन नदी की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। पंचायती राज विभाग के निर्देश पर नमामि गंगे योजना अन्तर्गत गंगा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत ग्राम पंचायत श्यामकाट के प्रधान प्रतिनिधि, सचिव व ग्रामीणों ने मिलकर पंचायत भवन से लेकर श्यामकाट पुल व रोहिन नदी की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि वशिष्ठ कान्दू, ग्राम पंचायत सचिव पिंगला चौधरी, रोजगार सेवक रामसकल यादव, पंचायत सहायक सुषमा यादव, ग्रामीण राजेंद्र मद्धेशिया, लालजी, रामलाल, रामनयन, उर्मिला, सुधा, इशरावती, पुष्पा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### पत्रकार की मां के निधन पर शोक सभा आयोजित



**टूण्डला-** नगर के पत्रकार जाविद अली की मां के निधन पर टूण्डला प्रेस क्लब ने शोक सभा आयोजित कर दिवंगत आत्मा की शांति को दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की गई और शोक संवेदना व्यक्त की गई। शोक संतृप्त परिवार को ईश्वर से धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की गई। शोक सभा में टूण्डला प्रेस क्लब के संस्थापक राजू उपाध्याय, अध्यक्ष सोमेंद्र पोनियां, विमल किशोर बॉबी, सचिव विवेक शर्मा, जाविद अली, योगेंद्र चौधरी, धीरज बघेल, संतोष शर्मा, उपेंद्र यादव, ताहिर सिद्दीकी, महेश ठैनुआ, देवेंद्र प्रताप सिंह, कपिल देव, राकेश गौतम, अनुज रावत आदि क्लब के पत्रकार उपस्थित रहे।

### हिंदू नव वर्ष पर दुर्गागंज में आरएसएस के पथ संचलन, दिखा उत्साह

**भदोही।** दुर्गागंज बाजार में हिंदू नव वर्ष के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने भाग लेकर अनुशासन और उत्साह का परिचय दिया। स्वयंसेवक निर्धारित वेशभूषा में कतारबद्ध होकर बाजार के प्रमुख मार्गों से गुजरे। इस दौरान देशभक्ति और सांस्कृतिक नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा, जिससे माहौल उत्साहपूर्ण बना रहा। स्थानीय लोगों ने भी जगह-जगह पथ संचलन का स्वागत किया। आयोजकों के अनुसार यह कार्यक्रम हिंदू नव वर्ष के स्वागत के साथ सामाजिक एकता और सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। इस अवसर पर अशोक सिंह, विंध्यवासिनी पांडे, नरेंद्र तिवारी, अंकित सिंह, पंकज पुनवासी, सुनील मिश्रा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं, पूरे कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे और आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

### दिनदहाड़े साइकिल चोरी, सीसीटीवी में कैद हुआ चोर

**गोपीगंज।** राजमार्ग स्थित मिर्जापुर तिराहे पर दिनदहाड़े साइकिल चोरी की घटना सामने आई है। थाना परिसर के राधेकृष्ण मंदिर के पुजारी महेंद्र पाठक, निवासी लालानगर, एक रेस्टोरेंट पर फलाहार लेने गए थे। इस दौरान उन्होंने अपनी साइकिल बाहर खड़ी कर दी। बताया जाता है कि जैसे ही पुजारी दुकान के अंदर गए, पहले से मौके की तलाश में खड़ा एक चोर साइकिल लेकर फरार हो गया। बाहर आने पर साइकिल गायब देख पुजारी के होश उड़ गए। काफी खोजबीन के बाद जब रेस्टोरेंट के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया, तो उसमें पीले रंग की पगड़ी पहने एक युवक साइकिल ले जाते हुए दिखाई दिया। घटना की लिखित सूचना थाने में दे दी गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में आए दिन बाइक और साइकिल चोरी की घटनाएं हो रही हैं, लेकिन पुलिस अब तक किसी मामले का खुलासा नहीं कर सकी है। गौरतलब है कि जिस स्थान से चोरी हुई, वहां होमगार्ड और ट्रैफिक पुलिस की नियमित ड्यूटी भी रहती है, इसके बावजूद चोर बेखौफ होकर वारदात को अंजाम दे रहे हैं।

# भाजपा की बी टीम है सपा- ओपी राजभर

**● ओपी राजभर बोले-रात को योगी को देते गुलदस्ता, कहते दिन में बोलने दीजिये रात को आपके साथ**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सुल्तानपुर।** प्रदेश सरकार के 'नव निर्माण के 9 वर्ष' पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को पंडित रामनरेश त्रिपाठी सभागार में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर शामिल हुए। उन्होंने मीडिया से बातचीत की। राजभर ने समाजवादी पार्टी (सपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा भाजपा की 'बी टीम' है। उन्होंने अखिलेश यादव के बंगाल चुनाव संबंधी बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सपा मध्य प्रदेश में भाजपा को जिताने गई थी। राजभर के अनुसार, सपा नेता दिन में भाजपा का विरोध करते हैं, लेकिन रात में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर कहते हैं कि 'दिन में बोलने दीजिए, रात को हम आपके साथ हैं' और उन्हें गुलदस्ता भेंट करते हैं।

मंत्री राजभर ने मथुरा में फरसा बाबा की मौत को लेकर विपक्ष के आरोपों को खारिज किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष का काम अफवाह फैलाना है। राजभर के मुताबिक, फरसा बाबा की मौत हत्या नहीं, बल्कि एक दुर्घटना थी, जिसमें पीछे से एक गाड़ी ने टक्कर मारी थी। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी (DM) और पुलिस अधीक्षक (SP) ने भी इस संबंध में बयान दिया है।

वाराणसी में गंगा पर इफ्तार पार्टी और गंगा में हड्डी डालने के मामले पर राजभर ने समाजवादी पार्टी सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि सपा के शासनकाल में पैसे पर काम होता था और तब गंगा पर रोजा इफ्तार कभी नहीं हुआ। राजभर ने इसे 'शरारती तत्वों' की हरकत बताया और कहा कि वर्तमान में कानून का राज है और कानून अपना काम कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि विरोध करने वालों को वोट की चिंता सता रही है, न कि नाव पर बिरयानी खाने की।

राहुल गांधी के डॉलर संबंधी बयान पर मंत्री राजभर ने कहा कि राहुल गांधी विदेश जाकर भारत को कटघरे में खड़ा करते हैं। उन्होंने राहुल गांधी पर चुनाव आयोग को भी पक्षपात का आरोप लगाकर कटघरे में खड़ा करने का आरोप लगाया। राजभर ने चुनौती देते हुए कहा कि अगर चुनाव आयोग गड़बड़ चुनाव करा रहा है, तो राहुल गांधी और अन्य विपक्षी नेता, जो ऐसे चुनाव जीते हैं, उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए।

## जल महोत्सव अभियान का शुभारंभ, जल संरक्षण का लिया संकल्प

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदैया/सुल्तानपुर।** विकास खण्ड भदैया के तेंरये ग्राम सभा में जल महोत्सव (ग्रामीण) अभियान का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जल संरक्षण का संकल्प लेते हुए 'हर घर जल' और जल जीवन मिशन के तहत जल महोत्सव दिवस एवं विश्व जल दिवस का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख राजेन्द्र वर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पेयजल स्वच्छता समिति के अध्यक्ष सियाराम प्रधान ने की। कार्यक्रम की शुरुआत में स्थानीय जल समिति के सदस्यों एवं अधिकारियों ने ब्लॉक प्रमुख का फूल-मालाओं से स्वागत किया। इस दौरान ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक अभियान को सफल बनाने का भरोसा जताया।

अधिकारियों ने जल जीवन मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत गांव में बिछाई गई पाइपलाइन और हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने की योजना की विस्तृत जानकारी दी। बताया गया कि ग्राम सभा के लगभग 650 घरों को इस योजना से लाभ मिलेगा। सहायक अभियंता एवं उनकी टीम ने ग्रामीणों को जल संरक्षण, पानी के रखरखाव और उसके दुरुपयोग को रोकने के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीणों द्वारा चार सूत्रीय जल संकल्प भी लिया गया, जिसमें जल व्यवस्था को अपनी संपत्ति मानकर उसकी देखभाल करना, पानी का अपव्यय रोकना, जल स्रोतों को स्वच्छ रखना तथा हर घर तक सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने में सहयोग देने का संकल्प शामिल रहा।

कार्यक्रम में जल जीवन निगम की कार्यदायी संस्था गायत्री रेमकी के प्रोजेक्ट मैनेजर अंकित उपाध्याय, आईएसए संस्था कृषि एवं शैक्षिक प्रबंध संस्थान के दिनेश त्रिपाठी सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा सहायक अभियंता प्रमोद कुमार, डीपीएमयू टीम से जिला समन्वयक शिव मूर्ति सिंह, सीबीटी सूरज सिंह, साइड इंजीनियर सुधांशु गर्ग, सीनियर इंजीनियर तारकेश्वर गुप्ता समेत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौके पर मौजूद रहे।

## 'संकल्प से सिद्धि' कार्यक्रम का पांचवां दिन, योजनाओं का हुआ लाभ वितरण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** 'संकल्प से सिद्धिः सुरक्षा-सुशासन-समृद्धि' थीम के तहत आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला के पांचवें दिन विकास भवन स्थित डीपीआरसी सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता जिला परियोजना अधिकारी आदित्य, डीसी मनरेगा राजाराम एवं अपर उप जिलाधिकारी शिवप्रकाश यादव ने संयुक्त रूप से की। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए, वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के पात्र लाभार्थियों को आवास की चाभियां सौंपकर सम्मानित किया गया। लाभार्थियों ने सरकार के प्रति आभार जताते हुए कहा कि अब उन्हें सुरक्षित आवास का सपना पूरा होने का अवसर मिला है। पशुपालन विभाग द्वारा राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत 'मैत्री प्रशिक्षण' के लिए चयनित युवाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, जिससे उन्हें पशुपालन आधारित रोजगार के अवसर मिल सकेंगे। अधिकारियों ने बताया कि इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। अधिकारियों ने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, रोजगार सृजन एवं ग्रामीण विकास पर प्रकाश डालते हुए लाभार्थियों से योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने और अन्य लोगों को भी जागरूक करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के कलाकारों ने गीतों के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर वातावरण को आकर्षक बनाया।

## स्वर्णकार संघ सुरियावां के मनोनीत अध्यक्ष हुवें मनोज वर्मा.....

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सुरियावां।** स्वर्णकार संघ की विशेष प्रादेशिक प्रवास एवं विशेष बैठक में वक्ताओं ने समाज को संगठित होने पर बल दिया। कार्यक्रम में कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सेठ ने स्वर्णकार संघ सुरियावा का चुनाव के बाद अध्यक्ष व महामंत्री पद की घोषणा करते हुए उन्हें माल्यार्पण कर स्वागत किया! समाज के लोगों ने मत का प्रयोग करके हुवें,मनोज वर्मा अध्यक्ष और महामंत्री संजय वर्मा जी चुना! सुरियावा स्थित सुरियावा कैफे × फैमली रेस्टोरेंट में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा संगठन की मजबूती उसके सदस्य होते हैं और संगठित रहने से समाज की अलग मजबूती और पहचान बनी रहती है इसके साथ ही सुख दुख में भी समाज साथ खड़ा दिखाई देता है।

और कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित श्री राकेश वर्मा ने कहा कि राजनीति में भी समाज के लोगों को बढ़चढकर भागीदारी करनी चाहिए जिसके लिए समाज के लोगों का संगठित होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि सरकार से उनकी तीन मांगे हैं जिसमें लूट,डकैती की बढ़ रही घटनाओं को देखते हुए स्वर्णकारों को शस्त्र लाइसेंस जारी किए जाएं। उत्तर प्रदेश में स्वर्णकार आयोग का गठन किया जाए, इसके साथ ही स्वर्णकार समाज को आरक्षण दिया जाए, कार्यक्रम का संचालन कर रहें श्री अनिल वर्मा ने समाज को एकता व संगठन को मजबूत करने पर अपना विचार रखा! कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहें स्वर्णकार संघ के जिलाध्यक्ष लोकेश सेठ ने कहा कि स्वर्णकार समाज के सोए हुए लोगों को जगाने का काम किया जायेगा समाज को संगठित करने के लिए डोर टू डोर जाकर लोगों को जोड़ा जाएगा। समाज के लोगों की एक पत्रिका बनाई जाएगी ताकि समाज के लोग एक दूसरे से जुड़े रहे। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष लोकेश सेठ, सरक्षक उमाशंकर वर्मा, माताप्रसाद वर्मा,विष्णु सेठ, श्यामसुन्दर वर्मा, उपाध्यक्ष दीपनारायण वर्मा मुन्ना, दिनेश सेठ बब्बू, राजेश वर्मा, मंत्री सतीश वर्मा सोनू, जिला मिडिया प्रभारी मनोज वर्मा, आशीष वर्मा, रामचंदर वर्मा, कपूरचन्द सेठ, और क्षेत्र के समस्त स्वर्णकार बंदु मौजूद रहे।




## साइकिल रैली से दिया स्वास्थ्य व पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**गोपीगंज भदोही** साइकिलिंग क्लब के तत्वावधान में रविवार को पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य जागरूकता के लिए विशाल साइकिल यात्रा निकाली गई। यात्रा का शुभारंभ बड़े चौराहे से चिकित्सक डॉ. एस.एस. यादव ने हरी झंडी दिखाकर किया। यह रैली नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए मेवड़ापुर पहुंची, जहां निदेशक शम्सुज्जमा अंसारी व डॉ. जुबैर अंसारी ने प्रतिभागियों का स्वागत किया। इस दौरान वक्ताओं ने स्वस्थ जीवन के लिए नियमित व्यायाम और साइकिल के उपयोग को जरूरी बताया तथा लोगों से योग व खेलकूद अपनाने की अपील की। रैली का समापन मेवड़ापुर चौक पर हुआ। बड़ी संख्या में युवाओं व नागरिकों ने इसमें भाग लेकर स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर बेचन सिंह, जय प्रकाश दुबे, मोहम्मद राफे, राम श्रृंगार चौधरी, बनारसी बिंद, प्रमोद मौर्या, राजीव जायसवाल, जिगर गुप्ता, रितिक कनौजिया, महेंद्र यादव, कमलेश कश्यप, सरफराज अहमद सहित कई लोग उपस्थित रहे।



## औराई पुलिस ने भूली-भटकी युवती को परिजनों से मिलाया




**भदोही।** मिशन शक्ति (फेज-5) के तहत औराई पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक भूली-भटकी युवती को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों को सौंप दिया। यह कार्य पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ। जानकारी के अनुसार प्रयागराज जनपद के थाना सरायइनायत क्षेत्र की 21 वर्षीय युवती परिजनों की डांट से नाराज होकर घर से निकल गई थी और रास्ता भटककर औराई-उगापुर मार्ग पर पहुंच गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर थाना औराई पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और युवती को सुरक्षित अपने संरक्षण में लेकर मिशन शक्ति केंद्र लाई। पूछताछ में युवती की पहचान होने के बाद उसके परिजनों से संपर्क कर उन्हें बुलाया गया। आवश्यक विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद युवती को सकुशल उनके सुपुर्द कर दिया गया।पुलिस की त्वरित कार्रवाई से परिजन बेहद संतुष्ट नजर आए और उन्होंने औराई पुलिस की सराहना की। इस सराहनीय कार्य से आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास और मजबूत हुआ है। इस कार्य में मिशन शक्ति केंद्र, थाना औराई की टीम- उपनिरीक्षक राजेंद्र पांडेय एवं महिला कांस्टेबल मनीषा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## मौसम खराब होने से ईदगाह के अलावा अन्य दस मस्जिदों में भी पढ़ी गयी ईद की नमाज

**● खुशी के साथ मनाया गया ईद का त्योहार।**

**बड़ी ही अकीदत और एहतराम के साथ पढ़ी गयी ईद-उल-फित्र की नमाज।**

**हाफिज मौलाना तजकीर आलम कासमी ने जहांगीराबाद ईदगाह में पढ़ाई ईद की नमाज़।**

**लोगों ने एक दूसरे के घर जाकर दीं त्यौहार की बधाइयां, और खायी सिवंइयां।**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बिसवां (सीतापुर)।** मौसम अत्यधिक खराब होने पर जहांगीराबाद स्थित ईदगाह पर शनिवार को पूर्व निर्धारित समय सुबह 8:30 बजे इमाम हाफिज मौलाना तजकीर आलम कासमी ने ईद की नमाज पढ़ाई। इसी के साथ मरकजी कमेटी के ऐलान पर सुबह 8:40 से लेकर 9:00 बजे के बीच अलग अलग समय पर कस्बे की अन्य लगभग दस मस्जिदों में भी ईद की नमाज अदा की गई। ईद का त्योहार बड़े ही अकीदत और एहतराम के साथ मनाया गया। इस मौके पर जहांगीराबाद सहित आसपास क्षेत्र के भारी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने जहांगीराबाद ईदगाह पहुंच कर नमाज अदा की जिनमें नौजवान, बुड्ढे और बच्चे शामिल थे। इसके बाद देर रात तक एक दूसरों के घरों में जाकर ईद-उल-फित्र पर्व की बधाइयां देने और सिवंइयों, मिठाइयों सहित अन्य पकवानों के खाने का क्रम चलता रहा। इस अवसर पर चौराहे पर मेला भी लगा जिसमें लोगों ने मिठाइयां खरीदीं और बच्चों ने झूले का आनन्द लिया। जहांगीराबाद सहित आसपास के पूरे क्षेत्र धामीसरांय, बसुदहा व कोठार आदि जगहों पर ईद का त्यौहार बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ शान्ति पूर्वक मनाया गया। इस मौके पर नायब तहसीलदार सुधीर कुमार श्रीवास्तव, ए0 डी0 ओ0 पंचायत राजेश कुमार श्रीवास्तव व क्षेत्रीय लेखपाल नीलेश कुमार यादव के अलावा सदरपुर थाना के अपराध निरीक्षक सुरेश कुमार यादव भारी पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे। इस बार चप्पे चप्पे पर पुलिस की नजर रही।

## ईद उल फितर की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

**● हमें सब्र और शुक्र के साथ अपनी जिंदगी बितानी चाहिएः- सैय्यद फुरकान हाशमी सज्जादा नशीन**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खैराबाद सीतापुर** रमजानुल मुबारक के रोजों के बाद आज पूरे देश में ईद उल फितर पूरे जोश और खरोश के साथ मनाई गई सभी मुसलमानों ने ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज अदा करके मुल्क में अमन शांति और आपस में भाईचारा बना रहे इसके लिए दुआ भी की खैराबाद की शाही ईदगाह में पेश इमाम डॉक्टर मुफ्ती इलियास अहमद कासमी ने रमजान और ईद की अहमियत बताई और भाईचारे की बात पर जोर देते हुए कहा कि हमारा कोई भी अमल यानी कार्य ऐसा न हो जिससे किसी को तकलीफ़ न पहुंचे,जबकि मतवल्ली इकराम हुसैन ने सभी का आभार व्यक्त किया इसी क्रम में दरगाह बड़े मखदूम साहब में सज्जादा नशीन शोएब मियां के सुपुत्र कारी हसन साकिब तय्यब उस्मानी ने नमाज अदा कराई जबकि सज्जादा नशीन शोएब मियां और हाफिज अरसलान हसनी सभी नमाजियों गले मिलकर मुबारकबाद देते नज़र आ रहे थे तथा आपस में मेल मोहब्बत बनी रहे इस बात पर भी ज़ोर दे रहे थे।जबकि दरगाह हाफिज असलम मियां में नमाज से पूर्व सज्जादा नशीन हाजी सैय्यद फुरकान वहीद हाशमी ने जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि ईद उल फितर को हम त्यौहार की तरह न मनाएं बल्कि इबादत के तौर पर मनाएं क्योंकि यह पूरे माह रमजान के रोजे रखने और उसका शुकराना यानी धन्यवाद के तौर पर दो रकात नमाज अदा की जाती है आज हमें प्रण करना चाहिए कि जिस प्रकार से रमजान के रोज़े रखें कुरान की तिलावत की और नमाज की पाबंदी की इसी तरह से हमें पूरे साल नमाज की पाबंदी और कुरान की तिलावत, अपने पड़ोसियों से हमदर्दी, और सिला रहमी से काम करनी होगी, परेशान लोगों की मदद करना यह भी एक इबादत है जैसे नमाज पढ़ना इबादत है इस तरह से गरीब परेशान बीमार और अनाथों की मदद करना भी इबादत की श्रेणी में आता है जकात जिन पर फर्ज है उसे अवश्य अदा करें और जो इसका हकदार है उसी को दी जाए जबकि नमाज से पहले सदका ए फितर अदा करना अनिवार्य है हमें चाहिए कि हम सब एक बन कर रहें और अपने माता-पिता अपने बड़ों का सम्मान करें अपने पड़ोसियों और देशवासियों से मोहब्बत करें। इस मौक़े पर दरगाह मुतवल्ली सैय्यद नवेद असलम हाशमी सलमी मियां, सैय्यद फरजान मियां सैय्यद फरहान मियां सैय्यद फरमान मियां हाशमी सभी नमाजियों से मिलकर मुबारकबाद पेश कर रहे थे दरगाह छोटे मखदूम साहब में हाफिज कारी मौलाना अब्दुल बाकी ने नमाज अदा कराई और सज्जादा नशीन सैय्यद मदनी मियां हाफ़िज़ सैय्यद गुफरान हसन रिज़वी सैय्यद कामरान हसन रिज़वी ने सभी को मुबारकबाद पेश की, पुरानी बाजार में स्थित हाजी सिफत उल्लाह जामा मस्जिद में हाफिज व कारी नसीर अहमद ने तथा दादा मियां की मस्जिद में हाफिज सैय्यद शारिक किरमानी ने नमाज अदा करवाई और मुल्क में अमन शांति की दुआ की इसी तरह पूरे कस्बे की मस्जिदों में शांतिपूर्ण ढंग से नमाज अदा की गई सभी मस्जिदों में और ईदगाह पर सुरक्षा की दृष्टि से समुचित पुलिस व्यवस्था रही तथा ईदगाह पर नगर पालिका अध्यक्ष की ओर से कैंप लगाकर लोगों को ठंडा पानी आदि की व्यवस्था की गई थी जिसके लिए पालिका अध्यक्ष और उनके प्रतिनिधि बेबी अभिषेक गुप्ता और बबलू गुप्ता को जनता ने बधाई दी। मुबारकबाद देने वालों में मुतवल्ली इकराम हुसैन, एस एच ओ अनिल सिंह, मौलाना मुफ्ती आफताब आलम नदवी, क़ारी इस्लाम अहमद आरफी,काजिम हुसैन सिद्दीकी, मुफ्ती बहाउद्दीन कासमी, पूर्व पालिका अध्यक्ष हाजी जलीस अंसारी, अतीक अहमद अंसारी, सैय्यद तालिब किरमानी, सैय्यद इंतेसाब किरमानी, सैय्यद जुगनू किरमानी, फरहान हुसैन आदि प्रमुख हैं।

## ईद पर घोसिया में उमड़ा खुशियों का सैलाब, नमाज़ अकीदत व सुरक्षा के बीच संपन्न



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**घोसिया, भदोही।** पवित्र पर्व ईद-उल-फितर के मौके पर घोसिया नगर में ईद की नमाज़ बड़े ही अकीदत, उल्लास और भाईचारे के माहौल में अदा की गई। नगर के विभिन्न स्थानों पर नमाजियों की भारी भीड़ देखने को मिली और चारों ओर खुशियों का माहौल छाया रहा।

घोसिया के वार्ड नंबर 6 स्थित ईदगाह में दो जमातों में नमाज़ अदा की गई। पहली जमात सुबह 7:45 बजे मौलाना तनवीरुद्दीन की इमामत में संपन्न हुई, जबकि दूसरी जमात सुबह 8:45 बजे जीशान अमजदी के नेतृत्व में अदा की गई। इसके अलावा मिश्रानी मस्जिद में सुबह 7:30 बजे और नहरा ईदगाह पर सुबह 7:45 बजे नमाजियों ने नमाज़ अदा की।

नमाज़ के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और देश में अमन-चैन, तरक्की व खुशहाली की दुआ मांगी। बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

ईदगाह और आसपास के इलाकों में मेले जैसा माहौल रहा, जहां मिठाई, पकौड़ी, चाट, फुलकी, पापड़ सहित विभिन्न खाद्य सामग्री की दुकानों पर भीड़ उमड़ी रही। वहीं बच्चों के लिए खिलौनों की दुकानों पर भी अच्छी-खासी खरीदारी देखने को मिली। इस मौके पर चेयरमैन बेबी एबरार, हाफिज सलाउद्दीन साहब, पूर्व चेयरमैन नुमान अहमद, रईस उस्मानी, नसीम अहमद सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

ईद के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। सभी नमाज़ स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था। अधिकारी लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे, जिसके चलते पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रही।

## सहजन तोड़ते समय हाईटेंशन की चपेट में आया छात्र, गंभीर रूप से झुलसा




**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के माधोपुर गांव में रविवार को एक दर्दनाक हादसा सामने आया,जहां पेड़ पर चढ़कर सैजन (सहजन) तोड़ रहा 15 वर्षीय छात्र हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया। हादसे में वह गंभीर रूप से झुलस गया, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। माधोपुर गांव निवासी भगवान दास बिन्द के यहां ननिहाल मे रह रहे आयुष (15) पुत्र बबलू, जो कक्षा 8 का छात्र है, गांव के एक स्कूल के पास लगे पेड़ पर सैजन तोड़ने के लिए चढ़ा था। इसी दौरान पेड़ के ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन के संपर्क में आ गया। करंट लगते ही वह बुरी तरह झुलस गया और नीचे गिर पड़ा। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उसे तुरंत पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सक ने वाराणसी ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है। वहीं ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि आबादी के बीच से गुजर रही हाईटेंशन लाइनों की सुरक्षा को लेकर विभाग लापरवाह बना हुआ है, जिससे इस तरह के हादसे लगातार हो रहे हैं। लोगों ने विद्युत विभाग से जर्जर और खतरनाक लाइनों को दुरुस्त कराने की मांग की है।